

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 हॉकी के दिग्गज श्रीजेश से संन्यास पर बोले पीएम मोदी टीम ...

ममता को मालीवाल का पत्र, 7 पॉइंट में उठाए रेप केस की .... 12



वर्ष : 12 | अंक : 126 | पटना, शनिवार, 17 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान में किया झंडोत्तोलन

# 12 लाख लोगों की नौकरी और 34 लाख को मिलेगा रोजगार : नीतीश

### बोलें-दो लाख सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन

प्रात : किरण





पटना। 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कई घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने 34 लाख रोजगार की बात कह दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2022 में हमने 10 लाख लोगों को नौकरी देने की बात कही थी। इसमें में अब तक पांच लाख 16 हजार नौकरियां दी जा चुकी है। अब अगले साल चुनाव से पहले बिहार सरकार 10 की जगह 12 लाख नौकरी देगी। इसी तरह हमने 10 लाख रोजगार की भी बात कही थी। पिछले चार साल में 24 लाख रोजगार दिया जा चुका है। अब और इसे बढ़ाकर 10 लाख देने का लक्ष्य रखा गया है। इस तरह हम चुनाव से पहले 34 लाख रोजगार देने जा रहे हैं।

**दो लाख शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन:** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लड़कियों की शिक्षा, पुलिस बल में महिलाओं की नियुक्ति, शिक्षकों की नियुक्ति पर भी चर्चा की। स्कूलों में पढ़ाई अच्छे ढंग से हो, इसके लिए निर्णय लिया गया कि राज्य में शिक्षकों की नियुक्ति सरकारी तरीके से हो। बीपीएससी के जरिए दो लाख 20 हजार शिक्षकों की नियुक्ति की गई। सक्षमता परीक्षा पास कर एक लाख 80 हजार शिक्षक सरकारी कर्मी बन गए। दो लाख सरकारी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है।

**लालू-तेजस्वी पर भी सीएम नीतीश ने बोला हमला:** इधर, लालू और तेजस्वी यादव पर हमला बोलते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि कुछ लोग नौकरी पर अपना क्रेडिट ले रहा है कि हमने नौकरियां दी है। हमने तो पहले ही घोषणा कर दी थी। बीच में उधर चले गए तो वह साथ आ गया।

हमने नौकरियां दी तो अब जनता के बीच घूम-घूमकर कुछ से कुछ बोल रहा है। पत्रकारों से अपील है कि 2005 से पहले क्या हालत थी? पहले क्या था? अब क्या किया गया है? उस पर भी लिखिए। लालू परिवार निशाना साधते हुए सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आज लोग कुछ से कुछ बोल रहा है। वह लोग कुछ किया है। केवल अपने परिवार को बढ़ाया। अपनी पत्न ी को मुख्यमंत्री बना दिया। बेटा, बेटी सबके लिए किया। लेकिन, हमलोगों ने अपने परिवार के लिए नहीं बिहार की जनता के लिए सबकुछ किया।

**पुलिस में बहाली :** मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हमें काम करने का मौका मिला तो पता चला कि बिहार में पुलिस बल की संख्या मात्र 42481 है, जो जरूरत के हिसाब से बहुत कम थी। उसी समय पुलिस की संख्या को बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए नए पदों का सृजन किया गया और पुलिस में बहाली की गई। अब पुलिस बल की संख्या बढ़कर 110000 हो गई है। हमने 2023 के पहले भी सुझाव दिया था कि हमारी जरूरत के हिसाब से पुलिस की संख्या को और बढ़ाई जाए।अब पदों की संख्या बढ़ाकर 227000 तय किया गया है। बहाली का काम शुरू है। इसी अगस्त महीने में पुलिस में 21000 पदों पर नियुक्ति के लिए परीक्षा हो रही है।

**शिक्षा पर विशेष ध्यान :** सीएम नीतीश ने नौकरी के साथ साथ शिक्षा व्यवस्था पर भी अपनी सरकार का फोकस बताया और कहा कि- आप लोग देख रहे हैं 2005 से कितना काम किया है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया है ।पहले स्कूलों की संख्या बहुत कम थी। शिक्षकों की काफी कमी थी। जिसके कारण स्कूलों में ठीक से पढ़ाई नहीं होती थी। गरीबों की वजह से लड़कियां भी पांचवी कक्षा के बाद पढ़ नहीं पाती थी।

## 78वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएम ने लाल किले पर फहराया तिरंगा

# सुधारों से ही बनेगा विकसित व मजबूत भारत : मोदी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। 78वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरूवार को लाल किले पर तिरंगा फहराया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने अपने भाषण में कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए देश में 25 से 30 लाख सुधार करने होंगे जिसके बाद आम नागरिकों की मुसीबतें कम होंगी और उन्हें नये भारत का अनुभव होगा। श्री मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए देशवासियों का आह्वान किया कि वे बदलाव के लिए आगे आयें। श्री मोदी ने कहा कि देश में सुधारों से देश का सामर्थ्य बढ़ता है। देश के हर नागरिक की भागीदारी से यह बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से 70 साल तक देश में नेतृत्व ने यथास्थिति बनाये रखने की प्रवृत्ति रखी। लेकिन देश के नौजवान बदलावों एवं सुधारों की प्रतीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा, जरा आजादी से पहले के वो दिन याद करें। सैकड़ों साल की गुलामी और उसका हर कालखंड संघर्ष का रहा। युवा हो, किसान हो, महिला हो या आदिवासी हों... वो गुलामी के खिलाफ जंग लड़ते रहे। इतिहास गवाह है, 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पूर्व भी हमारे देश के कई आदिवासी क्षेत्र थे, जहां आजादी की जंग लड़ी जा रही थी। वो एक समय था, जब लोग देश के लिए मर-मिटने के लिए प्रतिबद्ध थे और आजादी मिली थी। आज का समय, देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता का है। अगर देश के लिए मरने की प्रतिबद्धता आजादी दिला सकती है, तो देश के लिए जीने की प्रतिबद्धता समृद्ध भारत भी बना सकती है। प्रधानमंत्री ने कहा, विकसित भारत-2047 सिर्फ भाषण के शब्द नहीं हैं। इसके पीछे कठोर परिश्रम चल रहा है, देश के कोटि-कोटि जनों के सुझाव लिए जा रहे हैं और मुझे प्रसन्नता है कि मेरे देश के करोड़ों नागरिकों ने विकसित भारत-2047 के लिए अनगिनत सुझाव दिए हैं। मैं समझता हूं, जब देशवासियों की इतनी विशाल सोच हो, उनके इतने बड़े सपने हों, देशवासियों की बातों में जब संकल्प झलकते हों, तब हमारे भीतर एक नया दृढ़ संकल्प बन जाता है, हमारे मन में आत्मविश्वास नई ऊंचाई पर पहुंच जाता है।

# एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 और यात्री उपग्रह का किया सफल प्रक्षेपण

प्रात : किरण



श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)/ एजेंसी।। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने एक और सफल मिशन में शुक्रवार सुबह लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान का उपयोग करके नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-8 और एक यात्री उपग्रह का निर्धारित कक्षा में प्रक्षेपण किया।

देर रात 0247 बजे शुरू हुई 6.5 घंटे की छोटी और सफल उलटी गिनती के बाद एसएसएलवी-डी3 ने शार रेंज के पहले लांच पैड से निर्धारित समय 09:17 बजे अपनी तीसरी और अंतिम विकासात्मक शानदार उड़ान भरी। यह अपने साथ 175.5 किलोग्राम वजनी ईओएस-08 और एसआर-0 डेमोसैट को पेलोड लेकर गया है। उड़ान भरने के लगभग 17 मिनट बाद 120 टन लिफ्ट ऑफ मास वाले 34 मीटर लंबे एसएसएलवी-डी3 ने ईओएस-08 और स्पेस किड्ज इंडिया द्वारा विकसित 0.2 किलोग्राम वजनी एसआर-0 डेमोसैट को 475 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में भूमध्य रेखा पर 37.4 डिग्री के झुकाव के साथ सफलतापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया। यह मिशन प्रतिष्ठित प्रथम मानव अंतरिक्ष उड़ान गगनयान मिशन के लिए अधिक महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेगा और क्रू मॉड्यूल के व्यूपोर्ट पर पेलोड में से एक गामा विकिरण के लिए उच्च खुराक अलार्म सेंसर के रूप में काम करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### आईएमए ने डॉक्टरों की 24 घंटे की हड़ताल की घोषणा

नईदिल्ली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने पिछले सप्ताह कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या के विरोध में डॉक्टरों की ओर से शनिवार सुबह छह बजे से 24 घंटे की देशव्यापी सेवाएं बंद करने की घोषणा की गयी। आईएमए ने शुक्रवार को कहा कि सभी आवश्यक सेवाएं बहाल रखी जाएंगी और हताहतों की संख्या पर भी नजर रखी जाएगी। नियमित ओपीडी हालांकि बंद रहेंगी और वैकल्पिक सर्जरी भी नहीं की जाएंगी। आईएमए ने एक बयान में कहा, यह सेवा वापसी उन सभी क्षेत्रों से हुई है जहां आधुनिक चिकित्सा डॉक्टर सेवा प्रदान कर रहे हैं।

### विनेश फोगाट की तारीफ में पीएम मोदी ने कहा, आपने इतिहास रचा है

नईदिल्ली। जीवन में हार जीत तो चलती रहती हैं, लेकिन हार कर जीत जाना ही असली जीत है, ऐसा ही कुछ पेरिस ओलंपिक में महिला पहलवान विनेश फोगाट के साथ हुआ। बेशक वो मेडल से चूक गईं लेकिन उनकी तारीफ में कसीदे हर कोई पढ़ रहा है और इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम सबसे ऊपर है। पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने और ओलंपिक फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनने के लिए विनेश फोगाट की खूब प्रशंसा की। पेरिस ओलंपिक में भारत के खाते में कुल 6 मेडल आए (जिनमें 5 ब्रॉन्ज और 1 सिल्वर) है।

# पूर्व विधायक अनंत सिंह जेल से रिहा, समर्थकों ने किया भव्य स्वागत

प्रात : किरण



पटना। बिहार के मोकामा से पूर्व विधायक अनंत सिंह की शुक्रवार की सुबह जेल से रिहाई हो गई। अनंत सिंह की रिहाई के बाद उनके समर्थकों में जबरदस्त उत्साह है और पटना के बेऊर जेल से बाहर आने पर समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। बाहुबली अनंत सिंह की बेऊर जेल से सुबह पांच बजे की रिहाई की खबर सुनकर रात से ही उनके समर्थको की भीड़ पटना के बेऊर जेल के बाहर एकत्र होने लगी थी। इस दौरान उनके दोनों बेटों के साथ बड़ी संख्या में सैकड़ों समर्थक अनंत सिंह के स्वागत में जेल के बाहर खड़े रहे। जेल से बाहर निकलने पर अनंत सिंह ने मीडिया से कोई बात नहीं की लेकिन उनके चेहरे पर राहत साफ झलक रहा था। उनके परिजनों ने मीडिया से बातें करते हुए कहा कि लोगों में खुशी है। इससे बड़ी खुशी की बात क्या हो सकती है? लोगों में उत्साह है। न्यायालय पर भरोसा था। पटना उच्च न्यायालय द्वारा दो दिन पहले ही घर से एके 47 मिलने के मामले में (2015 का मामला) अनंत सिंह को बरी कर दिया गया था।

# जम्मू कश्मीर में तीन चरणों में और हरियाणा में एक चरण में विधानसभा चुनाव

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद पहले विधानसभा चुनाव तीन चरणों में 18 और 25 सितम्बर तथा एक अक्टूबर को होंगे जबकि हरियाणा में विधानसभा चुनाव एक चरण में एक अक्टूबर को होंगे और दोनों जगह मतगणना चार अक्टूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा डा सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में जम्मू कश्मीर के बहुप्रतिक्षीत चुनावों की तारीखों की घोषणा की। श्री कुमार ने बताया कि 90 सदस्यीय जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 24 सीटों के लिए अधिसूचना अमरनाथ जी यात्रा समाप्त होने के अगले दिन 20 अगस्त को जारी की जायेगी और नामांकन पत्र 27 अगस्त तक दायर किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 28 अगस्त को और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अगस्त होगी। उन्होंने बताया कि जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण में 26 सीटों के लिए चुनाव 25 सितम्बर को होगा जिसके लिए अधिसूचना 29 अगस्त को जारी की जायेगी। इस चरण में पांच सितम्बर तक नामांकन भरे जा सकेंगे, नामांकन पत्रों की जांच 6 सितम्बर को की जायेगी तथा नाम वापसी की अंतिम तिथि 9 सितम्बर होगी। तीसरे और अंतिम चरण में 40 सीटों पर मतदान एक अक्टूबर को होगा। इसके लिए अधिसूचना 5 सितम्बर को जारी की जायेगी और नामांकन 12 सितम्बर तक किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितम्बर को की जायेगी और नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 17 सितम्बर होगी। हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए एक ही चरण में एक अक्टूबर को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना पांच सितम्बर को जारी की जायेगी और नामांकन 12 सितम्बर तक किये जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 13 सितम्बर को की जायेगी और 16 सितम्बर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। श्री कुमार ने कहा कि दोनों राज्यों में मतगणना एक साथ चार अक्टूबर को होगी तथा छह अक्टूबर तक चुनावी प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर और हरियाणा में चुनाव को शराब, नशीली दवाओं और अन्य प्रलोभनों से मुक्त रखने के लिए राज्य तथा केन्द्र की प्रवर्तन एजेन्सियों को पूरी तरह चौकस रहने के लिए कहा गया है।

## मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक की, दिये दिशा-निर्देश

# क्षतिग्रस्त एवं निर्माणाधीन पथों का निर्माण कार्य तेजी से करें पूरा : नीतीश

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में ग्रामीण कार्य विभाग की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद राज्य में हमलोगों ने बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराया है। हमलोगों का उद्देश्य सिर्फ बेहतर सड़क और पुल-पुलियों का निर्माण कराना ही नहीं है बल्कि उसका अच्छे से मेंटेनेंस भी उतना ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पथों का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करें। विभाग के अभियंता पथों के निर्माण और मेंटेनेंस के लिए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करेंगे तो बेहतर सड़कों का निर्माण होगा और सड़कें मेंटेन भी रहेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर सड़क होने से लोगों का आवागमन आसान होता है। राज्य में सड़कें बेहतर हो, इसके लिये संसाधनों की जो भी आवश्यकता होगी उसे पूरा किया जायेगा। ग्रामीण कार्य विभाग बचे हुये टोलों के लिये भी पथों का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करायें ताकि उनकी सम्पर्कता सुलभ हो सके। ग्रामीण इलाकों में जिन पथों की नवीनीकरण, उन्नयनीकरण की आवश्यकता है उसका आकलन कर उस पर तेजी से काम करें। क्षतिग्रस्त पथों का पुनर्निर्माण कार्य भी तेजी से कराएं। मुख्यमंत्री ग्रामीण टोला संपर्क योजना तथा अन्य निमाणाधीन पथों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। ग्रामीण पथों पर पड़ने वाले आवश्यक छूटे हुये एवं क्षतिग्रस्त पुल के स्थान पर जहां नये पुल के निर्माण की आवश्यकता है, उसे पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजना की उपयोगिता को देखते हुये इसे फिर से शुरू करने का निर्देश दिया।

इससे पहले बैठक में ग्रामीण कार्य विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने ग्रामीण सड़कों और पुलों की योजनावार अद्यतन स्थिति के संबंध में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी। ग्रामीण विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि छूटे हुये बसावटों में सम्पर्कता प्रदान करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना एवं अन्य राज्य योजना, ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना, ग्रामीण पथों केनवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य आदि कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने वितीय वर्ष 2024-25 में विभागीय योजनाओं की भौतिक एवं वितीय स्थिति एवं आवश्यकता के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।




## संक्षिप्त खबरें

### सचखंडवासी मुख्य ग्रंथी भाई मान सिंह की बरसी पर अरदास व लंगर

पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के मुख्य ग्रंथी रहे भाई मान सिंह की बरसी प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब और सिख जागृति युवा मंच के द्वारा मनाया गया। इसके पूर्व पिछले दो दिनों से अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी ज्ञानी दिलीप सिंह की देखरेख में चल रहे श्री अखंड पाठ साहिब की समाप्ति हुई। इसके बाद अरदास किया गया। कीर्तन रागी जत्था अरविंद सिंह निर्गुण, भाई ज्ञान सिंह भाई कविंद्र सिंह भाई जोगिंदर सिंह ने पेश किया भाई मान सिंह की जीवनी पर कथा वाचक दलजीत सिंह ने प्रकाश डाला। आयोजन में तेजेंद्र सिंह बंटी, अजायब सिंह, दीपक सिंह, जसवंत सिंह खालसा, अवधेश सिंह, बलराम सिंह, दलजीत सिंह, महाकांत राय, पपिंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, मनजीत सिंह, मिथिलेश सिंह, दया सिंह, बाबू सिंह आदि सक्रिय थे। इसे लेकर दरबार साहिब में विशेष अरदास किया गया। इसके बाद गुरु का अटूट लंगर विशेष रूप से चला।

### 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जगजीवन स्टेडियम में झण्डोत्तोलन किया

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत मंडल रेल प्रबंधक,दानापुर के द्वारा खगौल के जगजीवन स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में झण्डोत्तोलन किया गया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक ने रेल सुरक्षा बल, स्काऊट एवं गाईड सहित रेलवे स्कूल के बच्चों द्वारा की गई परेड की सलामी ली।मंडल रेल प्रबंधक महोदय ने अपने संबोधन में विगत दिनों मंडल की उपलब्धियों का व्योरा प्रस्तुत किये प्रतिलिपि संलग्न इसके अलावा मंडल कार्यालय, संस्थानों एवं स्टेशनों में भी झण्डोत्तोलन किया गया है इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शालिनी चौधरी एवं मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्वतंत्रता के संदेश के प्रतीक के रूप में आसमान में गुब्बारे छोड़ें।ध्वजारोहण समारोह के दौरान मंडल कला समिति के सदस्यों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत कई रंगारंग कार्यक्रम तथा झांकी प्रस्तुत किये गये ।इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शालिनी चौधरी, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन आधार राज एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक इन्फ्रा अनुपम कुमार चंदन सहित सभी अधिकारी, महिला कल्याण संगठन की सदस्याएँ, रेलकर्मी,यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दानापुर मंडल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा शालिनी चौधरी द्वारा महिला कल्याण समिति द्वारा संचालित लिटिल ब्लॉसम स्कूल, दानापुर में झंडोत्तोलन किया गया।इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक, संगठन की सभी सदस्याएँ तथा शाखाधिकारी उपस्थित रहें।

### धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

फतुहा। शहर में गुरुवार को 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गया। पुलिस अनुमंडल कार्यालय में फतुहा डीएसपी निखिल कुमार, फतुहा प्रखंड मुख्यालय पर प्रभारी प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार, नगर परिषद कार्यालय में मुख्य पार्षद रूपा कुमारी, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में पुलिस इंसपेक्टर माया यादव, फतुहा थाना में थानाध्यक्ष रुपक कुमार अंबुज, रेल थाना में थानाध्यक्ष गनौरी दास, वाणी पुस्तकालय में संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार अरुण कुमार पाण्डेय, फतुहा हाईस्कूल में प्रभारी प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार, भाजपा कार्यालय में भाजपा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, डाक बंगला में जिला पार्षद सदस्य अमित कुमार (बबलू) ने झंडारोहण किया। वहीं जेठुली में बेथम एपीजे एकैडमी में डायरेक्टर विनय कुमार जायसवाल ने झंडोत्तोलन किया। वहीं स्कूल में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक नृत्य एवं नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों से तालियां बटोरीं। दूसरी ओर आदिलपुर स्थित बाल ज्ञान सहयोगी कॉन्वेंट में डायरेक्टर वीरेंद्र कुमार राय ने झंडोत्तोलन किया। सत्यार्थ इंटरनेशनल स्कूल में डायरेक्टर अजीत कुमार ने झंडोत्तोलन किया।

### ट्रेन से गिरकर एक की मौत

फतुहा। शुक्रवार को ग्रामीणों की सूचना पर फतुहा पुलिस ने जेठुली रेडियो स्टेशन के पास से एक 40 वर्षीय शख्स का शव बरामद किया है। मृतक के सिर पर चोट के निशान थे। प्रतीत होता है कि मृतक की मौत किसी ट्रेन से गिरकर हो गयी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया है। थानाध्यक्ष रुपक कुमार अम्बुज ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। वैसे मृतक के पास से भी कोई ऐसा वस्तु नहीं मिली है जिससे कि उसकी पहचान कराया जा सके।

# 300 प्रखंडो में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का गठन : प्रेम

## मंत्री बोलें-विभाग में खाली पदों पर शीघ्र होगी बहाली

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कहा है कि सरकार किसानों के हितों की दिशा में लगातार काम कर रही है। मंत्री ने शुक्रवार को सूचना भवन के सभागार में विभागीय उपलब्धियों को मीडिया से साझा किया। इस अवसर पर मंत्री ने कई घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि जल्द ही पटना के सूचना भवन समेत 15 जगह पर सस्ती सब्जियों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन योजना योजनान्तर्गत राज्य के 20 जिलों के 300 प्रखंडो में प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है, जिसमें 41,728 से सब्जी उत्पादक किसान सदस्य बन चुके हैं। पटना, तिरहुत एवं मिथिला सब्जी संघों द्वारा योजना के प्रारंभ (मार्च 2019) से अब तक 74,251 एमटी के सब्जी व्यवसाय से 130 करोड़ रुपए का टर्नओवर प्राप्त किया गया है। सहकारिता विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने एलान किया है कि राज्य के चयनित 190 पैक्सों में से 120 पैक्सों में जन औषधि केन्द्र की स्थापना की जाएगी। इसके लिए स्वीकृति प्रदान कर दी गई। वर्तमान में 18 पैक्सों को ड्रग लाइसेंस और 10 को स्टोर कोड तथा 08 पैक्सों में जन औषधि केन्द्र का संचालन प्रारंभ हो गया है। मंत्री प्रेम ने कहा कि सहकारिता विभाग में 133 निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति के लिए अधियाचना बिहार कर्मचारी चयन आयोगी से की गई है। जल्दी ही वैकेंसी निकलेगी। वहीं वर्ष 2023-24 में सहकारिता विभाग अंतर्गत 15 सहायक निबंधक, 4 जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, 231 अंकेक्षक, 62 कार्यालय परिचारी, 15 निम्नवर्गीय लिपिक की नियुक्ति की गई है। बिहार राज्य सहकारी बैंक एवं जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा विभिन्न संवर्ग में कुल 157 पदाधिकारियों, कर्मियों की नियुक्ति की गई है।

7056 गोदाम निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है :

मंत्री प्रेम कुमार ने कहा सहकारी समितियों में भंडारण क्षमता का सृजन राज्य के सहकारी समितियों में 7056 गोदाम निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है, जिससे 15.67 लाख एम.टी. भंडारण क्षमता का सृजन हो चुका है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2023-24 में 169 करोड़ की लागत से 325 गोदाम निर्माण का कार्य प्रगति में है। वर्ष 2024-25 में 205 गोदाम का चयन कर गोदाम निर्माण हेतु अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। इससे 2.36 लाख एमटी भंडारण क्षमता का सृजन हो सकेगा। मंत्री ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 83064 किसानों के बीच केसीसी ऋण मद में 247.92 करोड़ रुपए का केसीसी. ऋण निर्गत किया गया है था वहीं इस वित्तीय वर्ष में (2024-25) अबतक 11879 किसनों के बीच 40.36 करोड़ रुपए का केसीसी. ऋण निर्गत किया गया है।

राज्य खाद्य निगम को 19.52 लाख मे टन चावल की आपूर्ति की :

कृषि मंत्री मंत्री प्रेम कुमार ने कहा है कि खरीफ विपणन मौसम 2023-24 अन्तर्गत प्राप्त लक्ष्य 45.00 लाख मे.टन एऊ3 के विरूद्ध निर्धारित अवधि तक कुल 6.995 समितियों के माध्यम से 3.72 लाख किसानों से 30.79 लाख मे.टन धान की अधिप्राप्ति किया गया तथा किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य के रूप में 6.799 करोड़ रुपए उनके खाते में भुगतान किया जा चुका है। अधिप्राप्त धान के विरूद्ध राज्य खाद्य निगम को 19.52 लाख मे. टन (93.26 प्रतिशत) चावल की आपूर्ति की जा चुकी है। समितियों के आर्थिक सुदृढीकरण के उद्देश्य से प्रबंधकीय अनुदान मद में विगत वर्ष 141 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया, जबकि इस वर्ष अबतक 46 करोड़ की राशि का भुगतान किया जा चुका है।

# मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर झंडोत्तोलन किया



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को सुबह अपने सरकारी आवास 1 अणे मार्ग में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं संयुक्त टुकड़ी की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, अपर पुलिस महानिदेषक, विषेष शाखा सुनील कुमार सहित अन्य वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री श्री भारत माता मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारा का आयोजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। श्री श्री भारत माता मंदिर, लंगरटोली चौराहा के स्थापना दिवस पर मंदिर न्यास समिति की अध्यक्ष, समाजसेविका उषा दूबे एवं डॉ. सुनील कुमार दूबे ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर भंडारा का भी आयोजन किया गया था। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मंदिर न्यास समिति के अन्य आठ सदस्य भी मौजूद थे। पूजा-अर्चना के बाद डॉ. दूबे ने सबसे पहले प्रदेश एवं देशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी और कहा कि गत 25 वर्षों से वह और उनकी पत्नी उषा दूबे मंदिर के स्थापना दिवस पर 15 अगस्त को पूजा-अर्चना एवं भंडारा का कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। डॉ. दूबे ने आगे कहा कि 1926 में स्थापना के बावजूद इस मंदिर का बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद में पंजीकरण नहीं हुआ था, जिसे पहली बार उन्होंने कराया, जिसका पंजीयन संख्या 4777/24 है। गत 4 जुलाई को बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने उनकी पत्नी को न्यास समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया। इसके पूर्व सुबह 10 बजे लंगरटोली चौराहा पर मंदिर की ओर से डॉ. सुनील कुमार दूबे के नेतृत्व में झंडोतोलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें पीरबहोर एवं कदमकुंआ थाना प्रभारी एवं डॉ. दूबे ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में आसपास के सैंकड़ो लोग शामिल हुए।

# मोबाइल के चार हजार के विवाद में युवक की गोली मार की गई हत्या

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के पत्थर की मस्जिद के पास 15 अगस्त की शाम अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि शुरू में उसकी पहचान नहीं हो पाई, मगर बाद में मृतक की पहचान मो रागीब इमादी के रूप में की गई। पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मामले का उद्भेदन करते हुए घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सिटी एसपी भारत सोनी ने शुक्रवार को बताया कि सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के पत्थर की मस्जिद के समीप एक आर्म्स दुकान के पास गली में अपराधियों ने खाजेकलां थाना क्षेत्र के मोगलपुरा सूई की मस्जिद का रहने वाला रागीब एमादी पिता अख्तर हुसैन की हत्या हुई थी। पहले शव की पहचान नहीं हुई, मगर उसकी पहचान होने के बाद इस हत्याकांड की गुत्थी 24 घंटे के अंदर सुलझा ली गई। इस हत्याकांड में खाजेकलां थाना क्षेत्र के मृतक के ही मोहल्ले का रहने वाला मो कैश पिता मो एजाज और सहयोगी के रूप में विधि विरुद्ध बालक की गिरफ्तारी हुई है। इस हत्याकांड की प्राथमिकी मृतक के पिता अख्तर हुसैन के बयान पर दर्ज की गई है। गिरफ्तार ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि मो रागीब ने गिरफ्तार कैश से चार हजार में मोबाइल लिया था। इसके बाद वह राशि नहीं दे रहा था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसी को लेकर मुकेश ने राजीव को पत्थर की मस्जिद के पास बुलाया था। दरअसल सीसीटीवी फुटेज में गिरफ्तार अभियुक्त व नाबालिग फुटेज में रागीब के साथ दिख रहा है। वह सिगरेट पी रहा था। दोनों आपस में बातचीत किया है। फिर मोबाइल के रुपए को लेकर दोनों के बीच कहा-सुनी हुई। इसी बीच कैश में रागीब को सटा कर सिर में गोली मार दी और वहां से तेजी के साथ फरार हो गया। सिटी एसपी ने बताया कि हत्या किए जाने के बाद कैश हथियार को आलमगंज थाना क्षेत्र के मीना बाजार के पास फेंक दिया था। पुलिस हथियार को बरामद करने के लिए खोजबीन कर रही है। अभियुक्त को स्पीडी ट्रायल के तहत सजा दिलाए जाने की बात सिटी एसपी ने कही। वहीं नाबालिग को जेजे बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। सिटी एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम का गठन एएसपी शरथ आरएस के नेतृत्व में किया गया था। मृतक के पिता का कहना था कि बेटा रागीब भाई के साथ बाइक मैकेनिक का काम करता था। गुरुवार को अपराह्न करीब चार बजे अपनी मां रेहाना खातून को बताया कि वह सिटीकोर्ट के पास वाहन में तेल लेने के लिए जा रहा है। इसके बाद मां उसे लगातार उसके मोबाइल पर कॉल कर रही थी, मगर रिसीव नहीं हो पा रहा था। इसके बाद सुलतानगंज थाना की पुलिस से पता चला कि उसके बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। इसके बाद पिता और अन्य परिजन नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे, जहां उन्होंने अपने बेटे को मृत अवस्था में पाया।

# कारखाना का ताला व कुंडी काट किया चोरी, मामले में दो गिरफ्तार





पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मालसलामी थाना क्षेत्र के छोटी नगला के रहने वाले रमेश प्रसाद ने सूचना दी कि उनके आवासीय कारखाना में गेट का ताला और कुंडी काट कर चोरी कर ली गई है। इस संबंध में थाना में 13 अगस्त को कांड 375/24 दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि वादी के द्वारा लिखित दिया गया कि मकई के कारखाना से कारखाना के गेट का ताला और कुंडी काट कर उनके आवास सह कारखाना में लगे सीसीटीवी का डीवीआर, एक मोबाइल एवं एक चांदी का सिक्का की चोरी कर ली गई। इसके बाद पुलिस ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर थाना स्तर से टीम का गठन किया। आसूचना संकलन कर लगातार छापामारी करते हुए दो लोगों रिकाबगंज में चुनचुन साव के मकान में बतौर किराएदार रहने वाला राहुल कुमार पिता शंकर जायसवाल और आकाश कुमार उर्फ हुलरवा को पकड़ा गया। दोनों की निशानदेही पर रमेश प्रसाद के कारखाना से चोरी गए सामान एक डीवीआर, दो मोबाइल एवं एक चांदी का गणेश लक्ष्मी जी का सिक्का को बरामद कर लिया गया। घटना में शामिल अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार राहुल कुमार मालसलामी थाना में 20 फरवरी, 24 को कांड 78/24 में शामिल रहा है। वहीं आकाश कुमार उर्फ हुलरवा भी इस थाना में 27 जुलाई, 23 को कांड 523, 21 अगस्त को कांड 370/21 में नामजद है। इन सबों के पास से एक सीसीटीवी का डीवीआर, दो कीपैड मोबाइल व एक चांदी का गणेश लक्ष्मी जी का सिक्का बरामद हुआ है। छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह, परि पुअनि अखिलेश कुमार, प्रियंका कुमारी, अमित कुमार, अविनाश कुमार, गुड़िया कुमारी, सिपाही मनोर कुमार, संजीत कुमार, संतोष कुमार यादव व संतोष कुमार शामिल थे।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि के अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह बिहार के भूमि सुधार और राजस्व मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल ने पाटलिपुत्रा पार्क, पटना में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीवन भर राष्ट्र को समर्पित रहने वाले ऐसे महापुरुष के आदर्शों से प्रेरित होकर समाज के लिए कार्य करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि हिमालय की तरह मजबूत उच्च सोच और दृढ़ इच्छा शक्ति वाले अटल बिहारी वाजपेयी अमूल्य कार्यों के माध्यम से जो देश की सेवा कर गए, उनके योगदान को हर भारतीय सदैव याद रखेगा। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी जनसंघ से लेकर भाजपा तक छोटे से छोटे कार्यकताओं को साथ लेकर चलते थे। इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा का उन्होंने स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह मुख्यमंत्री जी का स्वगतयोग्य फैसला है। इसके अलावा प्रदेश अध्यक्ष डॉ जायसवाल प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में स्व. वाजपेयी जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एनएमसी के चिकित्सा शिक्षकों ने निकाला आक्रोश मार्च

पटना सिटी (प्राकि)। नालंदा मेडिकल कॉलेज के टीचर्स एसोसिएशन की विशेष बैठक कॉलेज परिसर में हुई। इसमें शिक्षक चिकित्सकों ने भाग लिया। बैठक में शिक्षक चिकित्सकों के द्वारा आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पीजी के सेकंड ईयर की ऑन ड्यूटी छात्र के साथ दुष्कर्म एवं हत्या की कड़े शब्दों में वर्चस्ना की गई। साथ ही मृतका की याद में दो मिनट का मौन रखा गया। शिक्षक चिकित्सकों ने आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टर को भी विश्वास दिलाया कि वह सब आंदोलन में आप सबों के साथ हैं, मगर उन लोगों से अपील की गई कि मानवता के आधार पर आपात सेवा को बाधित न करें। हम सभी सैद्धांतिक रूप से राष्ट्रीय आईएमए के निर्णय का समर्थन करते हैं। सभी शिक्षकों द्वारा इस घटना के विरुद्ध आक्रोश मार्च निकाला गया। यह भी निर्णय लिया गया कि इस घटनाक्रम पर पहली नजर रखी जाए। कॉलेज की प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी के द्वारा भी इस घटना की निंदा की गई एवं जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन से अपील की गई कि मानवता के आधार पर इमरजेंसी सेवा को बाधित नहीं करें। मार्च में डॉप्रो आर दास, अखौरी केपीएस, डॉप्रो मोतीलाल दास, डॉप्रो बिजॉय कुमार, डॉप्रो अजय कुमार सिन्हा, डॉप्रो पीडी वर्मा, डॉप्रो अमिता कुमारी, डॉप्रो सीपी जायसवाल, डॉप्रो राजीव रंजन सिन्हा, डॉप्रो अनीता कुमारी आदि शामिल थीं।

# सीएनएलयू में स्वतंत्रता दिवस समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (सीएनएलयू) ने भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस को बड़े उत्साह और देशभक्ति [illegible] कार्यक्रम सीएनएलयू की सांस्कृतिक समिति द्वारा उपकुलपति प्रोफेसर डॉ. फैजान मुस्तफा और कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. एसपी सिंह, संकाय संयोजक (सांस्कृतिक समिति), डॉ. प्रिया दर्शिनी , अन्य संकाय सदस्यों, डॉ कुमार गौरव, डॉ हृषीकेश मनु , श्रीमती पल्लवी शंकर, आदि की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम सुबह 8 बजे विश्वविद्यालय के उपकुलपति, प्रोफेसर डॉ. फैजान मुस्तफा द्वारा ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। इसके बाद उन्होंने एक प्रभावी और प्रभावशाली भाषण दिया, जिसमें उन्होंने स्वतंत्रता के सही अर्थ को समझाया। उन्होंने बिहार की स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि बिहार की भूमि और इसके लोग हमेशा से एक मजबूत बल रहे हैं। अंत में, उन्होंने हाल ही में एक भयानक और हिंसक घटना के संबंध में इस स्वतंत्र राष्ट्र की महिलाओं के प्रति व्यवहार के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। इसके बाद सांस्कृतिक समिति के संयोजक, डॉ. प्रिया दर्शिनी ने एक उद्घाटन भाषण दिया। इसके बाद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें भारत की विविधता और प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया। सीएनएलयू के छात्रों ने भारतीय विरासत के विभिन्न विषयों पर गीत और नृत्य प्रस्तुत किए, जो राष्ट्र और संस्कृति से संबंधित थे। कार्यक्रम की शुरूआत फलक नाज ने की। कार्यक्रम के एंकर प्रितिमा, ख्याति और अदीब थे। पहले भारत के अमर पारंपरिक नृत्य, भरतनाट्यम और कथक प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने शास्त्रीय भारतीय कला के सौंदर्य को जीवंत किया। आयुषी और संस्कृति द्वारा प्रस्तुत किया गया। इसके बाद देशभक्ति गीत गाए गए, जिन्हें गीतिका, रिया, मिथिलेश, आदित्य और अभिषेक ने अपनी मधुर आवाज में प्रस्तुत किया। इसके बाद एक नाटक प्रस्तुत किया गया, जो स्वतंत्रता की कहानियों को प्रदर्शित करता था, जिसमें भगत सिंह की वीरता और उनके द्वारा लाए गए इन्कलाब की लहर को दिखाया गया था इसके बाद नाटक आया, एक शक्तिशाली, प्रभावशाली और भावनात्मक प्रदर्शन, जो भगत सिंह की वीरता और उनके द्वारा लाए गए इन्कलाब की लहर को प्रदर्शित करता था। प्रतिभागियों में धनंजय, शैल्या, प्रनव, उत्सव, अनुपमा और अनामिका शामिल थे। इसके बाद काजरी नृत्य प्रदर्शन हुआ, जिसमें बिहार की सुंदर प्रतिभा को प्रदर्शित किया गया, जिसे नीरल, वेदिका और संस्कृति ने प्रस्तुत किया। अपनी संगीत कौशल के साथ, सीएनएलयू के छात्रों ने अपनी मधुर वाद्य प्रदर्शन का प्रदर्शन किया, कबीर ने मेलोडिका बजाया, तेजस ने वायलिन बजाया और दर्पण ने गिटार बजाया। उपस्थित सभी लोग छात्रों के प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक समिति की सदस्य और पांचवें वर्ष की छात्रा शिवालिका ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया, जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी गणमान्य व्यक्तियों, अतिथियों, प्रतिभागि प्रतिष्ठित संकाय को धन्यवाद दिया।

# एनएमसीएच में इमरजेंसी व ओपीडी पूरी तरह बाधित, इमरजेंसी में दो मौत

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




फेडरेशन ऑफ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के आह्वान पर जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन की एनएमसीएच इकाई की ओर से 15 अगस्त को अस्पताल और कॉलेज प्रशासन को नोटिस देकर एक बार फिर हड़ताल पर चले गए। इस बार जेडीए ने कार्य बहिष्कार के दौरान ओपीडी के साथ ही इमरजेंसी सेवा को भी प्रभावित किया है। सेंट्रल रजिस्ट्रेशन काउंटर शुक्रवार को खुला ही नहीं। जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अंकेश रंजन, डॉ आरुषि कुमार, डॉ अजीत कुमार और डॉ अतीश कौशल ने 15 अगस्त को पूर्वाह्न 11 बजे ही अस्पताल के अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह और कॉलेज के प्राचार्य डॉप्रो उषा कुमारी को लिखित में दे दिया कि वह सब कोलकाता में घटित घटना के बाद काम पर वापस लौट आए थे, मगर इसके बाद हजारों की भीड़ के द्वारा वहां अस्पताल में की गई तोड़फोड़, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व कर्मियों के साथ की गई मारपीट की घटना के बाद केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर इमरजेंसी और ओपीडी के साथ ही ऑपरेशन सेवा कार्य से वह सब अलग रहेंगे। दूसरी ओर राष्ट्रीय आईएमए के द्वारा भी 24 घंटे के हड़ताल की घोषणा की गई। इसका अनुपालन चिकित्सकों ने भी किया। इसमें शुक्रवार को सुबह 6 से लेकर शनिवार की सुबह 6 बजे तक चिकित्सीय कार्य से अलग रहने का आह्वान किया गया था। गुरुवार को जेडीए के लोगों ने इमरजेंसी के मेन गेट में ताला बंद कर दिया। एक भी मरीज का इलाज नहीं किया गया। स्थिति यह बनी कि प्रसव पीड़ित महिलाएं भी सेंटर आफ एक्सीलेंस में पहुंचीं, तो उन्हें भी लौटा दिया गया। दर्द से कराहती एक महिला ने तो शुक्रवार को अस्पताल परिसर के वाहन में ही बच्चे को जन्म दे दिया। शुक्रवार की सुबह से एनएमसीएच रोड के अस्पताल में प्रवेश करने वाले बड़े दरवाजा को बंद कर दिया गया था। इस दौरान किसी को भी अस्पताल परिसर में प्रवेश करने की इजाजत नहीं दी जा रही थी। एंबुलेंस से लेकर अन्य वाहनों या पैदल चिकित्सीय सलाह को पहुंचे मरीज को भी अंदर जाने नहीं दिया गया। यहां गार्ड से लेकर सिविल में रहे लोगों ने सबों को अंदर जाने से मना किया। बताया गया की हड़ताल के कारण इलाज बंद है। इस दौरान आपात सेवा गेट के पास डॉ स्वप्निल प्रकाश, डॉ अजीत कुमार यादव, डॉ विवेक कुमार, डॉ अभिषेक शर्मा, डॉ आदित्य राज, डॉ अमित कुमार, डॉ प्रतिमा कुमारी, डॉ श्रेया, डॉ हर्षिता, डॉ बबीता, डॉ अब्दुल रहमान, डॉ रिचा, डॉ राहुल शर्मा, डॉ मनीष बनर्जी, डॉ अभिषेक रॉय आदि धरना पर बैठे हुए थे। उन सबों का कहना था कि नौ अगस्त को कोलकाता के आरजीकर मेडिकल कॉलेज में घटित अपराध पर शोक और गुस्से का इजहार के बाद वे सब काम पर वापस लौट आए थे, मगर हजारों की संख्या में उत्पाती भीड़ ने उक्त अस्पताल में तोड़फोड़ कर चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व कर्मियों के साथ मारपीट किया। इस घटना के बाद देश के चिकित्सकों में खासा गुस्सा है। वही नालंदा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉप्रो उषा कुमारी ने जेडीए के छात्रों से अपील की है कि मरीज हित में आपात सेवा शुरू कर दी जाए। अधीक्षक डॉप्रो बिनोद कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल अस्पताल के इंडोर में 709 मरीज भर्ती हैं। आपात सेवा में पीओडी और एसओडी की संख्या बढ़ा कर दो-दो कर दी गई है। यह सही है कि मरीज का पलायन हो रहा है, मगर यह भी देखना चाहिए कि अगर डॉक्टर ही सुरक्षित नहीं रहेंगे, तो मरीजों का इलाज कैसे हो सकेगा। सेंट्रल इमरजेंसी में भर्ती करीब 45 साल का गोपाल प्रसाद पिता गौरीशंकर, जो बिहटा थाना क्षेत्र के परेब के रहने वाले थे, उन्होंने गुरुवार को दम तोड़ दिया। वहीं पटना सिटी के मारूफगंज के रहने वाले रामबाबू राय की भी इलाज के अभाव में शुक्रवार को इमरजेंसी में मौत हो गई।

# अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन बिहार चैप्टर द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्रात :किरण संवाददाता

पटना : अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ओल्ड बॉयज एसोसिएशन बिहार चैप्टर द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पटना फ्रेजर रोड कार्यालय प्रांगण में झंडोत्तोलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई जिसमें एसोसिएशन के पदाधिकारियों, सदस्यों और अन्य गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट नदीम सिराज ने शांति, अमन, एकता, प्रेम, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर जोर दिया और कहा कि ये तत्व हमारे राष्ट्रीय विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद मुशीर आलम ने भी स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अध्यक्ष नदीम सिराज एवं महासचिव मुहम्मद मुशीर आलम ने नवगठित कमेटी की भी घोषणा की। इस समिति में अधिवक्ता नसरुल्लाह खान को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संजय कुमार और अधिवक्ता मोहम्मद सुफियान को उपाध्यक्ष, डॉ. अरशद हक को कोषाध्यक्ष और पीयूष नंदन, अतीकुर रहमान और असमा खान को संयुक्त सचिव का पदभार दिया गया। इजाज हुसैन को शिक्षा कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में चुना गया जबकि इफ्त अंजुम को पत्रिका के संपादक के रूप में नियुक्त किया गया। इस कार्यक्रम में एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य परवेज, सज्जाद, इरफान अहमद सफदारी, अधिवक्ता उपस्थित थे। माजिद खान, अनवर हुसैन, एडवोकेट ज़िया अल हुदा, अशरफ साहब इंजीनियर जकी अहमद खान, जैनुल आबेदीन जावेद अख्तर और अन्य सभी लोग उपस्थित थे। सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। उन्होंने सभी को बधाई दी और एसोसिएशन को मजबूत और अधिक स्थिर बनाने के लिए अपना समर्थन देने का वादा किया।

# हर क्षेत्र में तरक्की और सभी के विकास के लिए कर रहे हैं काम : नीतीश

## लखनी बिगहा महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री

● मुख्यमंत्री की उपस्थिति में रामाशीष राम ने किया झंडोत्तोलन



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में महादलित टोला में झंडोतोलन करते हुये वयोवृद्ध रामाषीष राम



विभिन्न योजना के लाभार्थियों को लाभ प्रदान करते हुये मुख्यमंत्री

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में शामिल हुए। पटना जिला अंतर्गत दानापुर प्रखंड के लखनी बिगहा पंचायत स्थित लखनी बिगहा महादलित टोला में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में स्थानीय वयोवृद्ध रामाशीष राम ने मुख्यमंत्री की उपस्थिति में झंडोत्तोलन किया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को फूलों की बड़ी माला पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 2011 से राज्य के सभी महादलित टोलों में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर और वर्ष 2012 से गणतन्त्र दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इस कार्यक्रम में टोले के महादलित समुदाय के सबसे बुजुर्ग व्यक्ति के द्वारा झण्डा फहराया जाता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर स्थानीय लोगों को राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है।

**लखनी बिगहा में विकास के अनेकों काम हुए :**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लखनी बिगहा में विकास के अनेक काम कराये गए हैं और आपलोगों की जो भी मांगें थी उसे पूरा कराने के लिए हमलोगों ने तय कर दिया है। यहाँ 36 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर लिया गया है। लखनी बिगहा पंचायत में जीविका दीदियों के लिए 15 लाख रुपए की लागत से ग्राम संगठन भवन का निर्माण एवं 10 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र हेतु भवन निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहाँ के लोगों को जल-जमाव से निजात दिलाने हेतु 50 लाख रुपए की लागत से नाला निर्माण कराया जाएगा। हमारी कामना है कि समाज में आपसी सद्भाव और भाईचारा कायम रहे, बिहार प्रगति के पथ पर सदैव अग्रसर हो। बिहार को विकसित बनाने में आप सभी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। हमलोग हर क्षेत्र की तरक्की और सभी के विकास के लिए काम कर रहे हैं। हम सबकी इज्जत करते हैं। आज यहाँ रामाशीष राम ने झंडोत्तोलन किया है, इसे आप सब दिन याद रखिएगा। आप सब आपस में मिल-जुलकर रहिए। आज के इस पावन अवसर पर हम सब संकल्प लें कि बिहार को विकसित राज्य बनाने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे।

**विभिन्न योजना के लाभार्थियों को सीएम ने दिया सांकेतिक चेक :**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अंधापन निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत लाभुकों के बीच चश्मा वितरित किया। 37 सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभार्थियों को 17 लाख 1 हजार रुपए का सांकेतिक चेक, स्वरोजगार हेतु 121 जीविका स्वयं सहायता समूहों के लाभार्थियों को 1 करोड़ 1 लाख 65 हजार रुपए का सांकेतिक चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के तहत परिवार के कमाऊ सदस्य की हत्या के पश्चात उनके आश्रित को विकास मित्र के पद हेतु नियोजन पत्र तथा मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सात निश्चय योजना अंतर्गत आर्थिक हल, युवाओं को बल कार्यक्रम के तहत स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, कुशल युवा कार्यक्रम के लाभुकों को स्वीकृति पत्र, मुख्यमंत्री जन-आरोग्य योजना के तहत 6 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सहायता योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों को स्वीकृत राशि का सांकेतिक चेक वितरित किया।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर विधान पार्षद रवीन्द्र कुमार सिंह, पूर्व विधायक अरुण मांझी, पूर्व विधायक आशा सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एवं मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पुलिस महानिरीक्षक पटना प्रक्षेत्र गरिमा मल्लिक, जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति, वरीय पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में किया झंडोत्तोलन



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजभवन में राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया एवं परेड की सलामी ली। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बिहार के लिए अविस्मरणीय है अटल जी की देन : सम्राट



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा है कि अब से बिहार में उनकी पुण्यतिथि को भी राज्य सरकार राजकीय समारोह के रूप में मनाएगी। मुख्यमंत्री के इस निर्णय पर उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी ने उनको धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है। श्री चौधरी ने कहा कि इसके पहले से उनकी जयंती को तो राजकीय समारोह के तौर पर बिहार में मनाया जा रहा था, मगर अब उनकी पुण्यतिथि पर भी राजकीय समारोह के आयोजन के निर्णय से अटल जी के साथ ही बिहार का भी सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि अटल जी राजनीति के अजातशत्रु थे। सत्ता से लेकर विपक्ष तक कोई उनका निंदक नहीं था। अटल जी ने ही पहली बार राष्ट्रीय हित को सर्वोपरि रखते हुए सफलतापूर्वक गठबंधन की सरकार चला कर देश को एक नई राह दिखाई थी। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार हमेशा अटल जी के स्नेह का पात्र रहा था। बिहार का विकास उनकी सरकार की प्राथमिकता में सबसे ऊपर था। कोसी महासेतु, मुंगेर और दीघा-पहलेजा के बीच रेल सह सड़क पुल, ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर बिहार के लिए अटल जी की ऐसी देन है , जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# सभापति ने स्वतंत्रता दिवस पर शहीद वीर सपूतों को किया याद



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विधान परिषद् के प्रांगण में झंडा तोलन किया एवं समस्त देशवासियों एवं प्रदेशवासियों को 78वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं दीं हैं। इस शुभ अवसर पर सभापति ने देश के आजादी के महायज्ञ में शहीद वीर सपूतों को नमन किया एवं एक साथ मिलकर श्रेष्ठ भारत सर्वश्रेष्ठ भारत के निर्माण पर जोर दिया। उक्त झंडतोलन कार्यक्रम में विधानसभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, उप सभापति बिहार विधान परिषद् प्रो डॉ रामबचन राय मुख्य सचेतक सतारूढ दल संजय कुमार सिंह, बिहार विधान परिषद् के सदस्य वीरेंद्र नारायण यादव, हर्षवर्धन आजाद, कुमुद वर्मा, अनामिका सिंह, निवेदिता सिंह, कई पूर्व सदस्य, बिहार विधान परिषद् के सचिव अखिलेश कुमार झा और विधान परिषद् के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

# जदयू प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने किया झंडोत्तोलन



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनता दल यू प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस बेहद खास मौके पर देश की एकता, अखडंता, संप्रभुता और आपसी सौहार्द कायम रहने की हम कामना करते हैं। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव मनीष कुमार वर्मा, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह, पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, जनाब सलीम परवेज, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल हेगड़े, वीरेन्द्र सिंह दांगी, चंदन कुमार सिंह, सुनील कुमार सुशील, लोकप्रकाश सिंह, वासूदेव कुशवाहा, रणविजय कुमार, अनिल कुमार सिंह, प्रभात रंजन सिंह उर्फ दीपक सिंह, संतोष कुशवाहा, धीरज कुशवाहा, अरविन्द निषाद, अंजुम आरा, हेमराज राम, मनीष यादव, राहुल खण्डेलवाल, डॉ भारती मेहता, नीतीश पटेल, बीरेंद्र सिंह गोंड, मोनी सिंह, छोटू सिंह, दीनानाथ क्रांति, हुलेष मांझी, राहुल परमार, मालती सिंह, किरण रंजन, कल्याणी सिंह, विनीता स्टेफी, चंदन पटेल, नवीन आर्य चंद्रवंशी, नगमणि कुशवाहा सहित पार्टी के गणमान्य नेतागण एवं सैकडों कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

# सदाकत आश्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने तिरंगा फहराया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस पके अवसर पर बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने तिरंगे को सलामी दी। राष्ट्रध्वज को सलामी देने के बाद प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने उपस्थित कांग्रेसजन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी है और हमारे खून में देशभक्ति है। जबकि आज के दौर में ऐसे लोग देशभक्ति का प्रदर्शन कर रहे हैं जो आजादी के लड़ाई के समय अंग्रेजों के लिए मुखबिरी करते थे और आजादी के लड़ाई को ही झुठलाने का प्रयास करते रहें। आज तिरंगा यात्रा निकालने वाले लोगों से पूछना होगा कि देश की नवनिर्माण में जब आहुतियां दी जा रही थी तो वें कहां थे? इससे पूर्व सेवादल ने ध्वज गीत का गायन किया और तत्पश्चात सभी कांग्रेसजन ने राष्ट्र गान का गायन किया। कार्यक्रम में कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री डा शकील अहमद, विधान पार्षद डा समीर कुमार सिंह, विधायक प्रतिमा कुमारी दास, कोषाध्यक्ष निर्मलेन्द्र वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, वीणा शाही, नरेन्द्र कुमार, कौकब कादरी, श्याम सुन्दर सिंह धीरज, डा ज्योति, ब्रजेश प्रसाद मुनन, डा हरखू झा, लाल बाबू लाल, अमिता भूषण, अमित कुमार टुन्ना, मुन्ना शाही, बंटी चैधरी, आशुतोष शर्मा, कपिलदेव प्रसाद यादव, राज कुमार राजन, डा संजय यादव, चंद्रप्रकाश सिंह, शरवत जहां फातिमा, शशि रंजन, मृणाल अनामय, निधि पाण्डेय, सहित सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन शामिल रहें।

## अनंत सिंह का मामला न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का है : अशोक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी ने मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह की रिहाई पर उन्होंने कहा कि राजद को अगर हाईकोर्ट के फैसले से आपत्ति है तो उन्हें आगे अपील में जाने से कौन रोक रहा है। राजद के आरोपों पर श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने अनंत सिंह को दोषमुक्त नहीं किया है, यह मामला न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का है। मंत्री शुक्रवार को जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद मीडिया से मुखातिब हुए। मीडिया से जुड़े सवालों पर उन्होंने कहा कि वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी से हमारी मुलाकात का कोई राजनीतिक निहितार्थ नहीं है। निजी कारणों से उनके पिता के श्राद्धकर्म में मैं शामिल नहीं हो सका था इसलिए बीते दिनों हमनें उनसे मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। वहीं, कार्यक्रम में मंत्री सुमित कुमार सिंह ने कहा कि जमीनी विवाद के कारण ही ज्यादातर आपराधिक घटनाएं होती हैं। जमीन संबंधित विवाद को समाप्त करने के लिए जमीन सर्वे कराना बेहद आवश्यक है। साथ ही उन्होंने कहा कि जिनके पास बेनामी सम्पत्ति है केवल उन्हें ही जमीन सर्वे से परेशानी हो रही है।

# लोजपा आर कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी ने पार्टी के राज्य मुख्यालय पटना में देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर राजू तिवारी ने पार्टी के सभी नेताओं और कार्यकताओं समेत स्वतंत्रता दिवस पर सभी बिहारवासियों को बधाई दी। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि झंडोत्तोलन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सत्यानंद शर्मा, शाहनवाज अहमद कैफी, धनंजय मृणाल राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह, अनिल पासवान, संजय पासवान, अशरफ अंसारी, विष्णु पासवान, ललन पासवान, विभूति पासवान, अमर कुशवाहा, अभय सिंह, दिनेश पासवान सुरेंद्र विवेक वेद प्रकाश पांडे, संजय सिंह साहिल, परशुराम पासवान, शोभा सिंन्हा पासवान, प्रिंस पासवान, डॉ अजय कुमार, मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ओमप्रकाश भारती समेत सैकड़ो कार्यकर्ता एवं नेता मौजूद थे।

# बिहार श्रमजीवि पत्रकार यूनियन कार्यालय में हुआ झंडोत्तोलन



पटना। 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को बिहार श्रमजीवि पत्रकार यूनियन कार्यालय में यूनियन के संगठन प्रभारी सह कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने झंडोत्तोलन कर तिरंगे को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस बेहद खास मौके पर देश की एकता, अखडंता, संप्रभुता और आपसी सौहार्द कायम रहने की हम कामना करते हैं। इस मौके पर संगठन के महासचिव मुकुंद कुमार सिंह, सचिव रजनीश कुमार आर्य, कार्यकारिणी सदस्य आर एस जीत, कार्यलय सचिव देव प्रकाश, वरीष्ठ पत्रकार जय कुमार झा, राकेश दुबे, छायाकार रंजीत डे, संजय कुमार, बालकृष्ण, संजय कुमार, विशाल कुमार, सूनैना सिंह, अशोक कुमार सिन्हा, समाज सेवी अशोक कुमार, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम में हथुआ पाठशाला मंदिरी की छात्राओं ने देशभक्ति गीत गाकर लोगों की तालियां बटोरी।

# राजद के राज्य कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष ने किया झंडोत्तोलन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। झंडोत्तोलन के बाद झंडे को सलामी दी गई तथा राष्ट्रगान गाया गया। भारत माता की जयघोष, वन्दे मातरम तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अमर रहें का नारा लगाया गया। इस अवसर पर वीर शहीदों की कुबार्नी को याद किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, विधान परिषद के पूर्व सभापति डॉ रामचंद्र पुर्वे, राष्ट्रीय महासचिव जय प्रकाश नारायण यादव, श्याम रजक, विजय कृष्ण, बीनू यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, शिवचंद्र राम, विनोद कुमार, शोभा प्रकाश कुशवाहा, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, विधायक मो कामरान, मुन्नी रजक, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, डॉ उर्मिला ठाकुर, मृत्युंजय तिवारी, सारिका पासवान, प्रमोद कुमार सिन्हा, अरुण यादव, आरजू खान, आजाद गांधी, भाई दिनेश, उदय मांझी, निराला यादव, मदन शर्मा, भाई अरुण कुमार, खुर्शीद आलम सिद्दीकी, ई अशोक यादव, सतीश गुप्ता, निर्भय कुमार अंबेडकर, राजेश यादव, पीके चौधरी, जेम्स कुमार यादव चन्देश्वर प्रसाद सिंह सहित सैकड़ो नेताओं एवं कार्यकत्ताओं ने राष्ट्रीय तिरंगे को सलामी दी तथा राष्ट्रगान गाया।

# अनुवाद-साहित्य के उन्नायकों में से एक थे पं हंस कुमार




पटना। हिन्दी, संस्कृत और बांगला भाषाओं के उद्भट विद्वान पं हंस कुमार तिवारी अनुवाद-साहित्य के महान उन्नायकों में परिगणित होते हैं। इन्होंने बंगला साहित्य का हिन्दी में अनुवाद के साथ ही कई अनेक मौलिक साहित्य का सृजन कर हिन्दी का भंडार भरा। राष्ट्रभाषा परिषद, बिहार के मिदेशक के रूप में उनके कार्यों को आज भी स्मरण किया जाता है। वही चंपारण-सत्याग्रह के प्रथम-ध्वजवाहकों में से एक पीर मुहम्मद मूनिस हिन्दी-सेवा के लिए याद किए जाते हैं। सन 1910 में बिहार में आहूत हुए 10वें अखिल भारत वर्षीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन के प्रमुख संयोजक थे मूनिस जी। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के भी अध्यक्ष रहे। यह बातें गुरुवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित स्वतंत्रता-दिवस-सह- जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता-संग्राम में देश के साहित्यकारों की अग्रणी भूमिका रही। साहित्य-सम्मेलन भवन आंदोलन के केंद्र में रहा। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अवकाश प्राप्त अधिकारी और वरिष्ठ कवि बच्चा ठाकुर, अभिजीत कश्यप, ई आनन्द किशोर मिश्र तथा वायु-सेना के पूर्व अधिकारी संजय कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर, राष्ट्रभक्ति कवि-सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसका आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि दिनेश्वर लाल दिव्यांशु, डा प्रतिभा रानी, डा पूनम आनन्द, जय प्रकाश पुजारी, डा एम के मधु, सिद्धेश्वर आदि कवियों और कवयित्रियों ने अपने गीतों से अमरबलिदानियों को नमन किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने किया। इसके पूर्व सम्मेलन-प्रांगण में सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने राष्ट्रीय-ध्वज फहराया और उपस्थित साहित्याकारों ने राष्ट्र-गान के साथ ध्वज को नमन किया।

## राजद के शासनकाल को याद कर सिहर जाते हैं लोग : प्रभाकर

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने नेता प्रतिपक्ष पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि जंगल राज के युवराज कानून-व्यवस्था की शिक्षा न दें। राजद शासनकाल को याद कर लोग अभी भी सिहर जाते हैं। अपराधिक घटनाओं के रोज नये कीर्तिमान बनते थे। श्री मिश्र ने कहा कि एनडीए सरकार में प्रदेश की महिलाएं पूरी तरह सुरक्षित हैं और भयमुक्त माहौल में जीवनयापन कर रही हैं। महिला सशक्तीकरण का जो कार्य एनडीए के शासनकाल में हुआ हुआ, वह प्रदेश ही नहीं, पूरा देश जानता है और मानता है। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी बताएं कि शिल्पी-गौतम कांड किसके शासनकाल में हुआ था, और इस कांड का संदिग्ध आरोपी कौन था। श्री मिश्र ने कहा कि आज का माहौल क्या है, यह सभी लोग देख रहे हैं और महसूस कर रहे हैं। महिलाएं देर रात तक कहीं भी आ-जा सकतीं हैं।

# मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी श्रद्धांजलि

## राजकीय समारोह के रूप में मनयी जाएगी पुण्यतिथि



पटना । मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की। पटना। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि के अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पाटलिपुत्रा पार्क, पटना में स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्य तिथि को राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने की घोषणा की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, बिहार विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, जल संसाधन मंत्री सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ दिलीप कुमार जायसवाल, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सांसद रविशंकर प्रसाद, सांसद देवेश चन्द्र ठाकुर, विधायक प्रमोद कुमार, विधायक संजीव चौरसिया, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भी स्व अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन, बिहार गीत एवं देश भक्ति गीतों का गायन भी किया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद व राबड़ी देवी ने झंडे को दी सलामी

पटना। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास दस सर्कुलर रोड पर आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने झंडोतोलन कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, श्याम रजक, विजय प्रकाश यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, सारिका पासवान, प्रमोद कुमार सिन्हा, प्रदेश महासचिव बल्ली यादव, भाई अरुण कुमार, उदय मांझी, रेयाजुल हक राजू, जेम्स यादव सहित पार्टी के नेता पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

## सूबे में विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : तेजस्वी



पटना, प्रात : किरण संवाददाता

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कानून व्यवस्था को लेकर एक बार फिर राज्य पर निशाना साधा है। तेजस्वी ने कहा है कि बिहार में अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। अपराधी बेखौफ होकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं और उनके अंदर से पुलिस प्रसाशन का खौफ खत्म हो गया है। शुक्रवार को सोशल मीडिया के जरिए पोस्ट करते हुए राज्य के अंदर क्राइम ग्राफ पर सवाल उठाया है। तेजस्वी ने कहा है कि दरभंगा में 13 वर्षीय नाबालिग के साथ गैंगरेप, पुलिस ने एफआईआर करने में 4 दिन और फिर उसके बाद अल्ट्रासाउंड कराने में और 4 दिन लगाए। भाई बोला-प्राइवेट पार्ट में थी चोट और सूजन! मुजफ़्फ़रपुर में मं-बाप के सामने नाबालिग लड़की का अपहरण, सामूहिक दुष्कर्म करने के पश्चात हैवानों ने नाबालिग के ब्रेस्ट और प्राइवेट पार्ट को काटा, बाद में हत्या कर अर्धनग्न शव को पोखर में फेंका। मधुबन में 19 वर्षीय लड़की की घर में घुस कुल्हाड़ी से काट कर हत्या! वैशाली में 27 वर्षीय महिला की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या। इसके बाद भी कोई एक्शन नहीं हो रहा है। इसके आगे तेजस्वी ने कहा कि सत्ता संरक्षित अपराधी और बलात्कारियों का मनोबल किस कदर बढ़ा हुआ है यह उसकी 2-3 दिन की एक छोटी सी बानगी है। बिहार में सरकार का इकबाल खत्म हो गया है। प्रदेश में अपराधियों की बहार है। विधि व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। प्रशासनिक व्यवस्था पूर्णरुपेण चौपट है। चहुंओर लूट, अपराध और भ्रष्टाचार का बोलबाला है।

## जनआकांक्षाओं को पूरा करना नीतीश कुमार की प्राथमिकता : उमेश

पटना। प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने शुक्रवार को नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कुर्सी की महत्वाकांक्षा में व्याकुल होकर तेजस्वी यादव अनर्गल बयानबाजी कर रहे हैं। लोकसभा चुनाव में मिली करारी शिकस्त के सदमे से वे अब तक उबर नहीं पाए हैं। उनके तमाम बयानों में हार की बौखलाहट और बेचैनी स्पष्ट झलक रही है। श्री कुशवाहा ने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार पर किसी भी तरह का व्यक्तिगत आरोप लगाने से पहले तेजस्वी यादव को अपनी अंतरात्मा में झांक कर देखना चाहिए। पूरा देश यह जानता है कि निजी आकांक्षा की राजनीति लालू परिवार की पहचान है, जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्राथमिकता शुरू से ही जनआकांक्षाओं को पूरा करने की रही है और उन्होंने अपने 19 वर्षों के शासनकाल में इसको सिद्ध भी किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालू परिवार की पूरी राजनीति भ्रष्टाचार से शुरू होकर परिवारवाद तक सिमट जाती है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
सं.–ECR-SPJ0STRP(IREP)/72245628/S&T दिनांक–13.08.2024. भारत के राष्ट्रपति के ओर से वमंसाप्र(प्रषा.)/पूमरे/सम. ई–निविदा के लिए पात्र और अनुभवी एजेंसी या ठेकेदार के रूप में खुली ई–निविदा सं. 72245628 पर आमंत्रित करते हैं, विवरण निम्नानुसार है :–
**वस्तुओं का नाम :** बी.एच.एफ सेट 25 वाट एज पर अटैच्ड स्पेसिफिकेषन नं. RDSO/SPN/TC/107/2018. **मात्रा:** 45 न.।
सहायक सामग्री प्रबंधक (डीजल)/
पूमरे/समस्तीपुर
पीआर/00905/एसपीजे/भंडार/टी/24–25/20

# विरासत के साथ विकास की सोच से विकसित किये जा रहे कलाभवन

## हमारी सांस्कृतिक चेतना ने हमें राष्ट्र के रूप में सूत्रबद्ध किया : विजय

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार के उपमुख्यमंत्री सह कला, संस्कृति एवं युवा मामलों के मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लखीसराय जिला अवस्थित अशोक धाम में अटल कला-भवन का शिलान्यास किया। इस कार्यक्रम के अवसर पर श्री सिन्हा ने कहा कि हम अपने गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत की बहुरंगी छवि तो दुनिया के सामने प्रस्तुत करेंगे ही साथ ही कला-संस्कृति से जुड़ी प्रतिभाओं को उपयुक्त मंच उपलब्ध कराया जाएगा। इसी सोच के साथ हमने श्रद्धेय अटल जी की स्मृति-दिवस के अवसर पर इस शिलान्यास के जरिए राज्य के हर जिले में हम प्रेक्षागृह एवं कलाभवन विकसित करने की शुरूआत कर दी है। अटल जी जितने बड़े राजनेता थे उतने ही बड़े सांस्कृतिक नायक थे। वे हमारे प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी के भी राजनीतिक-सांस्कृतिक अभिभावक थे। उन्हीं के दौर में फिल्मों को उद्योग का दर्जा देकर भारत में सांस्कृतिक उद्यमशीलता को प्रोत्साहन देने की पहल हुई थी। आज उनके स्मृति-दिवस के मौके पर उन्हीं के नाम से बिहार में हम एक ऐसी ही नई शुरूआत की है। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि कला संस्कृति एवं युवा विभाग की अनुशंसा से राज्य के हर जिले में कलाभवन का विकास किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत आज अटल जी की पुण्यतिथि पर लखीसराय के अशोक धाम में 620 दर्शक क्षमता वाला कला भवन के शिलान्यास से कर दिया गया। कला-संस्कृति विभाग सभी जिलों में भूमि की पहचान कर फंड उपलब्ध कराएगा। इस कला भवन में परंपरागत एवं आधुनिक प्रदर्शन कलाओं तथा ऑडियो-विजुअल कलाओं के प्रस्तुतियों के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही यहां से जिले में सांस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

कार्यालय विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, सं0–3, पटना,
भवन निर्माण विभाग
बिहार सरकार
सूचना
इस कार्यालय के निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–11 वर्ष 2024–25 जिसका पी0 आ0 सं0–003991 (BCD) 2024–25, है को अपरिहार्य् कारणवश् रद्द किया जाता है। (ई0 बलवीर चन्द्र भारती)
विद्युत कार्यपालक अभियंता,
विद्युत कार्य प्रमंडल, सं0–3, पटना,
PR. No.006107 (BCD) 2024-25
उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।
नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में जिला प्रभारी मंत्री ने किया झंडोत्तोलन

**इस समारोह में जिले के सभी विधायक, पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित थे**

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर नेहरू स्टेडियम में आयोजित स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में मंत्री स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री दरभंगा जिला मंगल पाण्डेय के द्वारा झंडोत्तोलन किया।

मुख्य समारोह में राष्ट्रीय गान का आयोजन एवं बी.एम.पी के एक प्लाटून, डी.ए.पी के एक-एक प्लाटून, गृह रक्षा वाहिनी के एक प्लाटून, फायर ब्रिगेड के एक प्लाटून, एनसीसी एवं जूनियर के एक-एक प्लाटून एवं स्कॉट एंड गाईड के एक प्लाटून द्वारा राष्ट्रीय सलामी दी गई।

इस अवसर पर प्राअनि प्रिया राज, पुलिस केन्द्र, दरभंगा द्वारा परेड का समादेशन किया गया तथा द्वितीय समादेशन प्राअनि स्वाति चौधरी, पुलिस केन्द्र, दरभंगा द्वारा किया गया। परेड में बीएमपी, डीएपी, गृह रक्षा वाहिनी, फायर ब्रिगेड, एनसीसी एवं स्कॉट गाईड के एक-एक प्लाटून शामिल हुए, जिनके द्वारा क्रमशः नगर पुलिस अधीक्षक शुभम कुमार आर्य, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, जिलाधिकारी राजीव रौशन, पुलिस महानिरीक्षक, मिथिला प्रक्षेत्र दरभंगा बाबु राम एवं आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा मनीष कुमार को बारी बारी से सम्मान गार्ड दिया गया।

तत्पश्चात मंत्री द्वारा वरीय पुलिस अधीक्षक के साथ परेड का निरीक्षण गया। निरीक्षणोपरान्त मंत्री स्वास्थ्य एवं कृषि विभाग बिहार सरकार-सह-प्रभारी मंत्री दरभंगा जिला मंगल पाण्डेय अपने कर कमलों से झंडोत्तोलन किया गया।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद धर्मशिला गुप्ता, नगर विधायक संजय सरावगी, विधायक जाले जीवेश मिश्रा, विधायक बेनीपुर विनय कुमार चौधरी, विधायक केवटी मुरारी मोहन झा, विधायक हायाघाट रामचंद्र शाह, जिला परिषद अध्यक्षा सीता देवी, मंत्री हरि सहनी, नगर आयुक्त कुमार गौरव, ग्रामीण पुलिस अधीक्षक काव्या मिश्रा, उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार, अपर समाहर्त्ता-सह-अपर जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार दास आदि मंच पर उपस्थित थे।

मंत्री ने जिलावासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर दरभंगा के सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, माननीय जन प्रतिनिधिगण, पदाधिकारीगण, मीडिया के प्रतिनिधिगण, दरभंगा जिला के सम्मानित नागरिकगण, भाईयों, बहनों तथा प्यारे बच्चों। सर्वप्रथम मैं आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ, साथ ही आप सभी को देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देता हूँ।इस पावन अवसर पर हम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी, सभी स्वतंत्रता सेनानी एवं उन सभी वीर सपूतों का शत-शत नमन करते हैं, जिनकी कुबार्नी ने हमें स्वतंत्रता दिलायी। स्वतंत्रता संग्राम में मिथिलावासियों का योगदान भी उल्लेखनीय रहा है।

इस अवसर पर हमें यह बताते हुए हर्ष हो रहा है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं को दरभंगा जिले में शत-प्रतिशत सरजमीं पर उतारा जा रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर से बेहतर सेवा प्रदान की जा रही है। शत-प्रतिशत पूर्ण टीकाकरण के साथ ही कुपोषित बच्चों की संख्या शुन्य करने का प्रयास युद्ध स्तर पर जारी है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के क्षेत्र में जिले को प्रशंसनीय उपलब्धि प्राप्त हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### रुपा गैंगरेप व हत्याकांड के अभियुक्तों को शीघ्र गिरफ्तार करें : भाकपा

मुजफ्फरपुर। जिले के पारु थाना क्षेत्र के नया टोला निवासी नाबालिग लड़की रुपा कुमारी को विगत 11अगस्त की रात्रि में दरिंदों ने आग्नेयास्त्र से लैस होकर घर में घुसकर परिजनों के साथ मारपीट की तथा रुपा को अपहरण कर गैंगरेप किया गया तथा हत्या कर शव को गोपालपुर पोखर में फेंक दिया। इस जघन्य हत्या के पांच दिन बाद भी पुलिस हत्यारे की गिरफ्तारी में नाकाम रही है। पुलिस की निष्क्रियता से ग्रामीणों में काफी रोष है और कमजोर तबका के लोगों में दहशत कायम है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का प्रतिनिधिमंडल घटनास्थल का दौरा कर तथा ग्रामीणों से पूछताछ कर इस वीभत्स घटना की निन्दा करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल अंचल सचिव नईम अंसारी के नेतृत्व में घटनास्थल का दौरा कर घटना का तहकीकात किया। पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह, जिला सचिव रामकिशोर झा ने इस अमानवीय घटना की निंदा करते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक से हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी करने तथा स्पीडी ट्रायल चलाकर कठोर सजा देने की मांग की है।

### नगर थाना पर थानाध्यक्ष ने फहराया तिरंगा

समस्तीपुर, नगर थाना परिसर में थानाध्यक्ष पुनि आशुतोष कुमार के द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर भारत की आन-बान और शान का प्रतीक तिरंगे को सलामी दी। मौके पर एसआई मो. इकरार फारुखी, एसआई प्रताप कुमार सिंह, एसआई अर्चना कंचन, एसआई अमर कुमार व अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा मुफ्फसिल थाने पर थानाध्यक्ष पुनि पिंकी प्रसाद के द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान अपर थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, एएसआई मुकेश राय व थाने के अन्य पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार तथा क्षेत्र के गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे। वहीं 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ट्रैफिक थाना पर एसएचओ सुनील कांत के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इस दौरान थाने में पदास्थापित अन्य पुलिस पदाधिकारियों के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### गोपगुट कार्यालय पर हुआ ध्वजारोहण, ओपीएस व संविदागत कर्मियों को वेतनमान देने की मांग

समस्तीपुर, बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोपगुट), कार्यालय, सदर अस्पताल में जिला सचिव अजय कुमार के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मौके पर सदर अस्पताल के डीएस डॉ नागमणि राज, डॉ गिरीश कुमार, डॉ सैयद मेराज इमाम, डॉ विशाल कुमार, अनिल कुमार सिंह, पुरुषोत्तम कुमार, सच्चिदानंद, कंचन मिश्रा व चंदन कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे। इस दौरान जिला सचिव अजय कुमार ने पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू करने और संविदागत कर्मियों को मानदेय की जगह वेतनमान देने की मांग सरकार से पूरा कराने के लिए सभी को एकजुट होकर इसे संकल्पित होकर कार्य करने का आह्वान किया।

### भारतीय राजनीति में अजातशत्रु थे बाजपेई : सांसद

रभंगा।भारतीय राजनीति में अजातशत्रु थे अटल बिहारी बाजपेई। उनके व्यक्तित्व उनके राजनितिक जीवन देश के लिए दिए गए उनके योगदानों को शब्दों में बयां करना संभव नहीं है उनके व्यक्तित्व से आधुनिक कार्यकर्ताओ को प्रेरणा लेने की जरूरत है। पूर्व पीएम श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई की 6 वी पुण्यतिथि पर बिरौल अनुमंडल स्तरीय आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में दरभंगा सासंद तथा लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने बाजपेई जी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उपरोक्त बातें कही। हाटगाछी स्थित बिबाह भवन में मण्डल अध्यक्ष शिवकांत सहनी की अध्यक्षता में आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में सासंद डा ठाकुर ने बाजपेई जी के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए कहा की आज उनकी की 6 वी पुण्यतिथि है।

# सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों पर झंडोत्तोलन किया गया



प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर स्वतंत्रता दिवस के अवसर सरकारी ओर गैर सरकारी संस्थानों पर झंडा तोलन किया गया।इस अवसर पर प्रखंड मुख्यालय पर प्रखंड प्रमुख किरषणा देवी, डीएसपी कार्यालय पर डीएसपी टु विजय महतो, कलयाणपुर थाना पर प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विकास केशव चकमेहसी थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी, बीआरसी कार्यालय पर बीईओ राज कुमार यादव मनरेगा कार्यालय महेश भगत पंचायत समिति भवन पर उप प्रमुख दीपक कुमार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डा बीके ठाकुर ने किया। वहीं राजद कार्यालय पर प्रखंड अध्यक्ष पुर्व मुखिया सह राजद प्रखंड अध्यक्ष राम बाबू राय भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष डॉ तेज नारायण प्रसाद जदयू कार्यालय पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह तीरा पंचायत भवन पर मुखिया अर्चना कुमारी अंजना पंचायत भवन पर अनिता देवी गोपालपुर पंचायत भवन पर मुखिया राजेश कुमार अंजना पैक्स पर अध्यक्ष हिमांशु कुमार खजुरी पैक्स पर राम बली महतो ने झंडा तोलन किया। दरभंगा प्रक्षेत्र के आईजी ने कलयाणपुर थाना का अचोक किया निरीक्षण कलयाणपुर समस्तीपुर कल्याणपुर थाना परिसर में शुक्रवार को दरभंगा प्रक्षेत्र के मिथिला दरभंगा के आईजी बाबू राम ने कल्याणपुर थाने का औचक निरीक्षण किया। वहीं शुक्रवार को आईं जी का कल्याणपुर थाना परिसर में अचानक आते ही पुलिस हड़कंप मच गया। वहीं निरीक्षण के दौरान आईजी ने पत्रकारों को बताया कि मुख्यालय से मिले निर्देश का कितना अनुपालन कल्याणपुर पुलिस द्वारा किया जाता है। और कितना सुधार हो पाया है। इसका उन्होंने बारिकी से जानकारी प्राप्त किया। लंबित पड़े कई फाइलों को खंगाला तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं उन्होंने माल खाने में पड़ी गाड़ी को रिलीज करने की बात कहें।आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिए। जिस गाड़ी का मालिक का कोई आता पता नहीं चल सका।उस गाड़ी को आकसीन करने का निर्देश दिया। पुलिस पदाधिकारी वर्दी पहनकर उनके समक्ष पहुंचने लगे। वहीं उन्होंने एक-एक पदाधिकारी से बारी बारी से जानकारी लिए एवं कई कांडों पर छानबीन करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सदर डीएसपी 2 विजय महतो थाना अध्यक्ष प्रशिक्षु डीएसपी विकास केशव सदर इंस्पेक्टर शिव कुमार यादव इंस्पेक्टर अवधेश कुमार अपार थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा पीटीसी अजय कुमार पीएस आई संतोष कुमार एस आई वत्स राहुल कुमार हंश एस आई मनोज कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौके पर उपस्थित थे।

# दलित किशोरी की बलात्कार के बाद नृशंस हत्या के विरुद्ध प्रदर्शन




प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के पारु प्रखंड के लालूछपरा में एक 15 वर्षीय किशोरी की बलात्कार एवं नृशंस हत्या के खिलाफ बुधवार को एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) ने नगर में जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन पार्टी के मोतीझील स्थित जिला कार्यालय से निकल कर तिलक मैदान रोड, जवाहर लाल रोड होते हुए कल्याणी चौक पर पहुंचा। कल्याणी चौक पर लोगों को संबोधित करते हुए एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के जिला सचिव अर्जुन कुमार ने कहा कि 11 अगस्त की रात को अपराधियों ने एक 15 वर्षीय किशोरी की खुलेआम अपहरण कर लेता है। सूचना के बावजूद पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती है और उसके बाद उसका बलात्कार कर उसके विभिन्न अंगों को विभत्स तरीके से काट कर उसकी हत्या कर दी गई। 12 अगस्त को उसका क्षत विक्षत शव प्राप्त होता है। 13 अगस्त को पोस्ट मार्टम के बाद उसका शव आता है। तब तक अपराधियों पर कार्रवाई की बात तो दूर पुलिस प्राथमिकी तक दर्ज नहीं करती है। इससे सुशासन के पुलिस के चरित्र का पता चलता है।उन्होंने कहा कि किशोरियों एवं महिलाओं के साथ बलात्कार एवं हत्या की घटना बढती जा रही है।उन्होंने सरकार से बलात्कारियों एवं हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग किया। पार्टी के राज्य कमिटी सदस्य लालबाबू महतो ने कहा कि आज सभी पार्टियों के राजनेता चुनावी फायदे के लिए अपराधियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। अतः समाज में पुलिस - राजनेता - अपराधी गठजोड़ काम कर रहा है। इसलिए अपराधी बेखौफ होकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।मिडिया के विभिन्न माध्यमों द्वारा अश्लीलता-नग्नता परोसना भी इसके लिए जिम्मेवार है। उन्होंने आम जनता से इसके खिलाफ जोरदार आन्दोलन निर्मित करने का आह्वान किया। जुलूस में मुख्य रूप से पार्टी के जिला कमिटी सदस्य नरेश राम, लालबाबू राय, काशीनाथ सहनी,विपिन ठाकुर, अरविंद कुमार, आशुतोष कुमार, विजय कुमार, कालीकांत झा, संजीत मांझी, माधव भक्त,विपिन शाही रुपा कुमारी, सिंधु, नेहा, अनिल कुमार, शिव कुमार आदि शामिल थे।

# संस्कृत सप्ताह समारोह का हुआ उद्घाटन, 22 तक चलेगा कार्यक्रम



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।संस्कृत विश्वविद्यालय के दरबार हॉल में शुक्रवार को बड़े ही हर्षोल्लास से संस्कृत सप्ताह समारोह का उद्घाटन किया गया। म.अ.रमेश्वरलता संस्कृत महाविद्यालय, संस्कृत भारती एवं मां श्यामामंदिर न्यास समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह समारोह 22 अगस्त तक चलेगा। समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि संस्कृत को लोक भाषा बनाने की जरूरत है। उन्होंने इस अवसर पर सभी को संकल्पित होकर दैनिक जीवन में प्रतिदिन संस्कृत सम्भाषण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह कार्य सभी के संयुक्त प्रयास से ही सम्भव है। वहीं, मुख्यातिथि नालन्दा खुला विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व कुलपति प्रो.शिवाकांत झा ने मूल रूप से संस्कृत भाषा के स्वरुप एवं उसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। वहीं, प्रतिकुलपति प्रो0 सिद्धार्थ शंकर सिंह ने संस्कृत भाषा को जनोपयोगी बताया और इसके विस्तार व संवर्धन पर बल दिया। कहा कि संस्कृत है तो संस्कृति है।इस पर सभी को ध्यान देना चाहिए। उन्होंने इसकी उपयोगिता पर भी चर्चा की। विशिष्टातिथि केन्द्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर के व्याकरण विभाग के प्राचार्य प्रो० धनीन्द्र कुमार झा ने शास्त्रों में संस्कृत भाषा की महत्ता को रेखांकित करते हुए वर्तमान समय में इसकी उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा की। इसी तरह विशिष्टातिथि पद्मावती आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी के प्राचार्य डॉ० कमलेशझा ने संस्कृत भाषा को गौरवशाली भाषा बताते हुए इसके अध्ययन पर बल दिया। वहीं सारस्वतातिथि राष्ट्रिय-संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति के पूर्व कुलपति प्रो० राधाकान्त ठाकुर ने कहा कि संस्कृत को सरल मानते हुए इसका सम्भाषण करना चाहिए। इस भाषा को कभी भी हीन भावना से नहीं देखना चाहिए। डॉ यदुवीर स्वरूप शास्त्री के संचालन में उद्घाटित समारोह में आगत अतिथियों का स्वागत डीन डॉ.शिवलोचन झा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ वरुण झा ने किया। कार्यक्रम में डॉ दिनेश झा, डॉ.दयानाथ झा, डॉ.दिलीप कुमार झा, डॉ . घनश्याम मिश्र,डॉ.रामसेवक झा सहित सभी विभागाध्यक्ष तथा रमेश्वरलता के सभी प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया गया 78 वांस्वाधीनता दिवस समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले में 78 वां स्वाधीनता दिवस समारोह अत्यंत धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह शहीद खुदीराम बोस स्टेडियम में आयोजित था जहां उपमुख्यमंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री द्वारा झंडोत्तोलन किया गया । उन्होंने उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित किया । समारोह में जिले के तमाम अधिकारी और प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे ।आयुक्त कार्यालय ,जिलाधिकारी कार्यालय ,सहित अन्य सरकारी कार्यालयों में भी झंडोत्तोलन किया गया ।मुख्य समारोह स्थल पर झंडोत्तोलन के बाद महादलित टोलों में में भी झंडोत्तोलन कार्यक्रम में आयोजित किया गया था ।इसके बाद नगर भवन में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा साहित्यकारों एवं विभिन्न विधा के 23 कलाकारों एवं 3 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। नगर भवन में ही संध्या में स्कूली बच्चों का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें 11स्कूलों के छात्र -छात्राओं ने भाग लिया। इन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रखंडों मेके सरकारी ,गैर सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों में भी स्वतंत्रता दिवस परम्परागत हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बुनियादी विद्यालय पियर एवं उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विष्णुपुर मेहसी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया था ।बुनियादी विद्यालय ,पियर में छात्र -छात्राओं द्वारा परेड ,पीटी ,झांकी ,भाषण ,संगीत आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। कार्यक्रमों के प्रतिभागी छात्र - छात्राओं के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया। यहां प्रधानाध्यापक श्रीनारायण राय ने तिरंगा फहराया। पियर थाना में थानाध्यक्ष पंकज यादव , बीआरसी बंदरा में बीईओ प्रेमलता , रामपुर दयाल पंचायत भवन पर मुखिया ब्रजेश कुमार उर्फ मोना , सीएचसी बंदरा में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर नौशाद , गायघाट थाना में प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष पूजा कुमारी , गायघाट कपूर्री स्मृति भवन में विधायक निरंजन राय ने झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर स्थानीय पदाधिकारी एवं ग्रामीण काफी संख्या में उपस्थित थे।

# विश्वविद्यालयों सहित जिले के सभी संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। आज हम आजाद हैं, हमारा लोकतंत्र प्रौढ़ हो चुका है, किंतु इसके साथ हमारी जिम्मेदारियां बढ़ गई हैं। हमें अपने गौरवशाली अतीत का स्मरण करना चाहिए। पश्चिम के मानदंड और दृष्टिकोण से भारतवर्ष का सम्यक विकास संभव नहीं, इसीलिए हमें औपनिवेशिक मानसिकता का परित्याग करना होगा। उक्त बातें ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने संबोधन में कहीं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारी, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारीगण, एन सी सी, एन एस एस के कैडेट्स व वोलनटीयर एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे। विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ अजय कुमार पंडित ने कर्मचारी संघ कार्यालय एवं छात्र संघ कार्यालय में ध्वजोत्तोलन किया। कामेश्वर सिंह संस्कृत विवि ने कुलपति प्रो लक्ष्मी निवास पाण्डेय, आयुक्त कार्यालय में प्रमण्डलीय आयुक्त डॉ मनीष कुमार, जिला समाहरणालय में जिलाधिकारी राजीव रौशन, न्यायालय में सत्र न्यायाधीश बिनोद कुमार तिवारी, महात्मा गाँधी शिक्षण संस्थान, गाँधी विहार में प्रबंधक राजीव कुमार व वाजितपुर शाखा में प्राचार्य आलोक कांति दास, एमएलएसएम कॉलेज प्रधानाचार्य डॉ शंभू यादव, एमआरएम कॉलेज में प्रधानाचार्य डॉ श्यामचन्द्र गुप्ता, सी एम साइंस कॉलेज में प्रो दिलीप चौधरी, सी एम कॉलेज में डॉ मुस्ताक अहम्मद, महात्मा गाँधी कॉलेज में व आवासीय कार्यालय में विधायक संजय सरावगी, होलीमिशन स्कूल लहेरियसराय में रंजीत प्रसाद, केजीएन ग्रुप ऑफ नर्सिंग में डॉ तकवीम अख्तर, राधे राधे में अध्यक्ष अनूप शर्मा ने झंडा फहराया।बेनीपुर क्षेत्र में शान से फहराया गया झंडा बेनीपुर (दरभंगा) अनुमंडल कार्यालय पर एस.डी.ओ शंभूनाथ झा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय पर एस.डी.पी.ओ आशुतोष कुमार, प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद कुमार राय,बहेड़ा थाना पर एस.एच.ओ चंद्रकांत गौरी, कोर्ट में ए.डी.जे वन, भवानी हीरो एजेंसी पर प्रोपराइटर रमन कुमार ठाकुर , जीवन हॉस्पिटल बेनीपुर में निर्देशक डॉ. आर.के झा,भगवती इलेक्ट्रॉनिक आशापुर पर प्रोपराइटर आशीष गुप्ता,मकरमपुर के मुखिया नूतन चौधरी, तरौनी के मुखिया श्यामसुंदर साहू, ठाकुर होमियो सेवा सदन नवादा में निर्देशक डॉ. विवेकानंद ठाकुर ने राष्ट्रध्वज फहराया।



# राष्ट्रभक्ति ही सर्वोपरि होता है : संतोष दिवाकर

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।दरभंगा सेंट्रल स्कूल कृष्णा विहार वासुदेवपुर में आज 78 वें स्वतंत्रता दिवस श्रद्धा -भक्ति , एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व्यंग्यकार संतोष दिवाकर क दरभंगा एवं प्राचार्य ए के कश्यप ने संयुक्त रूप से राष्ट्रीय ध्वजारोहण कर सबके हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावना जगाई।इस अवसर पर मुख्य अतिथि संतोष दिवाकर ने कहा कि राष्ट्रभक्ति ही सर्वोपरि होता है। एवं प्राचार्य ने छात्र-छात्रा, शिक्षकों शिक्षकेत्तर कर्मियों, अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि-भारतीय सभ्यता संस्कृति अपनी विलक्षणता से विश्व का सिरमौर रहा है। देश के प्रति सेवा भावना एवं त्याग तपस्या ही हमारा परम धर्म होता है। मिथिला की पावन भूमि शक्ति स्थली के रूप में सुविख्यात है।कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं ध्वजारोहण के साथ किया गया।इस अवसर पर राज ऋषि आचार्य सुदर्शन जी महाराज एवं प्रबंधकीय न्यासी डॉ कुमार अरुणोदय ने अपना शुभकामना संदेश प्रेषित किया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान, देश -भक्ति गीत, भाव-नृत्य, नाटक-भगत सिंह की देशभक्ति, भाषण आदि कार्यक्रम से सभी को मंत्रमुग्ध किया।

# महिला विकास मंच की जिलाध्यक्षा दीपशिखा सिंह ने ध्वजारोहण कर मनाया स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी आजादी के 78वीं वर्षगांठ के पवित्र अवसर पर महिला विकास मंच, मधुबनी की जिलाध्यक्षा दीपशिखा सिंह ने जयनगर कार्यालय पर धावाजारोहण कर मनाया स्वतंत्रता दिवस। इस मौके पर राष्ट्रध्वज फहराने के बाद जिलाध्यक्षा सिंह ने वीर महापुरषों एवं देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर प्रहरियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया।साथ ही वहां उपस्थित सभी सज्जनों ने संकल्प लिया कि इतने संघर्षों के बाद भारत को मिली इस आजादी को हम सभी एकसाथ मिलकर हर्ष पूर्वक मनाएंगे और भविष्य में भारत को और उत्तम एवं विकसित राष्ट्र बनाएंगे। इस मौके पर महिला विकास मंच,मधुबनी जयनगर एवं रोटी बैंक, जयनगर के सभी अधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

# विभिन्न जगहों पर झंडोतोलन कर तिरंगे को सलामी दी गयी

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका प्रखंड के सभी सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व अन्य संस्थानों पर बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक 78वें स्वतंत्रता दिवस मनायी गयी।विभिन्न जगहों पर झंडोतोलन कर तिरंगे को सलामी दी गयी।प्रखंड मुख्यालय में प्रमुख जयंती देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी निरंजन कुमार अंचलाधिकारी अभय कुमार प्रमुख पति गोविंद मंडल साथ अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।स्वास्थ्य केंद्र में पीएचसी प्रभारी डा0 शंकर झा,रहिका थाना परिसर में थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार अपर थानाध्यक्ष संदीप कुमार सिंह एसआई रुचि कुमारी,एसआई श्याम चन्द्र झा,पीएसआई रूपक कुमार, पीएसआई रूबी कुमारी एएसआई मो मोइन,बसंत कुमार एव अन्य पुलिस पदाधिकारी,सभी चौकीदार के साथ अन्य सशस्त्र बल के द्वारा तिरंगे को दी सलामी, छात्र छात्राओं ग्राम वासियों ने झंडातोलन कर झंडे को सलामी दी। साथ गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि आदि लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर तिरंगे को सलामी दी।मध्य विद्यालय व उच्च विद्यालय रहिका,मलंगिया,कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रहिका के प्रधानाध्यापक,शिक्षकगण ने छात्र छात्राओं के साथ प्रभात फेरी निकाली गई और उसके बाद झंडातोलन कर राष्ट्रगान जन गण मन अधिनायक जय है भारत भाग्य विधाता के साथ तिरंगे को सलामी देते हुए देश के वीर सपूतों को याद किया गया। गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि आदि लोगों ने कार्यक्रम में शामिल होकर तिरंगे को सलामी दिए।

# आज से कल सुबह तक हड़ताल पर रहेंगे जिले के सभी एलोपैथी डॉक्टर, मरीजों की बढ़ेगी परेशानी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कोलकाता के डॉक्टर की हत्या और बलात्कार के विरोध में शनिवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया है। इस दौरान एमरजेंसी सेवाएं चालू रहेंगी, लेकिन ओपीडी सेवाएं पूरी तरह से बंद रहेगी। इस संबंध में आईएमए समस्तीपुर के अध्यक्ष डॉ जीसी कर्ण व सचिव डॉ एके अदित्या के द्वारा जारी एक प्रेस विग्यप्ति के माध्यम से बताया गया है कि आईएमए दिल्ली के द्वारा पश्चिम बंगाल में कोलकाता के आरजी कार मेडिकल कॉलेज में पीजी द्वितीय वर्ष की छात्रा की कार्यस्थल पर की गई दुष्कर्म एवं हत्या एवं उसके उपरांत साक्ष्य मिटाने को लेकर असामाजिक तत्वों द्वारा आरजी कार मेडिकल कॉलेज में किए गए भीषण तोड़फोड़ के विरोध में पूरे देश में एलोपैथी से संबंधित सभी चिकित्सक 17 अगस्त की सुबह छह बजे से 18 अगस्त की सुबह छह बजे तक रूटीन कार्य तथा ओपीडी, रूटीन शल्य क्रिया, लेबोरेटरी जांच इत्यादि कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करते हुए इसे बंद रखेंगे। आईएमए समस्तीपुर के द्वारा जिले के सभी चिकित्सकों से रूटीन कार्य का बहिष्कार करते हुए इस हड़ताल को सफल बनाने की अपील की गई है। इस आशय की जानकारी आईएमए के जिला मीडिया प्रभारी डॉ हेमंत कुमार सिंह के द्वारा दी गई।

# स्वतंत्रता दिवस पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर में हुआ ध्वजारोहण

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी आज 15 अगस्त 2024 को 48वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी ने जयनगर में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य ध्वजारोहण समारोह का आयोजन किया। इस विशेष अवसर पर सभी जवानों और अधिकारियों ने देशभक्ति और उत्साह के साथ भाग लिया।समारोह का शुभारंभ सुबह 09 बजे हुआ। 48वीं वाहिनी के गोविन्द सिंह भंडारी कमांडेंट ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी जवानों को राष्ट्रगान के साथ सलामी दी। इस अवसर पर गोविन्द सिंह भंडारी कमांडेंट ने अपने संबोधन में देश की स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी जवानों को देश की सुरक्षा और सेवा के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। मुख्य आकर्षण ,ध्वजारोहण,कमांडेंट द्वारा ध्वज फहराने की गरिमा और राष्ट्रगान का गान।,सलामी,सशस्त्र सीमा बल के जवानों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज को आकर्षक सलामी दी गई ।,सम्मान समारोह, उत्कृष्ट सेवा और बहादुरी के लिए जवानों को सम्मानित किया गयाह्वगोविन्द सिंह भंडारी कमांडेंट ने कहा स्वतंत्रता दिवस हमें उन वीर सैनिको की याद दिलाता है जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें आजादी दिलाई। हम सबका कर्तव्य है कि हम उनकी कुर्बानियो को न भूलें और देश की सेवा में सदैव तत्पर रहें।समारोह का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ और सभी उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने देश की सुरक्षा और अखंडता की शपथ ली।

# सदर अस्पताल में एक संकल्प 2.0 पहल: स्वास्थ्य नेतृत्व की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सदर अस्पताल समस्तीपुर और पिरामल स्कूल ऑफ लीडरशिप के सहयोग से ह्लएक संकल्प 2.0ह्व पहल का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत ध्वजारोहण से हुई, जिसका नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ. संजय चौधरी, अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. नागमणि ने किया। इस अवसर पर अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मचारी, जिनमें चतुर्थ श्रेणी से लेकर चिकित्सा अधिकारी तक शामिल थे व सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक वर्ष पहले 2023 में ह्लएक संकल्पह्व की शुरूआत की गई थी, जिसका उद्देश्य अस्पताल में सेवा, समर्पण और समुदाय के प्रति निष्ठा के साथ बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को प्रोत्साहित करना था। इस पहल के परिणाम स्वरूप कई लोगों ने अपने संकल्प पूरे किए और अस्पताल में सकारात्मक बदलाव लाए। अब, ह्लएक संकल्प 2.0ह्व के तहत, सभी ने यह संकल्प लिया कि आने वाले वर्ष में वे अपने संस्थान को उन्नति के नए स्तर पर पहुँचाएँगे और इसे बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों को प्रेरित करना और उन्हें नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए सशक्त बनाना था। ह्लएक संकल्प 2.0ह्व ने यह संदेश दिया कि हर सदस्य, चाहे उनका पद कुछ भी हो, टीम के रूप में काम करके स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा बदलाव ला सकता है। यह पहल स्वास्थ्य नेतृत्व के विकास का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनी, जिसमें हर कर्मचारी ने खुद को एक हेल्थ लीडर के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया।

# एएसपी ने आवास पर फहराया तिरंगा, दी सलामी

**समस्तीपुर**, 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर एएसपी सह सदर एसडीपीओ-1 संजय कुमार पाण्डेय ने अपने आवास पर ध्वजारोहण किया। मौके पर सदर एसडीओ दिलीप कुमार, नगर आयुक्त केडी प्रज्वल व कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। उपस्थित सभी ने देश की आजादी में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन किया।

## संक्षिप्त खबरें

### गिद्धौर प्रखंड कार्यालय का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

गिद्धौर ।प्रखंड मुख्यालय गिद्धौर का औचक निरीक्षण शुक्रवार को जिलाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान डीएम की गाड़ी देख कर्मियों एवं पदाधिकारियों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान डीएम राकेश कुमार ने आरटीपीएस काउंटर का निरीक्षण किया एवं कर्मियों को शख्त हिदायत देते आमजनों को आरटीपीएस से जुड़ी सेवाओं का अक्षरसः लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। इधर निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी को अपने जमीन से जुड़े समस्याओं से उन्होंने अवगत कराया ।इस दौरान गिद्धौर के पतसंडा निवासी गोपाल रावत,अरुण यादव सहित अन्य फरियादी द्वारा जमीन परिमार्जन को लेकर विगत छः माह से अंचल कार्यालय के कर्मियों एवं पदाधिकारियों द्वारा चक्कर लगवाने एवं कार्य निष्पादन नही किये जाने की डीएम से शिकायत की ।जिसपर जिलाधिकारी ने आम जनमानस के कार्यों को प्राथमिकता दे उनका अविलंब निदान करने का अधिकारियों को निर्देश दिया ।उन्होंने निरीक्षण के क्रम में कहा कि अगर बिचोलिया गिरी एवं दलालों की बात सामने आती है तो हमें सूचित करें संबंधित विभागीय कर्मी एवं अधिकारी पर कारवाई की जाएगी। इस मौके पर प्रखंड के कई अधिकारी मौजूद थे।

### महिला के साथ हुआ दुष्कर्म, प्राथमिकी हुई दर्ज

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के सर्किल नंबर एक बोड़वा क्षेत्र में एक दातुन बेचने वाली महिला के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। जिसको लेकर पीड़िता के ब्यान पर थाना में प्राथमिकी दर्ज कि गई है। दर्ज आवेदन में पीड़िता ने बताया कि वह क्षेत्र में दातुन बेचने के लिए जा रही थी कि तभी रास्तें में सुनसान जगह पर पागो तुरी ने अपनी बातों में फंसाकर झाड़ियों में जबरन ले जाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और किसी से कहे जाने पर अंजाम बूरा होने की धमकी दिया। इस संदर्भ में महिला के द्वारा दर्ज कराए गए आवेदन के आधार पर पुलिस नामजद के खिलाफ आगे की कार्रवाई करने में जुट चुकी है।

# लक्ष्मीपुर प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई /लक्ष्मीपुर प्रखंड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख बिन्दु देवी, लक्ष्मीपुर थाना में थानाध्यक्ष आलोक कुमार , मनरेगा कार्यालय में पीओ कौशलेंद्र कुमार, प्रखंड संसाधन केन्द्र लक्ष्मीपुर में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी तारकेश्वर मिश्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में अंचलाधिकारी रविकांत,बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ सरोज हांसदा, रेफरल अस्पताल लक्ष्मीपुर में चिकित्सा प्रभारी डा०धीरेन्द्र कुमार धुसिया और थाना परिसर में थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने निर्धारित समय पर झंडोत्तोलन किया। वहीं जनप्रतिनिधि भवन में जमुई वार्ड संघ के जिला अध्यक्ष मनोज सिंह ने हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन किया ।इसके पूर्व प्रखंड मुख्यालय में अवस्थित स्वतंत्रता सेनानियों और बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर लोगों ने नमन किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रेम प्रकाश के नेतृत्व में सीओ रविकांत, प्रखंड प्रमुख बिन्दु देवी, थानाध्यक्ष आलोक कुमार, चिकित्सा प्रभारी डा०धीरेन्द्र कुमार धुसिया, सीडीपीओ सरोज हांसदा,बीईओ तारकेश्वर मिश्र,बीएओ कपिल देव पासवान,बीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार,पीओ कौशलेंद्र कुमार,नजारी पैक्स अध्यक्ष श्याम सुंदर दास,ललन दास एवं अन्य ने माल्यार्पण कर नमन किया।

वहीं तमाम सरकारी माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक,मध्य एवं प्राथमिक विद्यालय में संबंधित विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक,बैंक शाखाओं में शाखा प्रबंधक द्वारा सौहार्दपूर्ण वातावरण में स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्राभिनंदन करते हुए झंडोतोलन कर विधिवत रूप से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। इसके अलावे भी अन्य कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। साथ ही देश की आजादी में महती भूमिका निभाने वाले वीर सपूतों को नमन कर उन्हें याद किया गया। वही इस मौके पर प्रखंड प्रमुख बिन्दु देवी,बीडीओ प्रेम प्रकाश अंचलाधिकारी रविकांत, थानाध्यक्ष आलोक कुमार,पीओ कौशलेंद्र कुमार,बीपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, सीडीपीओ सरोज हांसदा, चिकित्सा प्रभारी डा०धीरेन्द्र कुमार धुसिया, जदयू अध्यक्ष करुणा देवी, पूर्व अध्यक्ष पवन रंजन ,पुर्व प्रखंड प्रमुख कामदेव यादव, एवं सभी कार्यालयों के कर्मचारीगण, सम्मानित जनप्रतिनिधिगण सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## 19 अगस्त को मनाया जायेगा रक्षाबंधन : पंडित अनिल मिश्रा



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/चकाई भाई बहन का पवित्र त्यौहार रक्षा बंधन श्रावन पूर्णिमा को मनाया जाता है जिसे राखी पूर्णिमा भी कहा जाता है ।जो इस वर्ष आगामी 19अगस्त दिन सोमवार को मनाया जायगा, लेकिन पूर्णिमा के सूर्योदय काल से हीं भद्रा की साया रहेगी जो अपराहन 1 बजकर 33मिनट तक रहेगी। भद्रा काल मे रक्षा बंधन करना निषेध एवं अशुभ पल देने वाला माना गया है। इसलिये अपराहन एक बजकर तेतिस मिनट के बाद हीं रक्षा बंधन करना श्रेष्कर है।

उक्त बाते हेठचकाई निवासी पंडित अनिल मिश्रा ने बतायी। श्री मिश्रा ने बताया की शास्त्रों के अनुसार भद्रा काल मे कोई शुभ कार्य करने को बर्जित बताया गया है।। इस संबध में ऐसी मान्यता है कि भद्रा शनि देव की बहन है और इसे ब्रह्मा जी के द्वारा श्राप मिला है की भद्राकाल में जो भी शुभ एवं मांगलिक कार्य करेगा वो अशुभ एवं बिनाश कारी होगा ।इस संबध में मुहूर्त चिंतामनी में लिखा गया है की स्वर्गे भद्रा शुभम कुर्यात, पातालेश्च *धनागमः, मृतलोके स्थिता भद्रा सर्व *कार्य विनाशिनी।* अर्थात भद्रा जब स्वर्गलोक में निवास करती है तो शुभ फल देने वाली, पाताल लोक में निवास करने के समय धन संचय कराती है लेकिन मृतलोक मे निवास करते समय अशुभ फल देने वाली बताया गया है। इसलिये पूर्णिमा के दिन अपराहन वेला के बाद हीं रक्षा बंधन करना श्रेष्कर है।

## गिद्धौर प्रखंड में धूमधाम से मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर /जमुई गिद्धौर प्रखंड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यालय में प्रखंड प्रमुख प्रमुख पंकज कुमार,गिद्धौर थाना में थानाध्यक्ष रीता कुमारी,कुमार सुरेंद्र सिंह स्टेडियम में जदयू नेता शैलेन्द्र कुमार,गिद्धौर सेंट्रल स्कूल में अमर सिंह,सत्य साई पब्लिक स्कूल में संतोष केशरी,विनोबा भावे पब्लिक स्कूल में विश्वास कुमार,ग्रेट बुद्धा इंटरनेशलन स्कूल में संतोष सिंह,जदयू कार्यालय में विवेका सिंह द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। वहीं पतसंडा पंचायत भवन में मुखिया ललीता कुमारी,सेवा पंचायत में मुखिया रामाशीष साह,मौरा में धनराज यादव,गंगरा में अंजनी सिंह, रतनपुर में भोला यादव,पूर्वी गुगुलडीह में सुनीता देवी सहित संबंधित वार्ड में वार्ड सदस्यों द्वारा ग्रामीण बुद्धिजीवीयों एवं समाजसेवियों की देखरेख में झंडोतोलन किया गया ।वहीं तमाम सरकारी माध्यमिक,उच्चतर माध्यमिक,मध्य एवं प्राथमिक विद्यालय में संबंधित विद्यालय प्रभारी प्रधानाध्यापक,बैंकों शाखाओं में शाखा प्रबंधक द्वारा आजादी स्वतंत्राता दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में झंडोतोलन कर विधिवत रूप से मनाया गया। इसके अलावे भी अन्य कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन कार्यक्रम आयोजित कर स्वतंत्रता दिवस सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। साथ ही देश की आजादी में महती भूमिका निभाने वाले वीर सपूतों को नमन कर उन्हें याद किया गया। वही इस मौके पर बीडिओं सुनील कुमार,अंचलाधिकारी आरती भूषण पीओं विपिन कुमार,बीपीआरओ अपराजिता,पुर्व प्ररवंड प्रमुख श्रवण यादव,संतोष रजक,दुःखन यादव,सुनील राम,ठकुरी मांझी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## चार सूत्री मांगों को लेकर 22 अगस्त को भाकपा माले के बैनर तले किया जाएगा प्रदर्शन- मनोज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/चकाई भाकपा माले प्रखंड इकाई चकाई की ओर से अंचल कार्यालय के समक्ष चकाई की जनता के विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 22 अगस्त को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। उपरोक्त बातें भाकपा माले के प्रखंड सचिव मनोज पांडेय ने विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने जारी विज्ञप्ति में लिखा है कि 1-सभी गरीबों जैसे मनरेगा मजदूर,बीडी मजदूर,विद्यालय रसोईया,निर्माण मजदूर,खेत मजदूर एवं तमाम बीपीएल कार्ड धारकों का आय प्रमाणपत्र 72000( बहत्तर हजार ) से नीचे बनाना होगा 2-अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार जैसे दाखिल-खारिज में मनमानी एवं भूमि संबंधी मामले में राजस्व कर्मचारी के मनमानी पर रोक 3-बिहार उद्यमी योजना के तहत तमाम गरीबों को रोजगार के लिए बिहार सरकार द्वारा घोषित दो लाख रुपए को तत्काल प्रभाव से लागू करने 4- चकाई प्रखंड के बीडीओ एवं सीओ चकाई सरकारी आवास छोड़कर देवघर में आशियाना बनाने के विरुद्ध प्रदर्शन किया जायेगा।

## आन बान और शान से लहराया तिरंगा

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/चकाई चकाई प्रखंड के प्रत्येक गांवों में स्थित विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, पंचायत मुख्यालयों, कार्यालयों तथा स्वास्थ्य उपकेन्द्रों के अलावा स्वयंसेवी संस्थाओं एवं अन्य कार्यालयों में उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। प्रखंड के विद्यालयों में भी शिक्षकों एवं बच्चों के साथ-साथ ग्रामीणों ने भी झंडोत्तोलन किया तथा बच्चों के बीच टाफियां बांटी गयी ।प्रातः चकाई की मुख्य सड़क पर स्कूली बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली।

इस अवसर पर विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं ने अपने अपने कार्यक्रमों से संबंधित झांकियां प्रदर्शित की। कस्तुरवा विद्यालय के बैंड की धुन के साथ चकाई पुलिस की सशस्त्र वाहिनी की अगुआइ में एनसीसी, स्काउट एण्ड गाइड्स व विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भव्य परेड का प्रदर्शन किया।

इससे पहले प्रखंड कार्यालय में प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, अंचल कार्यालय में सीओ राजकिशोर साह, निबंधन कार्यालय में रजिस्टार नवलेश कुमार रजक, बीआरसी व शिक्षक संघ में बीईओ शमसुल होदा, चकाई थाना परिसर में थानाध्यक्ष राकेश कुमार, चंद्रमंडीह थाना परिसर में थाना थानाध्यक्ष सुबोध यादव, भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष सूरजमल , जदयू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष बिंदेश्वरी वर्मा, कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रखंड अध्यक्ष मनोज उपाध्याय, फाल्गुनी प्रसाद महाविद्यालय में पूर्व विधायक सावित्री देवी, रेफरल अस्पताल में प्रभारी डा. सुधांशु कुमार ने ज्ण्डोत्तोलन किया। इसके अलावा संत जोसेब स्कूल,बट्स पैराडाइज व अन्य सभी विद्यालयों में उनके प्रधानाध्यापकों तथा संस्थाओं में उनके प्रमुखों ने झंडोत्तोलन किए।

## प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ 78 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और आन बान शान से राष्ट्रीय ध्वज फहराया




प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/ई० अलीगंजः-इस्लामनगर अलीगंज प्रखंड में 78 वां स्वतंत्रता दिवस गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय एवं थाना में पूरे धूमधाम से मनाया गया। वहीं प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख रीना कुमारी, चन्द्रदीप थाना में थानाध्यक्ष राजेंद्र साह, किसान भवन अलीगंज में कृषि पदाधिकारी संजय कुमार ,बाल विकास परियोजना कार्यालय में सुपरवाइजर प्रीति सिंह, बीआरसी में बीईओ हरीश चंद्र सिंह,अलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी साजिद हुसैन, तहसील कचहरी में सीओ रंजन कुमार दिवाकर,अलीगंज ग्राम कचहरी में सरपंच राधा देवी,अलीगंज पंचायत भवन मुखिया गायत्री देवी,अलीगंज वार्ड नंबर 12 में वार्ड सदस्य नरसिंह महतो,अलीगंज नमन विद्या पब्लिक स्कूल में वेदप्रकाश, विवेकानंद विद्यापीठ कंसेप्ट स्कूल में मोहित कुमार, फोनिक्स वर्ल्ड स्कूल में डॉक्टर एस कुमार, डीएम एम सी कोचिंग सेंटर में राहुल कुमार, मिजार्गंज राठोर एलेमंट्री स्कूल में प्रियांशु राठोर,आनंद विद्या निकेतन में आनंद लाल पाठक,संत सरस्वती स्कूल मिर्जगंज में अशोक कुमार,लोजपा कार्यालय में बखोरी पासवान, जदयू कार्यालय में शीतल मेहता, अलीगंज प्लस टू हाईस्कूल अलीगंज में प्रभारी प्रधानाध्यापक भुनेश्वर प्रसाद यादव, हाईस्कूल सोनखार में सतीश कुमार , प्लस टू हाईस्कूल कैयार मे साकेत कुमार, एम आर पूरी हाई स्कूल ताजपुर राणा राजीव कुमार, आढा हाई स्कूल में प्रभारी उदय शंकर कुमार, पल्सा खुर्द मदरसा में कारी इम्तियाज साहब,कोदवरिया पंचायत में मुखिया गीता सम्राट, कैथा पंचायत में मुखिया देवनंदन यादव, आढा पंचायत में मुखिया हेना कौसर, कोल्हाना पंचायत में मुखिया सत्यम कुमार,सहोडा पंचायत में मुखिया रेखा देवी,दीननगर पंचायत भवन में मुखिया जनार्दन यादव,अब्गिला पंचायत सरकार भवन में मुखिया कोमल कुमारी, इस्लामनगर पंचायत सरकार भवन मे मुखिया दिलीप रावत,दरखा पंचायत भवन में मुखिया निर्मला देवी,मिजार्गंज पंचायत भवन में मुखिया मथुरा मांझी,अलीगंज अल्फलाह मुस्लिम कमिटी मदरसा में मोहम्मद दिलसाद,वहीं के अलावा सभी सरकारी एवं गैर सरकारी कार्यालयों में शान से ध्वजारोहण किया गया। वहीं अलीगंज बाजार में कई स्कूल द्वारा प्रभात फेरी एवं भव्य झांकी निकली गई एवं कई स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया।

## स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सोनो प्रखंड में झंडोत्तोलन कार्यक्रम हर्षोल्लास पुर्वक सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता



सोनो जमुई : आजादी के अमृत महोत्सव के पावन पर्व पर अपने महान राष्ट्र की समृद्धि ओर एकता की रक्षा करने का संकल्प लेते हुए जमुई जिले के सोनो प्रखंड क्षेत्रों में 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह पुर्वक एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सोनो थाना परिसर में थानाध्यक्ष दीनानाथ सिंह एवं बटिया थाना परिसर में थानाध्यक्ष नितु कुमारी के द्वारा हर्षोल्लास पुर्वक झंडोत्तोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । झंडोत्तोलन कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थाना के जवानों ने परैड कर लहलहाते तिरंगे को सलामी दी । तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत कर देश के लिए अपने जान न्योछावर करने वाले बीर जवानों को याद करते हुए अमर रहे का नारा बुलंद किया गया । नव स्थापित बटिया थाना परिसर में पहली बार स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद समाज सेवियों और ग्रामीण जनों को प्रसाद वितरण किया गया । इसी प्रकार बिड़ी मजदूर संघ के प्रमुख कार्यालय बटिया मे झामुमो नेता सह झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ओंकारनाथ बरनवाल , सरकारी भवन बटिया में लोजपा राम विलास के युवा नेता दिलीप कुमार पासवान , दहियारी मोड़ स्थित होटल के प्रांगण मे पुर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार पासवान , सरस्वती शिशु विधा मंदिर बटिया में विद्यालय सचिव यमुना प्रसाद यादव , पंचायत भवन ढोंढरी में मुखिया राम ठाकुर , पंचायत भवन डुमरी में लखन कियारी पंचायत के मुखिया सौनी देवी , गंदर पंचायत के महुगांय गाँव स्थित पंचायत भवन में मुखिया अनीता देवी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडोत्तोलन कर लहलहाते तिरंगे को सलामी दी गई है । ज्ञात हो कि बिड़ी मजदूर संघ के प्रमुख कार्यालय बटिया में आयोजित झंडोत्तोलन कार्यक्रम में समाज सेवी बिनोद बरनवाल , लललू कुमार बरनवाल , ललन बरनवाल , महावीर साह , पुर्व वार्ड सदस्य श्याम बरनवाल , नरेश बरनवाल एवं सरकारी भवन बटिया मे सुखदेव प्रसाद यादव , महेंद्र यादव , मोहन प्रसाद यादव , बासुकी यादव , गुलटन पासवान , केदार मंडल , चंदन पासवान तथा पंचायत भवन डुमरी मे मुखिया प्रतिनिधि दिगंबर पॉडेय , जमुई से आये पिरामल फाउंडेशन संस्था के सिनीयर प्रोग्राम लीड शौरभ कुमार , कार्यपालक सहायक प्रगति सागर एवं अभिनव कुमार , समाज सेवी प्रदीप मंडल , अजय पांडेय , बाबुराम मंडल , प्रदीप पांडेय , कमलेश्वरी मंडल , टुनटुन पांडेय तथा सुरेंद्र मंडल सहीत बड़ी संख्या में समाज सेवी , जन प्रतिनिधि ओर ग्रामीण जन मौजूद थे ।

## गिद्धौर के फल व्यवसाई संजय कुमार केशरी का निधन



प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर। गिद्धौर प्रखंड के पतसंडा पंचायत निवासी फल व्यवसाई संजय कुमार केशरी का बीते गुरुवार की सुबह 10 बजे निधन हो गया। वो करीब 42 वर्ष के थे। बीते माह गिद्धौर के लॉर्ड मिंटो टावर चौक परिसर में अपने फल दुकान पर फिसल गए थे, जिसमें उनके गर्दन में चोट आई थी। जिसके बाद से वे पटना के एक अस्पताल में भर्ती होकर इलाजरत थे एवं बीते शनिवार को उन्हें पटना स्थित आईजीआईएमएस में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान स्वास्थ्य सुधार में उतार-चढ़ाव देखा जा रहा था। लेकिन गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे आईजीआईएमएस में उन्होंने अंतिम सांस ली। वहीं संजय कुमार केशरी के निधन पर पूरे गिद्धौर में शोक का माहौल है। उनके पीछे परिवार में उनकी पत्नी एवं तीन बेटियां रह गई हैं। संजय कुमार केशरी के निधन पर उनके भाई एवं पूर्व प्रमुख शंभू कुमार केशरी, सामाजिक कार्यकर्ता सुशांत साईं सुंदरम,पतसंडा पंचायत की मुखिया ललिता देवी,उप मुखिया रूबी कुमारी,पतसंडा पैक्स अध्यक्ष राजीव कुमार साव उर्फ पिंकू,राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष रतन राम, सेवा पंचायत के मुखिया रामाशीष साह,मौरा पंचायत के मुखिया धनराज यादव,सेवा पंचायत के पूर्व मुखिया परमेश्वर पंडित,पूर्व प्रमुख श्रवण यादव,शिक्षक राजीव कुमार वर्णवाल,जमुई न्यायालय के पेशकार कुंदन कुमार सिन्हा,पत्रकार जितेंद्र कुमार पिंटू,आनंद कंचन सिंह, अजीत कुमार यादव,विक्की कुमार,व्यवसाई शिवशंकर केशरी,गौतम केशरी,बमबम केशरी, भोला केशरी,राजवंश केशरी,गुड्डू वर्णवाल,अजय वर्णवाल,विजय वर्णवाल,अशोक केशरी,समाजसेवी गौरव सिंह राठौड़ सहित अन्य ने अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

## गिद्धौर थाना अध्यक्ष को एसपी शौर्य सुमन ने किया निलंबित, अपने प्राइवेट चालक से अवैध बालू तस्करी करने का आरोप, 2 दिन में स्पष्टीकरण देने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



गिद्धौर जमुई एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन ने गिद्धौर थाना अध्यक्ष रीता कुमारी को निलंबित कर दिया है साथ ही उन्हें दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया गया है गिद्धौर थाना के थाना अध्यक्ष रीता कुमारी पर अपने प्राइवेट चालक से अवैध बालू की तस्करी करने का आरोप है 15 अगस्त की देर शाम गिद्धौर थाना के प्राइवेट चालक और उसके दो सहयोगियों को झाझा थाना अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने गुप्त सूचना के आधार पर तीनों को अवैध बालू की तस्करी करते पकड़ा झाझा थाना की पुलिस ने तीनों बालू तस्करों से शक्ति से जब पूछताछ की तो प्राइवेट चालक ने बताया कि पूरा खेल गिद्धौर थाना अध्यक्ष रीता कुमारी के निर्देश पर ही किया जा रहा है। एसपी ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए गिद्धौर थाना अध्यक्ष रीता कुमारी को निलंबित करते हुए पुलिस लाइन भेज दिया है। साथी उनसे दो दिन के अंदर स्पष्टीकरण भी मांगा है बता दे की कुछ दिन पहले गिद्धौर थाना क्षेत्र के गंगरा गांव के रहने वाले युवक ने थाना अध्यक्ष पर अवैध बालू की तस्करी करवाने का वीडियो भेजा था। थाना अध्यक्ष रीता कुमारी पर अवैध बालू की तस्करी करने का आरोप लगाया था। इसके बाद से ही एसपी ने एक जांच टीम बनाई गई थी। और थाना अध्यक्ष पर नजर रखी जा रही थी। पुक्ता सबूत मिलते ही एसपी ने कार्रवाई की है और पूरे मामले को लेकर एसपी डॉक्टर शौर्य सुमन ने बताया कि प्राइवेट चालक की गिरफ्तारी के बाद पूरा मामला संज्ञान में आया था। फिलहाल थाना अध्यक्ष को निलंबित करते हुए दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सही जवाब नहीं मिलने पर विभागीय कार्रवाई भी की जा सकती है ।

## दो अभियुक्त की हुई रंगदारी मांगने के मामलें में गिरफ्तारी, एसडीपीओ ने दी पूरी जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] एक लाख साठ हजार रूपए रंगदारी मांगने के मामलें में दो अभियुक्त को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किए जाने के मामलें में एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ राजेश कुमार के द्वारा पीसी किया गया। एसडीपीओ ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि चकाई थाना में बीते 12 अगस्त को गादी सिमरिया के रहने वाले दिलीप दास ने रंगदारी मांगे जाने का प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस संदर्भ में जमुई पुलिस अधीक्षक डॉ.शौर्य सुमन के दिशानिर्देश पर मेरे अगुवाई में पुलिस टीम गठित किया गया और पुलिस ने कांड संख्या 142/24 में दो लोगों को गिरफ्तार किया जिसमें एक की पहचान शिवशंकर दास साकिन गादी सिमरिया और दूसरा कलामउद्धीन अंसारी साकिन कुषमाहा थाना बिचकोड़वा के रूप में हुई है। एसडीपीओ ने बताया कि दर्ज आवेदन में प्राथमिकी अभियुक्त शिवशंकर दास दो मोबाइल नंबर का उपयोग करता था दूसरा रंगदारी मांगता था। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चकाई थानाध्यक्ष राकेश कुमार और पुलिस टीम लगातार इस मामले को लेकर तकनीकी मदद से अनुंसधान किया जा रहा था जिसमें दोनो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दोनो को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठः डॉ. गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता




जमुईः-स्वतंत्रता दिवस के 78 वें वर्षगांठ पर केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.गौरी शंकर पासवान ने संपूर्ण जमुई वासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस भारतीय इतिहास का स्वर्णिम पृष्ठ है, जहां से आजादी का अभिनव अध्याय खुला था और शताब्दियों की गुलामी की जंजीरें टूटी थीं। पराधीनता रूपी पिशाचिन पूतना का वध हुआ था तथा बंदिनी भारत माता अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुई थी। 15 अगस्त आनंद और त्याग का मंगल पर्व है। यह हमारी वेदना, आत्म दर्शन और आत्मपरीक्षण का स्मारक दिवस है। स्वतंत्रता की महता पर इसरगोल ने कहा था कि जिस प्रकार नेत्रों के लिए प्रकाश, फेफड़ों के लिए वायु और हृदय के लिए प्यार है,उसी प्रकार मनुष्य के लिए स्वतंत्रता है। उन्होंने कहा कि इस खोई हुई स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए हमारे देश के लाखों नौजवानों ने फांसी के तख्ते पर हंसते-हंसते झूल गए,कितनी माताओं ने अपनी नवनिहालों को ममता की गोद से उछालकर भाला की नोकों पर टंग जाने के लिए हृदय पर पत्थर रख लिया, न जाने कितनी भी बहनों ने अपने माथे में सिंदूर के बदले राख का टीका लगाना स्वीकार किया।आजादी की इतिहास लिखने में काली स्याही कभी सक्षम नहीं हो पाती,उसे लिखने के लिए स्वतन्त्रता की देवी खून मांगती है। यही कारण है कि आजादी को पाने के लिए लाखों लोग कुर्बान हो गए। जिस कुर्सी पर प्रधानमंत्री और सांसद बैठते हैं, उसके नीचे लाखों राष्ट्र भक्तों की लाशें हैं। इसलिए कोई भी योजनाएं बने, कानून बने, राष्ट्र हित में हो तभी देश विकसित राष्ट्र बन सकता है और भारत की स्वतंत्रता कायम रह सकती है। प्रो.पासवान ने कहा कि हमें स्मरण रखना होगा कि शताब्दियों की साधना का यह पौधा अक्षयबट तभी बन सकता है, जब हम अपने स्वार्थ के कीटाणुओं को सदा के लिए खत्म कर दें। राष्ट्र प्रेम की भावना हर नागरिकों के रोम रोम में प्रस्फुटित हों, स्वतंत्रता की संरक्षण और संवर्धन के लिए हमें त्याग और तपस्या की अग्निपथ पर चलना निरंतर जारी रखना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का त्योहार

आरा।जिले सहित प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का त्योहार मनाया गया। आरा के रमना मैदान में जहां भोजपुर डीएम राजकुमार ने तिरंगा फहराया वही कोइलवर नगर पंचायत में सरताज आलम, प्रखण्ड कार्यालय में मनोज सिंह,थाना में नरोत्तमचंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ.उमेश कुमार, गीधा थाना में उमुस शलमा ने झंडोत्तोलन किया।

### चांदी थाना के नवनिर्मित भवन में दैनिक कार्य का शुभारंभ

आराः सदर अनुमंडल आरा अंतर्गत चांदी थाना के नवनिर्मित भवन में थाना का दैनिक कार्य का शुभारंभ गुरुवार को पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार के द्वारा किया गया। आज से थाना के समस्त कार्य नए भवन में आरंभ हो गए। वही सभी पदाधिकारी और पुलिसकर्मी नए थाना की भवन में शिफ्ट हो गए। एसपी ने बताया कि निश्चित ही उपरोक्त नवीन भवन में थाना के समस्त कार्य संचालित होने से थाना की कार्य क्षमता में और बेहतरी की उम्मीद है, जिससे कि इस क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और विधि व्यवस्था संधारण में भोजपुर पुलिस और बेहतर कार्य करेगी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा मीडिया के लोग भी उपस्थित रहे।

### इनरव्हील क्लब ऑफ गया द्वारा आकांक्षा दिव्यांग बच्चों के स्कूल में किया गया झंडा तोलन

गया।78 वें स्वाधीनता दिवस प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी इनरव्हील क्लब ऑफ गया द्वारा आकांक्षा दिव्यांग बच्चों के स्कूल में बच्चों के साथ झंडा तोलन कर मनाया गया है आकांक्षा अडॉप्टेड स्कूल है जहां विगत कई वर्षो से इनर व्हील कार्य कर रही है।।यहां क्लब द्वारा बच्चों को पेपर विंडमिल, कॉपी ,पेंसिल ,चिप्स ,जूस ,केक इत्यादि बच्चों के बीच वितरित किया गया है। बच्चों ने राष्ट्रीय गान गया तथा यहां के ब्लाइंड बच्चों ने बहुत ही अच्छे गाने की प्रस्तुति भी दी है ।इस मौके पर आकांक्षा के डॉक्टर यू एन भदानी, विमल भदानी ।इनर व्हील अध्यक्षता तृप्ति गुप्ता ,पी राज ढिल्लों ,बीपी अंजना, मित्तल राखी पड़नी सहित लगभग दस सदस्य आए शामिल हुए हैं।

### कुराव गांव में जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट,तीन लोग घायल

गिद्धौर।थाना क्षेत्र के कुन्धुर पंचायत अंतगर्त कुराव गांव के यादव टोला में पूर्व से चले आ रहे जमीनी विवाद में गुरुवार की संध्या में दो पक्षों में विवाद गहरा गया। जो मारपीट की घटना में तब्दील हो गया। उक्त घटना में दोनों पक्ष से तीन लोग घायल हो गए। जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के कुन्धुर पंचायत के कुराव गांव के यादव टोला में जमीन विवाद को लेकर अरूण यादव,शांता देवी उसके सहोदर भाई एवं उसके परिजनों द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। उक्त घटना में घायल अरुण यादव ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके सहोदर भाई एवं उसके परिजनों के साथ जमीन विवाद में कहा-सुनी होकर रह गई।जब गुरूवार की संध्या घर में भैंस को चारा दे रहे थे तभी मेरा सहोदर भाई ने आकर मेरे ऊपर जानलेवा हमला कर दिया। इसी दरम्यान मेरी पत्नी शांता देवी पर डंटा एवं लाठी से हमला कर दिया। वही दोनों पक्षों के द्वारा गिद्धौर थाना में आवेदन दिया गया है। गिद्धौर थाना के द्वारा जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### एएनएम ने अपनी मांगों को लेकर किया प्रदर्शन, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने सीएस को लिखा पत्र

जमुई।अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रही संविदा पर कार्यरत एएनएम के द्वारा शुक्रवार को रेफरल अस्पताल में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन कर रही एएनएम सामान काम के बदले सामान वेतन, क्षेत्र में कार्य करने के दौरान होने वाली परेशानी को दूर करने, एफआरएचएस के तहत उपस्थिति बनाने की प्रक्रिया को बंद करने सहित अन्य मांगों को लेकर आवाज उठाकर नारेबाजी कर अपनी मांग पूरी करने की मांग किया। धरना प्रदर्शन करने वाली संविदा कर्मी ने कहा कि एक तो हमलोगों को क्षेत्र में बड़ी मुश्किल के बीच अपने कार्यो को करते है लेकिन वेतन हमलोगों को कम मिल रहा है जिसके कारण हमलोगों को अपने अपने घर चलाने, बच्चों को पढ़ाने सहित अन्य कई तरह की मुसिबत का सामना करना पड़ता है। लोगों ने कहा कि अगर हमलोगों की मांग पूरी नही हुई तो हमलोग अपना प्रदर्शन जारी रखेंगे। वही दूसरी ओर से अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.अरूण कुमार ने संविदागत एएनएम द्वारा नियमित टीकाकरण कार्य बाधित किए जाने पर स्वास्थ्य विभाग जमुई के सीएस को पत्र लिखकर अवगत करवाया कि एएनएम के द्वारा चिकित्सा सेवा छोड़कर राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम तथा बाहय चिकित्सा सेवा को बाधित किया जा रहा है तथा शीत श्रृंखला कक्ष में ताला लगाकर टीकाकरण कार्य भी बाधित किया गया।

# राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर सिंगही विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार झा ने किया झंडा तोलन

प्रात: किरण संवाददाता



आरा :राजकेश्वर सिंह चुनमुन देवी सरस्वती विद्या मंदिर सिंगही आरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह का भव्य आयोजन मनाया गया विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार झा ने अपने विद्यालय में झंडा फहराया झंडा फहराने के बाद छात्राओं को संबोधन किया झंडा तोलन के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति की वरिष्ठ सदस्या सुनीता सिंह, सदस्य संजय कुमार सिंह, जिला पार्षद वंदना राजवंशी शकुंतला देवी एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा द्वारा भारत माता के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि दी गई साथ ही साथ विद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय बाबू राजकेश्वर सिंह एवं स्वर्गीय माता चुनमुन देवी के तैल चित्रों पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। 78वीं स्वतंत्रता दिवस समारोह पर विद्यालय प्रबंध समिति की बहन सुनीता सिंह एवं प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा द्वारा झंडोत्तोलन किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के भैया बहनों द्वारा सामूहिक योग एवं साहसिक कार्यक्रम के अंतर्गत मानव पिरामिड का प्रदर्शन किया गया। तत्पश्चात रंगमंचीय कार्यक्रमों में बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर एक से बढ़कर एकल एवं सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर विद्यालय के उपाध्यक्ष अनिल कुमार पांडे, कोषाध्यक्ष सोमेश्वर सिंह एवं समाजसेवी देवानंद उपाध्याय की भी गरिमापूर्ण उपस्थिति रही।

विद्यालय में संपन्न हुए परीक्षाओं एवं कई प्रतियोगिताओं का यथा रक्षा सूत्र निर्माण प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता और विज्ञान मेला में चयनित भैया बहनों को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों, अभिभावकों, स्थानीय समाज के बंधु भगिनी के साथ-साथ बड़ी संख्या में पूर्व छात्रों की उपस्थिति रही।प्रधानाचार्य ने विद्यालय के बच्चों, आचार्यो एवं समाज की बड़ी संख्या में उपस्थित अभिभावकों से एक नए विकसित और सुसंस्कृत भारत के निर्माण का आह्वान किया। अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानाचार्य ने बच्चों से देशहित और राष्ट्र निर्माण में सर्वस्व न्योछावर करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के अंत में समस्त विद्यालय परिवार के साथ-साथ बड़ी संख्या में आमंत्रित स्थानीय समाज के लोगों के बीच प्रसाद स्वरूप जलेबी का वितरण किया गया।

# संस्कृति पब्लिक स्कूल में विद्यालय के निदेशक आलोक कुमार सिंह ने झंडा फहराया

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। संस्कृति पब्लिक स्कूल कायमनगर आरा के भव्य प्रांगण में 78 वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डा० आलोक सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज तोलन कर परेड की सलामी ली। अपने संबोधन में विद्यालय के सतत विकास के लिए कई निर्णय लिए। जिसमें एक सितम्बर से रिमेडियल क्लास कि व्यवस्था, गेरप्लिंग प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत करना तथा पढ़ाई के अलावा विभिन्न खेलों में बच्चों को प्रशिक्षित करना है इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने पिरामिड, नृत्य एवं भाषण प्रस्तुत कर समा को ऊर्जानिवत करने का काम किया। इसमें लक्ष्मीवाई की युद्ध कला कौशल पर आधारित नृत्य ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी अन्त में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विद्यालय की प्राचार्य जाकिया यास्मिन ने विद्यालय को शिक्षा की ऊँचाई को प्रदान करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दुहराया इस अवसर पर बच्चों के अलावा, सभी शिक्षक शिक्षिकाएँ ने भरपूर सहयोग दिया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएँ, बच्चों के अलावा अभिभावक शामिल हुए सत्यदेव सिंह, दिपक तिवारी, अमित उपाध्याय, एसी के गण्डेय आदि ने माफी सहयोग निभाया।

# तीन दिन पूर्व घर से निकले युवक का शव बरामद

प्रात: किरण संवाददाता

भोजपुर। आरा में तीन दिन पूर्व घर से निकले एक रिक्शा चालक का शव बरामद हुआ। उसका शव शहर के टाउन थाना क्षेत्र के मझौंवा गांव के हवाई अड्डा के समीप शिव शक्ति नगर स्थित बगीचे से गुरुवार की दोपहर बरामद किया गया है। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग (बीबी जान का हाता) निवासी स्व.मो. अख्तर का 18 वर्षीय पुत्र मो.फिरोज है। वह पेशे से रिक्शा चालक था। इधर, मृतक की बड़ी बहन असगरी बेगम ने खबरें आपकी बताया कि सोमवार की शाम करीब तीन बजे वह घर से रिक्शा चलाने जाने की बात कहकर निकला। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। इसी बीच गुरुवार की दोपहर मझौंवा गांव के हवाई अड्डा के शिव शक्ति नगर स्थित बगीचे में चरवाहे द्वारा उसके परिजनों को सूचना दी।

सूचना पाकर परिजन वहां पहुंचे और उसके कपड़े व चप्पल को देखकर उसकी पहचान की। इसके पश्चात उनके द्वारा इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर खजुरिया हाई स्कूल के छात्राओं ने बाल विवाह पर किया गया नाटक प्रस्तुति

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। संस्था दिशा एक प्रयास व कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन" टीम के द्वारा बिहार के भोजपुर जिला आरा प्रखंड के खजुरिया गांव में स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर खजुरिया हाई स्कूल के छात्राओं द्वारा बाल विवाह पर नाटक के माध्यम से उपस्थित परिजनों, ग्रामीण को जागरूक किया गया।

छात्राओं द्वारा किए गए नाटक के माध्यम से यह बताए गए की 18 साल से कम उम्र की लड़की और 21 साल से कम उम्र के लड़के की शादी करवाना बाल विवाह के अंतर्गत आता है ऐसे शादियों से ना कि लड़के-लड़की की मानसिक शारीरिक शैक्षणिक और आर्थिक स्थिति पर दूरप्रभाव पड़ती है! साथ-साथ परिवार समुदाय और समाज पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। परिवार को अनेकों प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है

नाटक के माध्यम से इस प्रकार के कुरुतियों को रोकने हेतु ये बताया गया की पूर्ण रूप से हमे स्वतंत्रता तब प्राप्त होगी जब हम लड़कियों को अपनी शिक्षा पूरी करने का, अपने जीवन में आगे बढ़ने का, अपने जीवन के लक्ष्य को हासिल करने का आजादी प्राप्त हो। नाटक के साथ-साथ बाल विवाह रोकने हेतु प्रभात फेरी भी निकाला गया। इस कार्यक्रम के दौरान संस्था दिशा एक प्रयास के सपोर्टर-स्टाफ प्रवीण कुमार सर, रिचा कुमारी, रजत सिंह, कौसर जहां जमाल, उरह मुन्ना कुमार साह, रंजू कुमारी, प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, छात्राएं, परिजन एवं भारी संख्या में ग्रामीण मौजुद थे।

# झंडा फहराकर उतारना भूल गए व्यापार मंडल के अध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोईलवर प्रखण्ड परिसर स्थित व्यापार मंडल कार्यालय पर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर झंडा फहराकर सम्बंधित जवाबदेह उसे उतारना ही भूल गए। 15 अगस्त को फहराया गया झंडा 16 अगस्त तक फहरता रहा। 16 अगस्त को जब आसपास के कार्यालय के कर्मी आये तो देखा कि झंडा फहर रहा है। इसकी सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से कई ग्रुपो में फैलने लगी। बाद में इसकी सूचना सम्बन्धित लोगों को दी गयी तो आनन फानन में 16 अगस्त को 11 बजे दिन में झंडा उतारा गया। बता दें कि 15 अगस्त को व्यापार मंडल कार्यालय पर यहां के अध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने झंडा फहराया था जो 16 अगस्त तक फहरता ही रह गया।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य अर्चना सिंह ने किया झंडा तोलन

## विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। स्थानीय 'शान्ति स्मृति' सम्भावना आवासीय उच्च विद्यालय, शुभ नारायण नगर, मझौवाँ, आरा तथा 'शारदा स्मृति' सम्भावना पब्लिक स्कूल, मौलाबाग, आरा में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समारोह पूर्वक ध्वजारोहन किया गया।

विद्यालय के दानों शाखाओं में प्राचार्या डा० अर्चना सिंह ने ध्वजारोहन किया तथा राष्ट्रीय ध्वज की सलामी दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए प्राचार्या डा० अर्चना सिंह ने कहा कि आज पूरे विश्व में भारत का परचम लहरा रहा है, लेकिन आज हमारे समाज में नैतिक मूल्यों की कमी दिख रही है। छात्र-छात्राओं में संस्कार और संस्कृति के विकास के साथ-साथ देश प्रेम की भावना को भी जागृत करना होगा। उन्होनें अभिभावकों और समाज के सभी वर्गो से आग्रह किया की सिर्फ बेटियाँ ही नहीं बल्कि बेटों पर भी नजर रखें। अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महा-सचिव भाई ब्रहमेश्वर ने अपने संबोधन में कहा की संस्कार एवं सस्कृति के साथ छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ते हुए समाज एवं देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। समारोह के अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्रबंध निदेशक डा० कुमार द्विजेन्द्र ने कहा कि आज का दिन शहीदों को नमन करने का दिन है। आज देश के लिए उनके द्वारा किये गए कार्यो को याद करने का दिन है। उन्होनें छात्र-छात्राओं से कहा की आप वैसे नागरिक बने जो देश के विकास के काम आ सके।

इस अवसर पर विद्यालय के एन०सी०सी० कैडेट ने आर्कषक परेड प्रस्तुत किया। साथ ही विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान, समुह देश भक्ति गीत और नृत्य तथा हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत में सारगमीत भाषण भी प्रस्तुत किया गया। मुख्य आकर्षण कक्षा क के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शहीद स्व० कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवनी पर आधारित लघु नाटिका फौजी की कहानी रहा। इस लघु नाटिका को प्रस्तुत कर छात्र-छात्राओं ने दर्शक दीर्घा में बैठे सभी लोगों को भाव-विभोर कर दिया। लघु नाटिका को प्रस्तुत करने वाले छात्र-छात्राओं का नाम क्रमशः रोमा ओझा, जहान्वी सिंह, साम्भवी, भास्कर राज, प्रियांशु चौबे, विकास कुमार, पियुष मिश्रा, नेहाल कुमार, आदित्या कुमार, रौनक सिंह तथा प्रियांशु कुमार है।

मंच संचालन वरिय शिक्षक श्री अरविन्द ओझा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मुख्य शाखा में उप-प्राचार्य श्री ऋषिकेश ओझा तथा शिशु शाखा में प्रभारी श्री दीपेश कुमार ने किया। मंच परिकल्पना तथा रूप सज्जा कला शिक्षक श्री संजीव सिन्हा तथा श्री विष्णु शंकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' के साथ किया गया।

# आजादी के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, बालिका+2 विद्यालय में फहराया गया तिरंगा झंडा

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। आजादी के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में, स्थानीय प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी भोजपुर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। झंडोत्तोलन के बाद प्रोजेक्ट बालिका प्रेक्षागृह में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्राओं में इस कलात्मक आयोजन को लेकर काफी उत्साहित दिखी। गीत संगीत व नृत्य से संयोजित यह आयोजन अपने नए स्वरूप व प्रयोग को लेकर काफी रोचक व कसा हुआ लगा। प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा, कि 140 करोड़ देशवासी आज ध्वज के निचे एक संकल्प के साथ खड़ा है। हम विविधताओं से भरा मुल्क है फिर भी हमने एकता का मिशाल कायम किया है। समूह गायन, में देश भक्ति गीत व एकल गीतों का सम्मिश्रण से आयोजन में देश के प्रति सजगता और जोश देखा गया। पुरे आयोजन में छात्राओं ने भारतीय संस्कृति भोजपुरिया संस्कृति का मिश्रित युगल प्रस्तुतियां देकर यह साबित कर दिया कि सच में गांव कस्बा के बच्चियों में कलात्मक समझ है। इस अवसर पर संगीत शिक्षक प्रमोद कुमार ने एकल व समूह गीत संयोजित करवाया जो कार्यक्रम में शामिल था काफी उत्साहित और मौलिक मधुरता के साथ लोगों को पसंद आया। अब बारी था नृत्य का कलात्मक समझ रखने वाली युवा शिक्षिका पिंकी कुमारी ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य संयोजित किया था। भीषण गर्मी के बाद भी शिक्षिका पिंकी कुमारी ने नृत्य में ढेरों ऐसे कलात्मक प्रयोग करवाया था जो नयापन के साथ कलात्मक था,जो लोगों को उत्साहित कर रहा था। पुरे आयोजन को संयोजित किया था वरीय शिक्षिका अर्चना कुमारी, वरीय भुगोल शिक्षिका प्रतिमा कुमारी ने। कम सुविधा के बाद भी इन दोनों शिक्षिकाओं ने मिलकर विद्यालय संदर्भ व कलागत समग्रता को पुरे आयोजन में बांधें रखा। विषेश सहयोग करने वाली शिक्षिकाओं में अर्पिता यादव,रिंकल कुमारी, प्रिती कुमारी, रिंकी कुमारी,इन्दु यादव ने मिलकर आयोजित कार्यक्रम में कलात्मक सहयोग करते रही। आयोजन तीन हिस्सों में बटा हुआ था, इस दरम्यान भाषणों का दौर भी चला छात्राओं ने अंग्रेजी और हिन्दी में भाषण देते हुए सबको जोश से भर दिया। तकनीकी सहयोग में मुख्य भूमिका में मुहम्मद प्रवेज आलम के साथ शुभांशु शर्मा,जय गोपाल सिंह, सिकंदर जी निरज कुमार थें।

# डीएम ने जनता दरबार में 23 परिवादियों को सुना फरियाद

प्रात: किरण संवाददाता



अरवल ।जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में 23 परिवादियों के फरियाद को सुना गया। परिवादियों द्वारा राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, आवास योजना, भूमि विवाद, अनियमितता, मापी, दाखिल खारिज, मारपीट, रोजगार, स्थानांतरण, विद्युत विभाग, परिवहन विभाग, आईसीडीएस एवं अन्य विभागों से संबंधित मामले थे। फरियादियों के आवेदन के शीघ्र निष्पादन हेतु जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। करपी प्रखण्ड स्थित ग्राम अंगारी निवासी शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि मैं दिव्यांग व्यक्ति हूँ एवं दूसरे के मकान में निवास करता हूँ मुझे आवास की सख्त जरूरत है। आवास योजना के तहत आवास दिलवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी को नियमानुसार जाँच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिया गया। कलेर प्रखण्ड स्थित ग्राम अगनूर निवासी रतन चौधरी द्वारा बताया गया कि मेरी माँ दुलारी देवी की मृत्यु दिसम्बर 2021 में सड़क दुर्घटना में हो गई थी। सरकार से मिलने वाली मुआवजा राशि अबतक प्राप्त नहीं हुई है। राशि उपलब्ध करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला परिवहन पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। मेहन्दिया थाना स्थित बंधु बिगहा के ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मेरे गाँव के दक्षिण-पश्चिम टोला में विद्युत तार जर्जर होने के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रहता है, विद्युत विभाग को भी शिकायत की गई है पर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जर्जर तार को बदलकर विद्युत आपूर्ति चालू करवाने की कृपा की जाए। इस संबंध में जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग अरवल को नियमानुसार निष्पादन हेतु निदेशित किया गया। इसी क्रम में द्वितीय अपीलीय प्राधिकार से संबधित आज कुल 07 मामलों की सुनवाई हुई जिसमें 02 का निष्पादन किया गया एवं 05 मामलों की सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहार वाजपेयी की पुण्यतिथि समारोह पूर्वक मनाई गयी

प्रात: किरण

दरभंगा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के पुण्यतिथि के मौके पर अलीनगर मंडल अंर्तगत नरमा नावानगर पंचायत के नरमा में भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस दौरान किसान मोर्चा भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहा कि परम श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेई जी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता के साथ साथ भारतीय राजनीति के एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व थे, जिन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान देश को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने आगे कहा कि वाजपेई जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना , भारतीय उपग्रह कार्यक्रम, 1998 में भारत ने पोखरण-2 के तहत परमाणु परीक्षण किए, विदेश नीति में बदलाव, लाहौर बस यात्रा, कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की विजय जैसे कई कार्यों को वाजपेई जी के कार्यकाल में अंजाम दिया गया। उन्होंने कश्मीर समस्या के समाधान के लिए कई प्रयास किए और शांति स्थापित करने के लिए पाकिस्तान के साथ संवाद की पहल भी की थी। श्री सिंह जी ने आगे कहा कि वाजपेई जी ने भारतीय राजनीति में युवा नेताओं को प्रोत्साहित किया, जिनमें वर्तमान प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी भी शामिल हैं। जिनको गुजरात का मुख्यमंत्री नियुक्त किया, जो बाद में भारतीय प्रधानमंत्री बने। उन्होंने आगे कहा कि वाजपेई जी अपने कवि हृदय, सुशासन और संवेदनशीलता के लिए भी काफी प्रसिद्ध थे। उनकी भाषण कला और विचारशीलता ने उन्हें भारत के जनमानस में एक विशेष स्थान दिलाया। उनके एक कविता हिन्दू तन-मन, हिन्दू जीवन, रग-रग हिन्दू मेरा परिचय! जब अटल बिहारी वाजपेयी संसद में बोलते थे, तो पूरा सदन उन्हें एकाग्र होकर सुनता था। इस श्रद्धांजली कार्यक्रम में मंडल संयोजक लाल मुखिया, प्रमोद झा, अशोक सदा, दिनेश सिंह, अमित सिंह, मिथलेश कुमार सिंह, अशोक सदा, प्रमोद झा, रंधीर सिंह, रजनीकांत झा, रामविकाश मुखिया, मिंटू शाहू, राहुल सिंह, विवेक पासवान आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

# जिलाधिकारी के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाई न्याय की गुहार

जमुई। जिला समाहरणालय परिसर में अवस्थित अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार 16 अगस्त को आयोजित जनता दरबार में जिलाधिकारी राकेश कुमार ने फरियादियों की फरियाद सूनी। जिले के विभिन्न प्रखंडों के सुदूरवर्ती इलाकों से मिलने पहुंचे 12 से अधिक फरियादियों ने जिलाधिकारी से मिलकर बारी बारी से अपनी समस्याओं को रखा। जिसमें भूमि विवाद, उद्यमी योजना में अनियमितता,पेयजल आपूर्ति, पेंशन, राशन कार्ड, राजस्वकर्मी की मनमानी एवं अन्य मुख्य समस्या थी। वहीं लक्ष्मीपुर प्रखंड अंतर्गत मटिया बाजार निवासी सोनू कुमार पिता त्रिभुवन लाल मोदी ने जिलाधिकारी से उद्यमी योजना में भारी अनियमितता की शिकायत की। वहीं पीड़ित सोनू कुमार ने जिला उद्योग विभाग पर आरोप लगाया कि उद्यमी योजना में चयनित होने के बावजूद भी हमें ट्रेंनिंग के लिए कॉल नहीं किया गया।

# मॉडल चिल्ड्रेन स्कूल में मुफ्त पढ़ेंगे 5 बच्चे

बिक्रमगंज(रोहतास)। बिक्रमगंज के 5 गरीब बच्चों का नामांकन मॉडल चिल्ड्रेन स्कूल में बिक्रमगंज बीआरसी के द्वारा कराया गया.इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुधीर कांत शर्मा ने बताया कि निजी विद्यालयों में ज्ञानदीप पोर्टल पर बच्चों द्वारा किये गये रजिस्ट्रेशन के बाद निदेशक, प्राथमिक शिक्षा ने स्कूलों में नामांकन के लिए दूसरी सूची प्रकाशित कर दी है।आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में नामांकित होने वाले 25 प्रतिशत जरूरतमंद बच्चों की दूसरी सूची जारी कर दी गई है।दूसरी सूची में स्कूल के साथ 25 बच्चों का नाम शामिल है।नामांकन 16 तक आवंटित स्कूलों में किया जाएगा।बीईओ शशिकांत शर्मा ने बताया कि आरटीइ के तहत शत प्रतिशत जरूरतमंद बच्चों का नामांकन प्रस्वीकृति प्राप्त निजी विद्यालयों में सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है।

# कोलकाता डॉक्टर बलात्कार-हत्या मामले के खिलाफ एम्स पटना में विरोध प्रदर्शन जारी

## सरकार को दी चेतावनी अगर 72 घंटे के अंदर कार्रवाई नहीं तो यह राष्ट्रव्यापी हड़ताल रहेगी जारी

- आज सुबह छह बजे से 24 घंटे के लिए देश भर में गैर-आपात सेवाएं बंद रखेंगे।

प्रात: किरण



पटना। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), पटना के डॉक्टरों ने शुक्रवार को एक महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन जारी रखा, जिसके साथ कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में कथित रूप से बलात्कार और हत्या की गई थी । एम्स, पटना में शुक्रवार को सुबह ओपीडी बंद रही। हमने सुबह ओपीडी सेवाएं बंद रखीं। हम कल भी ओपीडी बंद रखेंगे। हमें उच्च अधिकारियों से समर्थन मिल रहा है। यह एक लंबी लड़ाई होने जा रही है। अपराध स्थल पर सभी सबूतों को नष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। एक अन्य डॉक्टर, ने इसे जघन्य अपराधह्व कहा। उन्होंने कहा, हर किसी का दिल अंदर तक हिल गया है। अगर हम अपने कार्यस्थल पर सुरक्षित महसूस नहीं कर सकते, तो फिर सुरक्षा कहां है? डॉक्टर अपना पूरा जीवन बलिदान करते हैं और इतनी मेहनत से पढ़ाई करते हैं। सभी वरिष्ठ डॉक्टर हमारे साथ हैं। कल पूरा दिन ओपीडी बंद रहेगी।ह्व इस बीच, मेडिकल प्रोफेशनल्स देश भर में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ऑपरेशन थियेटर सेवाओं में 85 प्रतिशत की कमी की गई है, जबकि संस्थान में प्रवेश में 65 प्रतिशत की कमी की गई है। शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन के तहत एक अद्भुत एकता और एकजुटता का प्रदर्शन देखने को मिला। मांगों की गंभीरता और स्थिति की तात्कालिकता को रेखांकित करने के लिए, इलेक्टिव सेवाओं को निलंबित कर दिया गया। पोस्टर निर्माण और नारे लेखन सत्र से हुई, जो सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक चला। इस सत्र में 50 से अधिक रचनात्मक पोस्टर बनाए गए, जिनमें भागीदारों ने अपने समर्थन और मांगों को व्यक्त किया। ये पोस्टर अब पूरे कैंपस में प्रदर्शित किए गए हैं। दोपहर में, 500 से अधिक शिक्षक, रेजिडेंट्स और छात्र एक साथ आए और एकजुटता के प्रतीक मानव श्रृंखला का गठन किया। यह श्रृंखला कैंपस के अंदर के परिसरों के चारों ओर फैली हुई थी, इस शक्तिशाली दृश्य प्रदर्शन को ड्रोन कैमरों द्वारा कैद किया गया। विरोध को ओपन माइक सत्र और फ्लेक्स बैनर लेखन के साथ जारी रखने की बात कही गई, एवेंजर्स चौराहा पर मोमबत्ती प्रज्वलन और दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देने के लिए दीप जलाए गए। तो वही दूसरी ओर हजारों मरीज दूर दराज से आए एम्स से बिना इलाज के मायूस होकर वापस लौट रहे है।

# शराब एवं बाइक को पुलिस ने किया बरामद दो कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से फरार

प्रात: किरण

काराकाट(रोहतास)। पुलिस ने शराब और बाइक को किया बरामद दो कारोबारी पुलिस की गिरफ्त से फरार । कछवां थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि बाइक पर सवार दो कारोबारी शराब की खेप को लेकर दनवार की ओर जा रहे हैं । मिली गुप्त सूचना के आधार पर इस मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस छापेमारी के लिए उक्त चिन्हित स्थल की ओर निकल पड़ी । लेकिन पुलिस की नजर पड़ते ही दोनों कारोबारी शराब और बाइक को छोड़कर भाग निकले । उक्त चिन्हित स्थल से पुलिस ने बाइक और 56 लीटर देशी महुआ शराब बरामद कर लिया । थानाध्यक्ष ने बताया कि संबंधित मामले की जांच स्थानीय पुलिस कर रही है ।

# टैक्सेशन बार एसोसिएशन, गया के अध्यक्ष बने अधिवक्ता अजय कुमार अग्रवाल

गया, प्रात : किरण संवाददाता



गया टैक्सेशन बार एसोसिएशन,गया का चुनाव संपन्न हुआ है।जिसमें गया टैक्सेशन बार के सभी मेंबर्स ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है ।जिसमें अध्यक्ष पद पर अधिवक्ता अजय कुमार अग्रवाल, सचिव पद पर अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार अग्रवाल , उपाध्यक्ष के पद पर अधिवक्ता जितेंद्र कुमार सिन्हा ,उपाध्यक्ष के पद पर अधिवक्ता संजय कुमार सिंह ,कोषाध्यक्ष के पद पर अधिवक्ता मनोज कुमार और संयुक्त सचिव पद पर अधिवक्ता राजेश कुमार खेतान निर्वाचित किये गए हैं।एग्जीक्यूटिव मेंबर के रूप में अधिवक्ता शंभू प्रसाद अग्रवाल ,अधिवक्ता सदानंद चटर्जी ,अधिवक्ता राजेश जैन, अधिवक्ता रविंद्र प्रसाद ,अधिवक्ता डॉ रवि रंजन प्रसाद, अधिवक्ता उमा प्रसाद, अधिवक्ता उमाशंकर सिंह ,अधिवक्ता मनोरंजन कुमार ,अधिवक्ता अजय कुमार,को-ऑप्टेड एग्जीक्यूटिव मेंबर्स के रूप में अधिवक्ता ओमप्रकाश ,अधिवक्ता नवीन कुमार ,अधिवक्ता चंदन कुमार और अधिवक्ता संतोष चरण का चयन किया गया है !संरक्षक मंडल में निम्नलिखित चार पदाधिकारीगण भी चयनित किये गए अधिवक्ता अनिल कुमार ,अधिवक्ता कुमार प्रसाद सिन्हा कुंवर अधिवक्ता सुरेंद्र कुमार और अधिवक्ता अभय कुमार मिश्रा को संरक्षक बनाया गया है।नवनिर्वाचित अध्यक्ष अधिवक्ता अजय कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता अधिवक्ताओं को मजबूती प्रदान कर संगठन को मजबूत बनाना है हमारी प्राथमिकता रहेगी की गया शहर में जितने भी अधिवक्ता टैक्सेशन के क्षेत्र में प्रैक्टिस करते हैं सभी को इस संगठन से जोड़कर मजबूती प्रदान करने का कार्य किया जाएगा !सचिव अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार अग्रवाल ने कहा कि वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा टैक्सेशन में बहुत तेजी से बदलाव किया जा रहा है टैक्सेशन के पुराने नियमों और कानून में संशोधित किया जा रहा है जिसके कारण टैक्सेशन के प्रैक्टिस में काफी परेशानियां आ रही है इसलिए हमारा प्रयास रहेगा कि इस बदलाव की जानकारी समय-समय पर अधिवक्ताओं के साथ साझा करके टैक्सेशन से जुड़े अधिवक्ताओं को मजबूती प्रदान करना है जिससे वित्त मंत्रालय ,भारत सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर टैक्सेशन के अधिवक्तागण चल कर भारत के निर्माण में अपना सहयोग प्रदान कर सके !

# शेरघाटी में धूमधाम से मना 78वां स्वतंत्रता दिवस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



शेरघाटी। धूमधाम के साथ मनाया गया शेरघाटी में 78 वां स्वतंत्रता दिवस उक्त मौके पर सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों मे स्कूली छात्र-छात्राओं ने किया रंगारंग कार्यक्रम वही कार्यक्रम की शुरूआत शेरघाटी एसडीओ सारा असरफ अपने आवास से शुरू किया इसके बाद ऐतिहासिक रंगलाल हाई स्कूल के मैदान में किया गया तदोपरांत शेरघाटी नगर परिषद में गीता देवी, थाना परिसर में अजित कुमार, प्रखंड कार्यालय नरेश कुमार,अनुमंडल कार्यालय एसडीओ, जेल परिसर में अधीक्षक सतीश सिंह के अलावे व्यवहार न्यायालय एडीजे दीपक कुमार भी धूमधाम के साथ झंडोतोलन किया।

इस मौके पर शहर के जेपी मेमोरियल स्कूल, आदर्श पब्लिक स्कूल,आइंस्टीन मिशन एकेडमी,एजुकेयर पब्लिक स्कूल में भी स्कूल छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम करते हुए आए हुए अतिथियों को मन को मोह लिया। वहीं इस अवसर पर इनर व्हील क्लब के बैनर तले स्कूली छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन करने एवं बेहतर कार्यक्रम करने पर उन्हें अध्यक्ष अनिता अग्रवाल ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर कई सदस्य भी शामिल थे। वहीं जेपी मेमोरियल स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन और बेहतर कार्यक्रम किए जाने पर उन्हें मेडल प्रशस्ति पत्र एवं बैग आदि देकर सम्मानित किया गया।

उक्त मौके पर विद्यालय के संचालक नवीन कुमार मिश्रा प्रधानाध्यापक चंदन कुमार मिश्रा ने झंडोतोलन किया,

जबकि प्रोजेक्ट इंटर कन्या स्कूल के प्रधानाध्यापक राज किशोर सिंह रंगलाल इंटर स्कूल अशोक सिंह के चेरकी पंचायत के मुखिया फुलवा देवी, दाब चिड़िया पंचायत के मुखिया सुधीर कुमार ने झंडा तोलन किया और 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर लोगों को बधाई दी।

# शुद हेल्थ केयर कम्पनी ने स्कूली छात्रा की परी स्नेट्री पैड की जानकारी दी गई



प्रात : किरण संवाददाता

करपी, अरवल। प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अंधराचक में शुद हेल्थ केयर कम्पनी के द्वारा विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजू कुमार की नेतृत्व में स्कूली छात्रा को परी स्नेट्री पैड से होने वाले लाभ एवं हानि के बारे में दी गई जानकारी। कम्पनी के एस आर सुधार कुमार पाठक के द्वारा स्कूल छात्रा को बताया गया कि परी स्नेट्री पैड के प्रयोग करने से शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होगा। इस दौरान शिक्षिका किरण कुमारी ज्योति कुमारी एवं काफी संख्या में स्कूली छात्रा उपस्थित रहे।

# जीबीएम कॉलेज में देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर डॉ. सहदेब बाउरी ने किया ध्वजारोहण



गया। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज में देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ सहदेब बाउरी ने ध्वजारोहण करके समस्त महाविद्यालय परिवार को बधाई दी। कॉलेज की एनसीसी कैडटों ने तिरंगे झंडे को सलामी दी है। प्रधानाचार्य डॉ. बाउरी के संबोधन के उपरांत छात्रा समीक्षा और चाँदनी कुमारी ने क्रमशः हम जियेंगे और मरेंगे, ऐ वतन तेरे लिए तथा ऐ मेरे वतन के लोगों, जरा आँख में भर लो पानी गीत की सुमधुर प्रस्तुति दी है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रो. अफशाँ सुरैया, डॉ. नूतन कुमारी, डॉ. शगुफ्ता अंसारी, एनसीसी सीटीओ डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, डॉ जया चौधरी, डॉ. अमृता शादाब, डॉ पूजा, डॉ पूजा राय, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ. नगमा शादाब, प्रीति शेखर, डॉ फरहीन वजीरी, डॉ रुखसाना परवीन, डॉ सुरबाला कृष्णा, डॉ अनामिका कुमारी, डॉ कृति सिंह आनंद, डॉ सुनीता कुमारी, डॉ बनिता कुमारी, डॉ रूही खातून, सुनील कुमार, अजय कुमार, अभिषेक कुमार, अजय कुमार, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार, राजेश कुमार, नीरज कुमार, विक्रम कुमार, संजू, विवेक, सुरेंद्र प्रसाद, आनंद, रेणु देवी आदि की उपस्थिति रही है।

# पूर्व मध्य रेल में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



हाजीपुर। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर में ध्वजारोहण किया एवं राष्ट्रध्वज को सलामी दी तथा रेल सुरक्षा बल एवं स्काउट्स एंड गाईड के सदस्यों के परेड का निरीक्षण किया । महाप्रबंधक ने रेलकर्मियों, रेल उपयोगकताओं, मीडिया प्रतिनिधियों सहित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनायें दी । स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह ने कहा कि हमनें सतत विकास एवं मुस्कान के साथ यात्रियों की सुरक्षित यात्रा की प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं । इस वर्ष जुलाई माह तक पूर्व मध्य रेल द्वारा 121 मीलियन टन का माल लदान किया है । यह लदान पिछले वर्ष की इसी अवधि में किए गए माल लदान की तुलना में 7.8 प्रतिशत अधिक है । जनवरी से जुलाई माह तक प्रारंभिक आय लगभग 19 हजार करोड़ रुपए रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक है । जनवरी से जुलाई माह तक माल लदान से प्रारंभिक आय 16 हजार करोड़ रुपए रहा जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 09 प्रतिशत अधिक है जबकि यात्री यातायात से लगभग 2641 करोड़ रुपए प्राप्त हुए जो पिछली अवधि की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत अधिक है । स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पूर्व मध्य रेल के 102 स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद के 105 स्टॉल कार्यरत हैं जहां स्थानीय हस्तशिल्प एवं अन्य उत्पाद की बिक्री की जा रही है।

आधारभूत संरचनाओं के विकास पर बोलते हुए महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि इस वर्ष जनवरी से जुलाई माह तक 79 किलोमीटर दोहरीकरण, 42 किलोमीटर नई लाईन तथा 36.5 किलोमीटर आमान परिवर्तन का कार्य पूरा किया जा चुका है । साथ ही 132 रूट किलोमीटर नई लाईन तथा 223 ट्रैक किलोमीटर दोहरीकरण लाईनएवं यार्ड/साइडिंग का विद्युतीकरण कार्य पूरा किया गया है। यात्री सुविधा पर बोलते हुए महाप्रबंधक महोदय ने कहा कि जनवरी से जुलाई माह तक 20 जोड़ी नई ट्रेन का परिचालन, 10 जोड़ी ट्रेनों का मार्ग विस्तार एवं 88 जोड़ी ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव प्रदान किया गया । इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर 2165 कोचों का अस्थायी संयोजन किया गया । जुलाई माह तक 130 समर स्पेशल ट्रेन एवं 11 वन-वे स्पेशल ट्रेनों द्वारा 4370 फेरे लगाए गए । यात्री सुविधा के तहत इस वर्ष 05 स्टेशन पर 08 लिफ्ट का प्रावधान, पटना जं. पर 02 और स्वचलित सीढ़ियां, 11 स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिजए 20 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म का उच्चीकरण, 07 प्लेटफॉर्म का विस्तारीकरण एवं 12 स्टेशनों पर कंप्यूटरीकृत उद्घोषणा प्रणाली लगाया गया।

इसके उपरांत यात्री सुरक्षा के लिए रेल सुरक्षा बल के साथ प्रहरी के रूप में चौबीसों घंटे तैनात स्वान दस्ता द्वारा स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्री सुरक्षा से संबंधित किये जाने वाले कार्यों से जुड़े कई मनमोहक करतब दिखाए गए । पूर्व मध्य रेल के कलाकारों द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । देश की आजादी एवं रक्षा से जुड़े जवानों के साहस एवं बलिदान से संबंधित नृत्य नाटिकाओं की मनमोहक प्रस्तुति की गयी ।

इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक अमरेन्द्र कुमार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी बी.के.सिंह, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त अमरेश कुमार एवं अन्य उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे । साथ ही पूर्व मध्य रेल के यूनियन/ एसोशिएसन संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी एवं रेलकर्मी भी उपस्थित थे । पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन के पदाधिकारीगण सहित संगठन की अन्य सदस्याएं भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित थीं ।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कामो को देश नही भुलेगा : डॉ मनीष पंकज मिश्रा



प्रात : किरण संवाददाता

गया। भारत रत्न से सम्मानित देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की 6वी पुण्य तिथि, भाजपा किसान मोर्चा बागबानी प्रकोष्ठ के कार्यालय नूतन नगर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम किया गया। सर्व प्रथम उनके चित्र पर पुष्प माला चढ़ा कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में डॉ मनीष पंकज मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, राणा रंजीत सिंह,सुनील कुमार बंबइया,युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाश जयदेव गिरी,सोशल मीडिया के संयोजक रणजीत सिंह,हीरा यादव,मंटू कुमार ,महेश यादव, बबलू गुप्ता ,कुंदन सिंह,विजय प्रसाद उर्फ काला नाग,ने श्रद्धा सुमन अर्पित की इस अवसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी का नाम भारतीय राजनीति में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाता है। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और भारतीय जनता पार्टी के प्रथम अध्यक्ष के साथ साथ भाजपा के प्रमुख नेताओं में से रहे। वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में हुआ था। उन्होंने न केवल एक राजनेता के रूप में, बल्कि एक कवि, लेखक, और पत्रकार के रूप में भी अपनी पहचान बनाई है।

## संक्षिप्त खबरें

### इनर व्हील क्लब ऑफ ओजस्वी द्वारा पालना भवन में किया गया झंडारोहण

गया। इनर व्हील क्लब ऑफ गया ओजस्वी की तरफ से पालना घर पंचायत भवन डेल्हा के बच्चो के साथ 78 वीं स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया है। पालना घर के बच्चो के साथ ओजस्वी की अध्यक्ष रुचि जैन ने झंडोतोलन किया गया है। राष्ट्रीय गान गाकर और जलेबी बाट कर इस कार्यक्रम को विशेष बनाया गया है। इस मौके पर ओजस्वी की सदस्यों द्वारा वहा मौजूद बच्चो को खिलौना भी बाटा गया है। इस मौके पर अध्यक्ष रुचि जैन, प्रीति, अनीता, सुरभि, सोनिया, पूनम, राखी, निधि, प्रिया, नम्रता के साथ और लोग मौजूद थे।

### शांति निकेतन अकैडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

गया। गया शहर के कटारी हिल रोड स्थित शांति निकेतन अकैडमी में 78 वें स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक शांति देवी के द्वारा झंडातोलन किया गया है वही स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मौके पर विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य संगीत प्रस्तुत किऐ जिसे देख विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं सहित अभिभावक मंत्रमुक्त हो गए हैं। और छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुति देख सराहाना किया है।इस मौके पर विद्यालय के निदेशक हरिप्रपन उर्फ पप्पू ने शांति निकेतन अकैडमी के दोनों शाखाओं एवं अपनी ओर से गया, मगध सहित बिहार एवं देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी है।

### चिकित्सक आवास पर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया

इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सब डिस्ट्रिक्ट ब्रांच ,दानापुर ,पटना द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी दानापुर के कार्यालय के लिए जिलाधिकारी ,पटना डाक्टर चंद्रशेखर सिंह द्वारा आवंटित भवन दानापुर बस स्टैंड अनुमंडलीय अस्पताल से पश्चिम उतार स्थित चिकित्सक आवास पर स्वतंत्रता दिवस समारोह धूम धाम से मनाया गया।

छानदोत्तोलन सुबह 10 बजे रेड क्रॉस दानापुर के चेयरमैन राम भजन सिंह यादव ने किया ।इस अवसर पर रेड क्रॉस के पदाधिकारियों ,आजीवन सदस्यों के अलावा दियारा और शहरी क्षेत्रों से भारी संख्या में समाजसेवियों ,महिलाओं ने भाग लिया। सदस्यों में गोपाल कुमार ,सुशील कुमार ,निर्मला देवी ,सुलगना बॉस ,संरक्षक मौलवी हसन उर्फ मक्खन ,मोहमद इम्तियाज खान उर्फ बबन खान ,उपाध्यक्ष इस्तिखर अहमद ,बबिता देवी , ज्ञानति देवी , मीता देवी ,निधि मिश्रा ,उपेंद्र मिश्र ,रामजी राय ,अक्षय कुमार , पार्थिव बॉस,राजनारायण अकेला ,निर्मल कुमार ,जगदीश राय ,कोषाध्यक्ष रामेश्वर कुमार अतिथियों में छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष बंटी गुप्ता ,पूर्व उपाध्यक्ष उमेश प्रसाद ,शंकर सिंह सहित अन्य आधा दर्जन लोग शामिल थे ।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अपने घरों पर लोगों ने फहराया तिरंगा झंडा

जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना, 16 अगस्त ::

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लोगों ने अपने घरों पर फहराया तिरंगा झंडा। खुशी और उत्साह के साथ बिहटा के गुलाब नगर कोरहर में अपने मकान रूचि चौहान ने झंडोतोलन की। झंडोतोलन के बाद झोपड़ी झुग्गी में रह रहे बच्चों के बीच जलेबी का वितरण की। झंडोतोलन के बाद वार्ता के क्रम में। आई एफ डब्लू जे के बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा को बताया कि स्वतंत्रता संग्राम के वीर सपूतों को हमें कभी नहीं भूलना चाहिए। बल्कि हमें उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर अपने देश और समाज के लिए अच्छे कर्म करने चाहिए। उन्होंने बताया कि आज का युवा ही कल का प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बनेगा। इसके लिए युवाओं को संस्कार आधारित शिक्षा देने की आवश्यकता है। 1857 की क्रांति के समय लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था और बलिदान दिए थे। समाज सेविका रुचि चौहान ने बताया कि सम्पूर्ण भारत में सभी लोगों को अपने घरों पर झंडा फहराना चाहिए, ताकि आने वाले जनरेशन को इसे समझने में सहूलियत हो।

उक्त अवसर पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के पूर्व अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा, अलर्ट कमांडो मासिक पत्रिका के सम्पादक अशोक कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के टेप रिकडिस्ट सेवा निवृत कृष्ण बिहारी सिंह, समाज सेवक बीरेंद्र चौहान, अभियंता प्रशांत कुमार सिन्हा, रोजनामा दोस्तान उर्दू दैनिक समाचार पत्र के वरिष्ठ संवाददाता आभा सिन्हा एवम संवादाता सुरभि सिन्हा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पत्रकारों ने जिला प्रशासन को 9 विकेट से हराया

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। 78वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गुरुवार को गांधी मैदान में जिला प्रशासन और पत्रकार एकादश के बीच फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पत्रकारों की टीम ने 9 विकेट से जिला प्रशासन की टीम को करारी शिकस्त दी। पत्रकारों की टीम ने टॉस जीतकर जिला प्रशासन की टीम को पहले बल्लेबाजी करने का आमंत्रण दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जिला प्रशासन की टीम ने निर्धारित 11 ओवर में 7 विकेट खोकर 93 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में शिवकुमार मिश्र और बबलू की ओपनिंग जोड़ी मैदान पर उतरी और शानदार शुरूआत करते हुए पत्रकार की टीम ने एक विकेट खोकर 9.2 ओवर में 95 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। इस मैच में जीत के हीरो रहे। पत्रकार बबलू सिन्हा ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए धुआंधार 22 गेंद में 55 रन की पारी खेली और दो विकेट झटके। पत्रकारों के बल्लेबाजी के आगे जिला प्रशासन के गेंदबाज बेसर दिखाई दिए। पत्रकारों के तरफ से एक विकेट रन आउट के माध्यम से गिरा। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज आउट नहीं हुआ और अपने लक्ष्य को हासिल किया। पत्रकारों की टीम की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अनिरुद्ध कुमार और विश्वनाथ कुमार ने दो विकेट झटका। वही कुंदन कुमार ने एक विकेट ली। जीत के बाद जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह के द्वारा पत्रकारों को ट्रॉफी दी गई। जीत पर पत्रकारों की तरफ से हौसला अफजाई किया गया

# शिवराज सिंह चौहान ने राष्ट्रीय नाशीजीव प्रबंधन प्रणाली एप का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा राष्ट्रीय नाशीजीव प्रबंधन प्रणाली (ठढरर) का एप का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। मौके पर कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर एवं भागीरथ चौधरी भी उपस्थित थे।

यह एप बदलते तकनीकी दौर में फसल प्रबंधन में किसानों के लिए बहुत ही उपयोगी और सहायक साबित होगा। इस एप का विकास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक के आधार पर किया गया है जिसकी मदद से किसान अपने फसलों में लगने वाले कीट / रोग की सही पहचान अपने खेतों में ही करके उसके प्रबंधन के विभिन्न तरीके एवं अनुशंसित कीटनाशकों की उचित मात्रा की सही एवं सटीक जानकारी प्राप्त करके समय रहते उनका समाधान कर सकते है।

कार्यालय के पदाधिकारियों द्वारा इस एप के उपयोग एवं इस्तेमाल के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस एप के शुभारंभ का सीधा प्रसारण केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र, पटना के कार्यालय अध्यक्ष विवेक कांत गुप्ता, वनस्पति संरक्षण अधिकारी (पा..रो. वि.) के मार्गदर्शन में समस्त अधिकारी/ कर्मचारी एवं राजीव कुमार, किसान सलाहकार की उपस्थिति में ग्राम-माधोपुर, प्रखंड-चंडी, जिला-नालंदा में किसानों के लिए किया गया।

# दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर किया झंडोतोलन

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

समाज को समर्पित, मानव सेवा में अग्रणी संस्था दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन ने कार्यालय में बहुत ही हर्ष और उल्लास के साथ देश के 78वें स्वाधीनता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर झंडोतोलन किया। उक्त जानकारी संस्था के निदेशक डॉ राकेश दत्त मिश्र ने दी।

उक्त अवसर पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के निदेशक डॉ राकेश दत्त मिश्र ने कहा कि भारत के स्वाधीनता आंदोलन में जिन लोगों ने बढ़ चढ़कर योगदान दिया और अपना बलिदान दिया उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र आज अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है। उन्होंने कहा कि देश के स्वाधीनता संघर्ष के दौरान आजादी के सेनानियों ने विकसित भारत का सपना देखा था, जिसे आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार रूप देने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। डॉ मिश्र ने कहा कि भारत आज विश्व गुरु के रूप में अपने स्थान पर विराजमान होता हुआ दिखाई दे रहा है यह केवल भारत के 140 करोड लोगों के कारण संभव हो पाया है। जिसे मूर्त रूप देने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सफल हो रहे हैं। आज हमें नये समर्थ और समृद्ध विश्व गुरु भारत के लिए प्रधानमंत्री जी के हाथों को मजबूत करना है।

झंडारोहण के पश्चात दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज का युवा ही कल का प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति होगा। इसके लिए विद्यालय को संस्कार आधारित शिक्षा देने पर बल देना चाहिए। यह बहुत ही प्रसन्नता का विषय है कि हमारी संस्था संस्कार और शिक्षा को देने पर बल देता है। हमें अपने स्वाधीनता आंदोलन से शिक्षा लेकर नए भारत के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उक्त अवसर पर संस्था के सचिव सुबोध कुमार सिंह ने कहा कि 1857 की क्रांति के समय इस क्षेत्र में बढ़ चढ़कर अपने बलिदान दिए थे। उन्होंने कहा कि उस समय के बिहार ने अंग्रेजो को परेशान कर दिया था इस कारण से अंग्रेजो ने बिहार बंगाल और उड़ीसा का विभाजन किया। इस क्षेत्र में एक भी गांव ऐसा नहीं बचा था, जहां से बलिदानी नहीं निकले थे। उसके पश्चात के 90 साल के कालखंड में भी यहां के लोगों ने बढ़ चढ़कर अपने बलिदान दिए। इस प्रकार इस क्षेत्र का भारतीय स्वाधीनता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल में हर्षोल्लास के साथ किया गया झंडोतोलन

गया। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में चर्चित हॉस्पिटलों में एक गया शहर के एपी कॉलोनी में संचालित अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में 78 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ झंडोतोलन किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अर्श सुपर स्पेशलियटी हॉस्पिटल के संस्थापक सह हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नवनीत निश्चल एवं प्रबंध निदेशक डॉक्टर कविता निश्चल ने झंडोतोलन किया गया है। वही इस मौके पर देश के आजादी में भूमिका निभाने वाले महापुरुषों के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया है।

# मानव अधिकार रक्षक ने अपने कार्यालय परिसर में किया झंडोतोलन

जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटन

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय मानव अधिकार रक्षक ने दीघा स्थित कार्यालय परिसर में किया झाड़ोतोलन। उक्त जानकारी संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि में भारतीय मानव अधिकार रक्षक की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रितु कुमारी के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया था, जहां उन्होंने झंडोतोलन की। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय मानव अधिकार रक्षक की ओर से संस्था के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार ने दीघा स्थित कार्यालय परिसर में ही मुफ्त स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया , जहां लगभग 50 बच्चों एवं महिलाओं को निःशुल्क जांच किया गया और आवश्यकता अनुसार उन्हें निः शुल्क दवाई भी दिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में भारतीय मानव अधिकार रक्षक की संस्थापिका रीता सिन्हा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रितु कुमारी, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार, नालंदा जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और बच्चों को स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि देश के ऐतिहासिक पर्व को बाकी पारंपरिक त्योहारों के तरह ही मनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि झंडोतोलन कार्यक्रम में भारतीय मानव अधिकार रक्षक की संस्थापिका रीता सिन्हा, राष्ट्रीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रितु कुमारी, कानूनी सलाहकार सपना कश्यप, मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ दीपक कुमार, नालंदा जिला अध्यक्ष संजय कुमार, पटना जिला मीडिया सचिव तरुण कुमार, पटना जिला महासचिव गीता प्रसाद, पटना जिला सचिव रमा गुप्ता, सक्रिय सदस्य रवि शंकर उपस्थित रहें।

### 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सशस्त्र सीमा बल, पटना के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का हुआ आयोजन

पटना। 78वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल, पटना के द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह सीमांत मुख्यालय (कपूर्री ठाकुर सदन) के परांगण में मनाया गया कपंकज कुमार दाराद, भा.पु.से.,महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल सीमांत मुख्यालय, पटना के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं राष्ट्रगान गाकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गयी इस अवसर पर महानिरीक्षक ने स्वतंत्रता दिवस की सभी बलकर्मियों एवं उनके परिजनों को शुभकामनाएं व बधाई दी तथा बलकर्मी द्वारा किए गए उनके उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की कइस शुभ अवसर पर सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल पटना के कुल 10 बलकर्मियों ऋं "ल्ल३१८ अवार्ड से नवाजा गया कइसके अतिरिक्त सीमांत पटना के 159 बलकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए महानिरीक्षक प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया तथा 10वीं / 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 29 बलकर्मियों के बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार से सम्मानित किया गया

# गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर के लक्षणों को नजरअंदाज न करें कि बहुत देर न हो जाए

गया, प्रात : किरण संवाददाता



पटनाः गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर का इलाज करने वाले डॉक्टर के रूप में यह देखना दिल दहलाने वाला होता है जब मरीजों का कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है। एक बार जब कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में फैल जाता है, तो इसका इलाज करना कठिन हो जाता है। अक्सर, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि कैंसर को समय पर पकड़ा नहीं जा सका।

हालांकि इन मरीजों में कुछ गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल लक्षण होते हैं, लेकिन ज्यादातर समय ये लक्षण गैर-विशिष्ट और अस्पष्ट होते हैं। यदि हम इन कैंसरों का जल्द पता लगा पाते, तो हम अधिक जीवन बचा सकते थे। लेकिन क्यों ये कैंसर अक्सर तब तक अनदेखे रहते हैं जब तक कि बहुत देर न हो जाए? क्या ऐसी चेतावनी के संकेत हैं जिन पर हमें ध्यान देना चाहिए?

डॉ. निखिल अग्रवाल, निदेशक - सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (जीआई और एचपीबी), मैक्स अस्पताल साकेत ने कहा पाचन तंत्र कई अंगों से मिलकर बना होता है जो भोजन को तोड़ने और अवशोषित करने में मदद करते हैं। इन अंगों में अन्ननली, पेट, छोटी आंत, बड़ी आंत, पित्ताशय, पित्त नली, अग्न्याशय और यकृत शामिल हैं। दुर्भाग्य से, इन अंगों में से किसी में भी कैंसर विकसित हो सकता है। जब डॉक्टर कैंसर कोशिकाओं को माइक्रोस्कोप के नीचे देखते हैं, तो वे कई प्रकार के कैंसर देख सकते हैं, जैसे एडेनोकार्सिनोमा, स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा, न्यूरोएंडोक्राइन ट्यूमर और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल स्ट्रोमल ट्यूमर। प्रत्येक प्रकार का कैंसर अद्वितीय होता है और इसके लिए विभिन्न उपचार दृष्टिकोणों की आवश्यकता होती है। विभिन्न प्रकार के गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसरों को समझने से डॉक्टर और मरीज उपचार और देखभाल के बारे में सूचित निर्णय ले सकते हैं।

हमारे गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल अंग, जैसे पेट और आंत, पेट के अंदर सुरक्षित रूप से छिपे होते हैं, जो मजबूत मांसपेशियों और ऊतकों की परतों द्वारा संरक्षित होते हैं। इसी तरह, अन्ननली को हमारे छाती में पसलियों द्वारा सुरक्षित किया जाता है। यह सुरक्षात्मक परत एक दोधारी तलवार की तरह होती है। एक ओर, यह हमारे अंगों को चोट से बचाती है, लेकिन दूसरी ओर, यह बीमारियों और कैंसर का जल्दी पता लगाने में कठिनाई उत्पन्न करती है। इसलिए हमारे शरीर के चेतावनी संकेतों पर ध्यान देना महत्वपूर्ण होता है। लक्षण अलार्म घंटियों की तरह होते हैं, जो हमें बताते हैं कि कुछ गड़बड़ है। यदि हम ध्यान से सुनें, तो हम शुरूआती चरणों में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारियों और कैंसर का पता लगा सकते हैं। डॉ. निखिल ने आगे कहा गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसरों में निगलने में कठिनाई, पेट में दर्द, बार-बार उल्टी, अनपेक्षित वजन घटाव, भूख में कमी, उल्टी या मल में खून आना, बदली हुई मल त्याग की आदतें, संकरी मल त्याग, कमजोरी या थकान, लगातार पेट में असहजता, अपूर्ण उत्सर्जन की भावना, अपच या हार्टबर्न का बिगड़ना, पीलिया, हल्के रंग का मल, खुजली, हाल ही में शुरू हुआ मधुमेह, पेट में गांठ, कम लाल रक्त कोशिका गिनती और आवाज में बदलाव जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। इन लक्षणों को पहचानकर और समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त करके, हम बीमारियों और कैंसर का जल्दी पता लगा सकते हैं, जब उनका इलाज अधिक संभव हो।

शुरूआती चरणों में, लक्षण हल्के या न के बराबर हो सकते हैं, जिससे उन्हें अनदेखा करना आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, इनमें से कई लक्षण आम पाचन समस्याओं जैसे एसिडिटी, कब्ज या दस्त के लक्षणों के समान होते हैं, जो हम सभी समय-समय पर अनुभव करते हैं। परिणामस्वरूप, हम अक्सर मान लेते हैं कि हमारे लक्षण मामूली समस्या के कारण हैं, न कि एक गंभीर समस्या जैसे कैंसर के कारण।

इससे निदान में देरी होती है, और अक्सर गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर तब तक अनदेखा रह जाता है जब तक कि वह उन्नत चरण में न पहुंच जाए। इससे उपचार अधिक चुनौतीपूर्ण हो जाता है और जीवित रहने की संभावना कम हो जाती है।

गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसरों के लिए कई जोखिम कारक होते हैं। इनमें बढ़ती उम्र, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल कैंसर का पारिवारिक इतिहास, धूम्रपान और शराब का सेवन, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों में समृद्ध और फलों और सब्जियों की कमी वाला आहार, शारीरिक गतिविधि और व्यायाम की कमी, और मोटापा शामिल हैं। हल्का पेट दर्द या गैस्ट्रिक समस्या आमतौर पर चिंता का कारण नहीं होती।

यदि यह कभी-कभार होता है, तो इसे नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन यदि लक्षण नियमित रूप से होते हैं, बिगड़ते हैं और दूर नहीं होते हैं, तो चिकित्सा सहायता लेनी चाहिए। लगातार लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। इस बात की संभावना है कि यह एक मामूली समस्या हो, लेकिन कभी-कभी, कैंसर छिपा हो सकता है। इसलिए सतर्क रहना और अपने शरीर की फुसफुसाहटों को सुनना महत्वपूर्ण है। चिकित्सा सहायता लेने में देरी न करें। सुरक्षित रहना हमेशा बेहतर होता है।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी ने मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

मुंगेर (बिहार)। अखिल भारतीय मानवाधिकार विचार मंच पार्टी कार्यालय चितोलोढिया देवघर में जिला अध्यक्ष चंद्रकांत मंडल की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीराम सिंह तथा पार्टी के अनेकों पदाधिकारियों और कार्यकताओं की उपस्थिति में 78 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। जिला अध्यक्ष द्वारा झंडोत्तोलन किया गया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी गई और भारत माता की आजादी के लिए शहिद हुए वीर देशभक्तों तथा स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए देश सेवा का संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय पर्व के इस अवसर पर पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार वर्णवाल, संथाल परगना प्रभारी उपेन्द्र प्रसाद यादव, प्रदेश सचिव दिलीप कुमार तिवारी, प्रदेश सचिव गोपाल सिंह, गौतम कुमार प्रदेश अध्यक्ष दलित प्रकोष्ठ, कृपाशंकर करुणा निधी उपस्थित थे।

### 15 अगस्त के मौके पर प्रखंड प्रमुख ने ध्वजारोहण किया

बरियारपुर (मुंगेर)। 78 वां स्वाधिनता दिवस के अवसर पर प्रखंड अन्तर्गत हर्षोल्लास वातावरण झंडोत्तोलन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड परिसर मे प्रखंड प्रमुख रुचि रानी प्रखंड विकाश पदाधिकारी स्वेता कुमारी,प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के साथ तमाम पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहें करहरिया पश्चिमी पंचायत के मुखिया अशोक कुमार मंडल, बरियारपुर उत्तरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रतन मंडल, बरियारपुर दक्षिणी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बिनय कुमार गुड्डू पुर्व पंचायत समिति सदस्य कृष्ण देव मंडल , इत्यादि उपस्थित रहें। बरियारपुर थाना प्रांगण में पुलिस निरीक्षक सह थाना अध्यक्ष राजेश कुमार ने झंडोत्तोलन किया बरियारपुर थाना मे पदास्थापित पदाधिकारी सह वल के जवानों ने झंडे को सलामी दिये तथा मिठाईयां बांटा । मुंगेर चैम्बर आफ कॉमर्स शाखा बरियारपुर के अध्यक्ष औम प्रकाश अग्रवाल ने झंडोतोलन किया तथा मिठाईयां बांटकर अपने खुशी के इजहार कर कहा कि इस स्वाधिनता दिवस के अवसर पर मुंगेर चैम्बर आफ कामर्स शाखा के तमाम सदस्यों को आभार प्रकट किया।

### 10 दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप की सफलतापूर्वक शुरूआत

बोधगया। बोधगया के निगमा मोनास्ट्री में 6 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित 10 दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप की सफलतापूर्वक शुरूआत की गई। इस कैंप में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से 250 से अधिक एन.सी.सी. कैडेटस् ने पूरे जोश एवं उत्साह के साथ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। कैंप के उद्घाटन सत्र के दौरान संबोधित होते हुए 6 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पंकज कुमार (कीर्ति चक्र) ने सबसे पहले एन.सी.सी.के महत्व पर प्रकाश डाला वहीं साथ ही उन्होंने विशेष रूप से लड़कियों के द्वारा एन.सी.सी. को अपनी शिक्षा के साथ साथ चुनने के लिए शाबाशी भी दी। जीवन में अनुशासन की अहमियत पर बात करते हुए उन्होंने युवाओं में अनुशासन की भावना पर जोर दिया ताकि देश के विकास में सभी के द्वारा बढ़-चढ़ कर योगदान दिया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी कैडेटस् को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने एवं इन्हें पूरा करने के लिए निरंतर लग्न एवं मेहनत के साथ आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। एडम ऑफिसर कर्नल एमके शुक्ला ने इस अवसर पर संबोधित होते हुए कैडेटस् का इस ट्रेनिंग कैंप में स्वागत किया और सभी को पूर्ण निष्ठा एवं सर्मपण के साथ ट्रेनिंग हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# प्रतिबंधित दावों का भंडारण नाजायज तरीके से दुकानदार ना कर सके : आयुक्त

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर( बिहार)। औषधि निरीक्षक अपने क्षेत्र में छापामारी कर ऐसी उपस्थिति दर्ज करें की वो इतनी प्रभावी हो के दवा दुकानदारों में आपके पारदर्शितापूर्ण कार्यशैली का प्रभाव हो और वो गलत तथा प्रतिबंधित दवाओं का भंडारण अथवा नाजायज तरीके से उसकी बिक्री न कर सकें। उक्त बातें बुधवार को प्रमंडलीय आयुक्त संजय कुमार सिंह ने आयुक्त कार्यालय में आयोजित औषधि निरीक्षकों की बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा। उन्होंने प्रमंडल अंतर्गत केमिस्ट और ड्रगिस्ट द्वारा बेचे जाने वाले दवाओं के भंडारण और उसके बिक्री पर बिंदु वार चर्चा की।

आयुक्त ने उपस्थित सभी औषधि निरीक्षकों से कहा कि यह आप सबों के साथ पहली बैठक है, जिसका उद्देश्य प्रमंडल में दवा दुकानदारों द्वारा बेचे जा रहे दवाओं की गुणवत्ता, उसकी एक्सपायरी तिथि सहित गलत तरीके से प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर रोक लगाना और आम जन को सही और सटीक दवा उपलब्ध कराना है। अमूमन आप सभी औषधि निरीक्षकों की छवि आम जनों में काफी साफ परिलक्षित नहीं रहने के कारण आप लोग हमेशा शक के ही दायरे में रहते हैं और बराबर आप लोगों की शिकायत भी आम जन द्वारा पदाधिकारियों तक पहुंचती रहती है जो अत्यंत ही खेदजनक और गलत है। आप सभी नियमित रूप से अपने संबंधित क्षेत्रों में लगातार पारदर्शी एवं साक्ष्य आधारित छापेमारी करें, जिससे की आपके खिलाफ कोई गलत आरोप न लगा सके। रेड के दौरान उसकी वीडियोग्राफी कराएं और पारदर्शी तरीके से निर्धारित कानूनन कार्रवाई के साथ प्रतिवेदन बनाएं, जो निष्पक्ष और पारदर्शी दिखे।

उन्होंने कहा कि जितने भी दवा दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों में दवाओं का भंडारण अथवा बिक्री की जा रही है, उसका सैंपल कलेक्शन कर लैबोरेट्रीज में उसकी जांच भी अवश्य कराएं की बेची जाने वाली दवाएं असली और गुणवत्तायुक्त है या नहीं। जांच में लगे की बेची जाने वाली दवा नकली अथवा गुणवत्तायुक्त नहीं है तो उन दुकानदारों के खिलाफ निर्धारित एक्ट के तहत कार्रवाई करें और जुमार्ना भी वसूलें। औषधि निरीक्षकों द्वारा बताया गया कि दवा जांच के लिए ऐसी एक भी लेबोरेट्रीज नहीं है जहां जांच कराया जा सके। आयुक्त ने कहा कि आप सभी अपने स्तर से संचिका बढ़ाएं, प्रमंडल स्तर से स्वास्थ विभाग को पत्राचार कर ऐसी लेबोरेट्रीज खोले जाने हेतु अनुरोध किया जायेगा। उन्होंने सभी औषधि निरीक्षकों से माह में कम से कम 20 निरीक्षण करने और उससे संबंधित जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी औषधि निरीक्षक जागरूक हो कर कार्य करें, जिससे आपकी एक अलग पहचान बने और दावा विक्रेताओं में आपका भय दिखे। आपके ऐसा करने से आम जन को इसका लाभ मिलेगा और उन्हें गुणवत्तायुक्त अच्छी दवा मिलेगी। पूर्व के निरीक्षण अथवा जांच प्रतिवेदन की समीक्षा में आयुक्त ने खगड़िया और बेगूसराय के छापेमारी अभियान पर असंतोष व्यक्त करते हुए सभी जिलों के औषधि निरीक्षकों को नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो भी छापेमारी करें वह औचक हो जिससे की दुकानदारों द्वारा गलत बेची जाने वाली दवाओं के भंडारण का पता चल सके और उन और उचित कार्रवाई हो सके। नारकोटिक्स ड्रग्स के भंडारण अथवा बिक्री क्रेन वाले दवा विक्रेताओं पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी भी दर्ज करें और उसकी सूचना पुलिस को भी दें। संभव हो तो पुलिस की देखरेख में ही छापेमारी अभियान चलाएं। छापेमारी में जब्त की गई दवाओं के भंडारण को समुचित व्यवस्था करें और यदि वह एक्सपायरी हो कर विषाक्त बनने लगे तो उसके निरस्तीकरण की भी विधिवत कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों में भी जो दवा खरीद की जाती है उसकी भी सही से जांच करें और देखें की शॉर्ट एक्सपायरी दवा यदि ज्यादा भंडारण में है तो उसे तुरत चिन्हित कर ज्यादा खपत होने वाले अस्पतालों को उपलब्ध कराएं, जिससे उसका उचित समय पर उपयोग हो सके। आयुक्त ने दवा दुकानदारों को दिए जाने वाले लाइसेंस की भी जानकारी ली।

बताया गया कि पांच वर्ष के लिए किसी भी दवा दुकानदारों, जिनके द्वारा सारे उचित दस्तावेज एवं मानक को पूरा किया जाता उन्हें ऑनलाइन आवेदन के पश्चात जांचोपरांत 30 दिनों के अंदर लाइसेंस उपलब्ध कराया जाता है। पांच वर्ष बाद उन्हें पुनः लाइसेंस लेना होता है। लाइसेंस के नवीकरण का कोई प्रावधान नहीं होता है। आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों को सही से निर्वहन करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा की अगली बैठक में आपके द्वारा किए गए प्रत्येक छापेमारी के सभी प्रतिवेदन के साथ उपस्थित रहेंगे। बैठक में विशेष कार्य पदाधिकारी दिलीप कुमार देव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देवव्रत मिश्रा, क्षेत्रीय सहायक निदेशक डॉ बीरेंद्र कुमार सहित प्रमंडल के सभी औषधि निरीक्षक उपस्थित थे।

## खंड बिहार गांव में कन्या प्लस टू विद्यालय की स्थापना स्वीकृति देने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। खड़गपुर अनुमंडल क्षेत्र में उच्च विद्यालय बहुत हैं लेकिन कन्या उच्च विद्यालय मात्र एक ही पंच कुमारी उच्च विद्यालय है। खंडविहारी बुनियादी विद्यालय के प्रांगण में आधारभूत संरचना द्वारा लगभग 2 करोड रुपए की लागत से उच्च विद्यालय स्थापित करने के उद्देश्य से भवन का निर्माण कराया गया था लेकिन शिक्षा विभाग और जनप्रतिनिधियों और तत्कालीन जिला अधिकारी की लापरवाही से खंड बिहार गांव में उच्च विद्यालय की स्थापना नहीं हो पाई या भवन बेकार साबित हो रहा है भूसीचक बोखकरा शासन नवटोलिया गोपालपुर खंड बिहारी तेंदुआ के संपूर्ण शहर के नागरिकों ने नारी सशक्तिकरण के लिए खंड बिहारी में कन्या प्लस टू उच्च विद्यालय की स्थापना करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री बिहार के शिक्षा मंत्री और भारत के प्रधानमंत्री भारत के शिक्षा मंत्री को अलग-अलग ज्ञापन देकर कन्या प्लस तू उच्च विद्यालय की स्थापना दिए जाने की मांग की है सैकड़ो ग्रामीणों ने बताया कि आज के परिवेश में विद्यालय की दूरी ग्रामीण क्षेत्र से उच्च विद्यालय मुजफ्फरनगर 4 किलोमीटर की दूरी 5 किलोमीटर बैजलपुर हाई स्कूल की दूरी 8 किलोमीटर कौड़िया स्कूल की दूरी 10 किलोमीटर और खड़गपुर स्कूल की दूरी 12 से 15 किलोमीटर है सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की बेटियां पढ़ना चाहती हैं लेकिन भाई से नामांकन कराकर या तो स्कूल नहीं जाते हैं या फिर एक जमात तोतों से जाती हैं जिससे प्रतिमाह टोटो का भाड़ा 500 से 800 अभिभावकों को भरना पड़ता है गरीब इस खर्च की मार के कारण वर्ग 8 तक की पढ़ाई करा कर बेटियों की पढ़ाई छुड़वा दिया करती हैं इन गांव की बेटियां घर पढ़कर ही मैट्रिक की परीक्षा और इंटर की परीक्षा देती हैं इन छात्रों ने बताया कि इस ग्रामीण क्षेत्रों में कन्या प्लस टू का विद्यालय स्थापना हो तो छात्रों को आसान होगा और गरीब की बेटियां भी देश और समाज के लिए कुछ कर पाएगी।

विद्यालय में कन्या प्लस टू की स्थापना की स्वीकृति प्रदान कर नारी सशक्तिकरण का सम्मान की जाए ताकि छात्राओं और बेटियों को आगे बढ़ने का मौका मिल सके।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



संग्रामपुर (मुंगेर) 78 वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रखंड मुख्यालय के सभी कार्यालय, निजी एवं सरकारी विद्यालयों एवं सभी पंचायत में समारोह पूर्वक ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर प्रखंड सह आंचल कार्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख इंदु देवी,संग्रामपुर थाना परिसर में थानाध्यक्ष रूबिकांत कच्छप, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर एस एस राय, अंबेडकर चौक पर विधायक प्रतिनिधि प्रकाश सिंह सहित सभी विभागों के कार्यालय में संबंधित विभाग के पदाधिकारी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर संग्रामपुर थाना परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पुलिस कर्मियों ने देश भक्ति गीतों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में आए थाना क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों ने देशभक्ति से ओत प्रोत इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का भरपूर मनोरंजन लिया। नवगठित नगर पंचायत में भी मुख्य पार्षद नीलम देवी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर सभी वार्ड पार्षद सहित नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी मनीला राज भी उपस्थित थीं। प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत में मुखिया के द्वारा भी ध्वजारोहण किया गया।

# शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में डीएम ने दिए निर्देश सभी शिक्षक ऑन-लाइन दर्ज करें अपनी उपस्थिति

प्रात : किरण ब्यूरो




मुंगेर (बिहार)। शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, विद्यालय में पठन पाठन, आंतरिक संसाधन के कार्य आदि पर बिंदु वार चर्चा हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालय के चहारदीवारी निर्माण कार्य की समीक्षा में कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता के कार्या पर असंतोष व्यक्त किया। निर्धारित समय सीमा के अंदर चिन्हित विद्यालयों में जो चहारदीवारी निर्माण तथा मरम्मती का जो कार्य कराया जा रहा है, वह अत्यंत ही धीमि गति से चल रहा है। साथ ही कार्यपालक अभियंता और कनीय अभियंता द्वारा कार्या का स्थलीय निरीक्षण भी नहीं किया जा रहा है।

उन्होंने कार्यपालक अभियंता के कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त करते हुए उनसे स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में जो भी चहारदीवारी का निर्माण कार्य, मरम्मती कार्य अथवा शौचालय आदि के निर्माण कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की अनियमितता न बरतें और संवेदक अथवा एजेंसी को स-समय कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में जो भी कार्य किया गया है उसकी समीक्षा करें तथा जिन-जिन विद्यालयों में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, उसका अद्यतन प्रतिवेदन अगली बैठक में अवश्य उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह शिक्षा विभाग की बैठक की जाएगी, जिसमें बिंदु वार अद्यतन प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही जितने भी कार्य लंबित पड़े हैं, उन्हें भी शीघ्र पूर्ण कराएं तथा जिन विद्यालयों में निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां भी शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ कर निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करें। विद्यालयों में शिक्षकों के आनलाइन उपस्थिति बनाने की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि कुछ विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा अब तक ओन लाइन उपस्थिति नहीं बनायी जा रही है, साथ ही उनके द्वारा अब तक ई-शिक्षा कोष पोर्टल पर भी अब तक अपना रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है। जिलाधिकारी ने ऐसे शिक्षकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओनलाइन उपस्थिति नहीं बनाना अनियमितता की श्रेणी में आता है तथा उनके कर्तव्यहीनता को दशार्ता है। इस लिए निर्धारित मानक के अनुसार ही सभी शिक्षकों को उपस्थिति बनाने के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को कार्रवाई का निर्देश दिया।

विद्यालयों में बेंच डेस्क आपूर्ति की समीक्षा में भी उन्होंने पाया कि अब भी कई विद्यालयों में बेंच डेस्क की आपूर्ति नहीं हुई है। उन्होंने तत्काल सभी विद्यालयों में बेंच डेस्क की आपूर्ति पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री बालिका (स्नातक) प्रोत्साहन योजना की राशि का शत प्रतिशत वितरण नहीं किए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र इसे वितरित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी महाविद्यालयों में जा कर ऐसी बालिकाओं को चिन्हित करें और उन्हें इन योजनाओं की जानकारी, उसके लाभ की जानकारी दें तथा आवेदन करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराएं, ताकि छात्राएं स-समय इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिलाधिकारी ने विद्यालयों में साफ-सफाई की व्यवस्था सुद्दढ़ करने और छात्र-छात्राओं को भी सफाई के जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सफाईकर्मियों को एजेंसी के माध्यम से स-समय मानदेय भुगतान कराएं। भुगतान के अभाव में ही सफाई कर्मी द्वारा कार्य बहिष्कार किया जाता है, इस लिए संबंधित एजेंसी को स-समय भुगतान कराने का निर्देश दें। इसके साथ ही ई -शिक्षा कोष पर संबंधित सभी डाटा को अद्यतन करें, जिससे किसी भी तरह की जानकारी शीघ्र प्राप्त हो सके। विद्यालयों में बच्चों को पाठ्यक्रम के अनुसार ही पढ़ाएं। सभी विद्यालय प्रधानों को कक्षावार पाठ्यक्रम बनाने और उसी के आधार पर कक्षा संचालित कर पाठ्यक्रम को पूर्ण कराएं, जिससे बच्चों को इम्तिहान के समय दिक्कत न हो तथा निर्धारित समय सीमा के अंदर पाठ्यक्रम पूर्ण हो। उन्होंने विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने का भी निर्देश दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जनता दरबार मे पांच सौ लोगो की समस्या सुनी गई

गया। शुक्रवार को आयोजित जिला पदाधिकारी का जनता दरबार मे जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने उपस्थित लगभग 500 व्यक्तियों के मामले को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को जांच यथाशीघ्र कराते हुए जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया हू। कई मामलों में जिला पदाधिकारी द्वारा जिले के वरीय पदाधिकारी यथा उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी संबंधित प्रखंड के नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि द्वारा मामले को जांच करने का भी जिम्मा दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना से संबंधित आए मामलों को जिला पदाधिकारी ने उप विकास आयुक्त को संबंधित आवेदनों को यथाशीघ्र जांच करते हुए पात्रता रखने वाले व्यक्तियों को प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ देने हेतु आगे कि करवाई कार्य करने का निर्देश दिया गया है। कई व्यक्तियों ने भूमि विवाद, आपसी बटवारा, अतिक्रमण, जमीन संबंधी दिक्कते आदि से संबंधित आवेदन दिए हैं। उन सभी आवेदन के आलोक में जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष एवं अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अध्यक्षता में थाना स्तर एवं अनुमंडल स्तर पर हर शनिवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में दोनों पक्षों के व्यक्तियों को बुलाकर संबंधित मामलों को प्राथमिकता देते हुए निराकरण कराने का निर्देश दिए हैं।

# स्वर्ण व्यवसाईयों के कष्ट पर एसआई टी बनाकर सरकार करेगी जांच : सम्राट चौधरी

पटना।। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि स्वर्ण व्यापारियों के कष्ट होने पर सरकार एसआईटी बनाकर जांच करेगी और दोषियों पर उचित कार्यवाही भी करेगी। यह तभी संभव होगा जब व्यवसायी लोग भी सरकार को सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा बिहार तभी आगे बढ़ेगा जब यहां व्यवसाय और कुटीर उद्योग बढ़ेगा। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को आंल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन एवं कैट के तत्वाधान में आयोजित ट्रेडर्स कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की बैंक अगर व्यवसायियों का सपोर्ट नहीं करता है तो व्यवसाय इस मुद्दे को एसएलबीसी की बैठक में बताएं सरकार उन पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में सामान खरीद के लिए बनी नीति के हत सरकारी खरीद में बिहार के निमार्ता को 50% का आरक्षण मिलेगा। इसमें 30% तो सरकार को किसी भी कीमत पर बिहार के निमार्ता से लेना होगा। श्री चौधरी ने व्यवसाय अनंत अरोड़ा के सवाल पर कहा कि बिहार में जल्द ही व्यवसायिक आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा बिहार में भारत सरकार के सपोर्ट से पांच और बिहार सरकार के सपोर्ट से तीन एयरपोर्ट जल्द ही बनेगा जिससे कि व्यापारियों को सुविधा मिलेगी। श्री चौधरी ने कहा कि व्यापारियों के पीड़ा को सरकार अपना पीड़ा समझती है और इसी के समाधान के लिए सरकार जीएसटी लाई है।

इस मौके पर बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि विधि व्यवस्था ठीक हो और शांति हो तभी किसी भी प्रदेश में व्यवसाय बढ़ता है अब बिहार और देश में एनडीए की सरकार में विधि व्यवस्था की स्थिति बदली है और बड़े पैमाने पर व्यवसाय व्यवसाय भी लगा रहे हैं। इस मौके पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि वह व्यापारियों की समस्या के लिए खुद मुख्यमंत्री से मिलकर व्यवसायियों की भावना को अवगत कराएंगे उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जीएसटी खाताधारको अन्य प्रदेशों की तरह यहां भी बीमा की सुविधा मिलनी चाहिए।

इस मौके पर खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि वह पहले व्यवसायी हैं बाद में राजनेता हैं उन्होंने कहा कि उनका आग्रह होगा कि जहां भी व्यावसायिक की समस्या है उसे लोग अवगत कराएं और उसको वो संसद में उठाएंगे। कार्यक्रम में विधायक संजय सरावगी ने कहा कि सरकार को जिला प्रमंडल व अंचल स्तर पर टैक्स देने वाले व्यवसायियों के लिए सम्मान कार्यक्रम भी आयोजित हो। इस मौके पर नेपाल सरकार की पूर्व कृषि मंत्री ज्वाला कुमारी शाह ने कहा कि बिहार और नेपाल के बीच पारंपरिक संबंध रहा है और यहां से नेपाल का बेटी रोटी का रिश्ता रहा है उन्होंने कहा की बिहार को नेपाल का राष्ट्रीय फल संतरा को आयात करने में उनकी तरफ से पूरी मदद दी जाएगी। इस मौके पर ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड स्मिथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा की बिहार में हर 10 दिन पर एक लूट की घटना बहुत ही दुखद है सरकार को हर महीने पुलिस मित्र कमेटी की बैठक करके व्यवसायियों की समस्या का समाधान करना चाहिए।

# समारोह पूर्वक मनाया गया 78 वां स्वतंत्रता दिवस

प्रात : किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। 78 वां स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों में समारोहपूर्वक झंडोत्तोलन किया गया। सर्वप्रथम शहीद स्मारक पर जदयू विधायक राजीव कुमार सिंह द्वारा पुष्पांजलि कर झंडोत्तोलन किया गया । उसके बाद मुख्य समारोह स्थल आर एस कॉलेज खेल मैदान पर अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार द्वारा झंडा फहराया गया । इसके पूर्व खेल मैदान में परेड का निरीक्षण खुली जीप से एसडीओ एवं डीएसपी ने किया । मुख्य समारोह स्थल पर कार्यक्रम का संचालन पारा माउंट एकेडमी के वेदानंद झा ने किया । गौरतलब है कि इसके पूर्व अनुमंडल कार्यालय पर एसडीओ प्रखंड कार्यालय पर प्रमुख नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी थाना में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार अनुमंडल अस्पताल व्यापार मंडल के साथ-साथ अधिवक्ता संघ कार्यालय महाविद्यालय एवं सभी तरह के स्कूलों सहित रिक्शा यूनियन कार्यालय पर लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह इत्यादि लोगों ने हर्षोल्लास के साथ झंडोत्तोलन किया ।

समारोह के मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री कुमार ने मुख्य समारोह स्थल से अपने संबोधन के दौरान राज्य सरकार द्वारा शिक्षा चिकित्सा स्वरोजगार सहित प्रधानमंत्री आवास योजना वृद्धा पेंशन से लेकर कृषि के क्षेत्र में चलाई जा रही कई विकास कार्य जैसी योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर लोगों को विशेष जानकारी दिया । इसके पूर्व महादलित टोले में भी पदाधिकारी की मौजूदगी में झंडोतोलन वहां के बुजुर्ग लोगों द्वारा समारोह पूर्वक कराया गया ।

हालांकि कुछ राजनीतिक चढ़ा उतार के कारण इस वर्ष अनुमंडल प्रशासन ने पत्रकार अधिवक्ता जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन एकादश के बीच होने वाले क्रिकेट मैच के साथ-साथ रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे आयोजन को भी स्थगित कर दी गई । समारोह के मौके पर पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी पूर्व विधायक गणेश पासवान लोजपा के राष्ट्रीय सचिव मिथिलेश कुमार सिंह पूर्व मुखिया कुमार प्रणय चन्द्रशेखर चौधरी मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना
अल्पकालीन कोटेशन आमंत्रण सूचना संख्या-06 वर्ष 2024-25

समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदकों/ख्याति प्राप्त फार्मो/निबंधित दुकानदारों/कम्पनियों (जिसे Cupboard and Kitchen के कार्य करने का अनुभव हो उसे विशेष प्राथमिकता दी जायेगी) से निम्नलिखित कार्य के लिए मुहरबंद कोटेशन आमंत्रित किया जाता है, जो अधीक्षण अभियंता, दक्षिण बिहार अंचल, भवन निर्माण विभाग, पटना, एवं अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में दिनांक 24.08.2024 के अपराहन 12:30 अपराहन बजे तक प्राप्त किया जायेगा एवं उसी दिन 3:00 बजे अपराह्न में कोटेशनदाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जाएगा।

कार्य का विवरणी :-

| क्र0 | सामग्री का नाम एवं विशिष्टयॉ | मात्रा | इकाई |
|---|---|---|---|
| 1 | S/F/F/ Cupboard & Modular Kitchen in B-Type quarter (Block-1 Flat No-107,108 & 109) at Gardanibagh, Patna for the year 2024-25 | | |
| i | S/F/F Cupboard/Cabinet with 19 mm thick water proofing ply board partition and 12 mm thick water proofing plywood in back side including 1'6" clear depth with all necessary ornaments fittings etc all complete job. (Supply, Fabrication and installation 18 mm thick BWP Plywood framed wardrobe, Cabinet & hanging cabinets along with basket & trolley in kitchen fabrication at site with all fixtures fitting and accessories complete as per drawings & direction of E/I. make green ply, century ply S/F/F/ fixing of Baskets made of 201 grade S.S. rod and with around 1% nickel and chrome plating. It has 7 mm upper rod and 6 mm parallel rods and 2.9 mm base rods provided in all types of baskets, Hetich, KAFF & Godrej, Plain Basket, Cutlary tray, Thali Basket) | 201.03 Sft | Per Sft |
| ii | S/F/F of Modular kitchen with aerialic finished with steel sliding basket etc all complete job. | 40.94 Sft | Per Sft |

➢ कार्य समाप्ति की अवधि : 20 दिन
➢ विशेष जानकारी हेतु बेबसाईट बेबसाईट www.state.bihar.gov.in/prdbihar देखें या अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में कार्यावधि में सम्पर्क करें।

कार्यपालक अभियंता,
गर्दनीबाग भवन प्रमंडल,
भ0नि0वि0, पटना

PR. No. 006255 (BCD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

Govt. of Bihar

**Water Resources Department**
Office of the Executive Engineer
Punpun Flood Protection Division
Anisabad, Patna, Bihar

**Short Term Re-E tender Notice Invitation No 13/2024-25**
(Item Rate Tender)

Supply and installation of Electronic Gadgets (Desktop, printer, scanners, plotter etc) and Buy Back of different old gadgets at Control and Command Centre, third floor, Sinchai Bhawan, WRD Patna

**Important Details of Bid:**

| | |
|---|---|
| BID REFERENCE | 13/2024-25 |
| Name of Work | Supply and installation of Electronic Gadgets (Computer & Peripherals) and Buy Back of different old gadgets at Control and Command Centre, third floor, Sinchai Bhawan, WRD Patna. |
| Bid Processing Fee (Non-Refundable) Payment only online mode in favour of Beltron. | Rs. 590.00/ |
| Cost of Tender/Bid (Non-Refundable) Payment only online mode. | Rs. 10,000.00 to be paid through e-Payment mode (i.e. NEFT/RTGS, Net Banking, Credit/ Debit Card) only. |
| Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 1,08,000.00 to be paid either through online mode/B.G/ in favour of *Executive Engineer, Punpun Flood Protection Division, Anisabad, Patna.* |
| Date of Commencement of downloading and uploading of Bid Document (only on website *www.eproc2.bihar.gov.in*) | 22/08/2024 To 27 /08 /2024upto 15:00 Hrs (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| Place of Sale of Bids | *www.eproc2.bihar.gov.in* |
| Date and Time for Pre-Bid | 23/08/2024 at 15:30 Hrsat Office of Chief Engineer, Flood Control and Drainage, WRD, Anisabad, Patna. |
| Technical Bid Opening Date and Time | 27/ 08/2024 at 15:30 Hrs (www.eproc2.bihar.gov.in ) |
| Period of Bid validity | 120 days |
| Date and Time of Opening of Financial Bid of Bids. | *To Be Notified Later by competent authority after Administrative Approval.* |
| Address for communication | Office of Executive Engineer, Punpun Flood Protection Division, Water Resources Department, Jal Sansadhan Bhawan, Anisabad, Patna |

For Detail information visit website ***www.eproc2.bihar.gov.in***
*Note:-In the event of the specified date of opening of bids being declared a holiday for the purchaser, the bid shall be opened on the next working day at the same time and venue.*
For any further information, the undersigned may be contacted at 9308636962.

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

**Executive Engineer**
**Punpun Flood Protection Division**
**Anisabad, Patna**

PR- 006131 (WRD) 2024-25

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

## जो रूट तोड़ सकता है सचिन के सर्वाधिक टेस्ट रन का रिकार्ड - रिकी पोंटिंग



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट अभी भी रनों के भूखे है और वह सचिन तेंदुलकर के सर्वाधिक टेस्ट रन के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। आईसीसी रिव्यू कार्यक्रम में पोंटिंग ने कहा, 'रूट अभी 33 साल के हैं और सचिन से केवल 3000 रन पीछे हैं। अगर इंग्लैंड हर साल 10 से 14 टेस्ट मैच खेलता है और रूट हर साल 800 से 1000 रन बनते हैं तो तीन से चार साल में वह सचिन के रिकॉर्ड को तोड़ सकते हैं। 37 साल के उम्र तक ऐसा करना बिल्कुल संभव है।

उन्होंने कहा, 'अगर वह रन के भूखे हैं तो यह हरसंभव मौका है कि वह इस रिकॉर्ड को तोड़ दें। वह पिछले एक-दो सालों में और बेहतर बल्लेबाज बने हैं। लोग कहते हैं कि 30 के दशक में प्रवेश करते वक्त कोई भी बल्लेबाज अपने सर्वश्रेष्ठ पर होता है, रूट ऐसा ही कर रहे हैं। उनका कन्वर्जन रेट बहुत बेहतरीन है। उन्होंने कहा, 'चार या पांच साल पहले रूट ढेर सारे अर्धशतक लगा रहे थे, लेकिन उसे वह शतक में बहुत कम ही बदल पाते थे। लेकिन हालिया समय में यह ट्रेंड बदला है। अब वह लगभग हर अर्धशतक को बड़े शतक में बदल रहे हैं, जो कि उनके लिए एक बेहतर संकेत हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के दौरान रूट ने 12 हजार टेस्ट रन के रिकॉर्ड को छुआ था। उनके नाम वर्तमान में 143 टेस्ट मैचों में 50 की औसत और 32 शतकों के साथ 12,027 रन हैं। टेस्ट रन के मामले में रूट सातवें स्थान पर हैं और वह जल्द ही कुमार संगाकारा (12,400) और एलेस्टेयर कुक (12,472) का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। तेंदुलकर के नाम टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक 15921 रन हैं। पोंटिंग के नाम भी स्वयं 13,378 टेस्ट रन हैं और वह तेंदुलकर के बाद दूसरे स्थान पर हैं।

### 610 किलो से 63 किलो तक

## दुनिया के सबसे भारी आदमी ने ऐसे कम किया 542 किलो वजन





**सऊदी अरब (एजेंसी)।** हम अक्सर वजन घटाने की उल्लेखनीय स्टोरीज के बारे में सुनते या पढ़ते हैं। यह कहानी एक महत्वपूर्ण बदलाव का असाधारण उदाहरण है। खालिद बिन मोहसेन शारी, जो कभी दुनिया के सबसे भारी आदमी थे, ने सऊदी अरब के पूर्व राजा अब्दुल्ला के हस्तक्षेप से 542 किलोग्राम वजन कम करके एक उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। शारी तीन साल से अधिक समय से बिस्तर पर थे और उनका वजन 610 किलोग्राम था। उन्हें राजा के हस्तक्षेप के कारण बिना किसी खर्च के व्यापक चिकित्सा देखभाल मिली।

**खालिद बिन मोहसेन शारी की स्थिति ने सऊदी राजा का ध्यान खींचा** - 2013 में शारी की स्थिति ने राजा अब्दुल्ला का ध्यान खींचा, जिससे उन्हें एक व्यापक चिकित्सा योजना बनाने के लिए प्रेरित किया। इस योजना में शारी के मामले को संभालने के लिए समर्पित 30 चिकित्सा पेशेवरों की एक टीम शामिल थी। फोर्कलिफ्ट और विशेष रूप से डिजाइन किए गए बिस्तर का उपयोग करते हुए, शारी को जजान में उनके घर से रियाद में किंग फहद मेडिकल सिटी में पूर्ण उपचार के लिए ले जाया गया।

**खालिद बिन मोहसेन शारी की उल्लेखनीय वजन घटाने की यात्रा** - उनकी उपचार योजना में गैस्ट्रिक बाईपास सर्जरी, एक अनुकूलित आहार और कठोर व्यायाम व्यवस्था शामिल थी।

### हॉकी के दिग्गज श्रीजेश से संन्यास पर बोले पीएम मोदी

# टीम को आपकी कमी खलेगी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय हॉकी के दिग्गज पीआर श्रीजेश की प्रशंसा की और कहा, 'टीम को उनकी कमी खलेगी' क्योंकि इस अनुभवी गोलकीपर ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने के बाद अपने शानदार करियर को अलविदा कह दिया। प्रधानमंत्री ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने आवास पर भारतीय पेरिस ओलंपिक दल से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान खिलाड़ियों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। श्रीजेश ने कप्तान हरमनप्रीत सिंह के साथ मिलकर पीएम मोदी को अपनी मुलाकात के दौरान भारत की जर्सी और हॉकी भी भेंट की।

खिलाड़ियों से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने श्रीजेश के संन्यास के फैसले के बारे में पूछा, श्रीजेश, क्या आपने पहले ही संन्यास लेने का फैसला कर लिया है? श्रीजेश ने जवाब दिया, मैं पिछले कुछ सालों से संन्यास लेने के बारे में सोच रहा था। मेरे साथी अक्सर मजाकिया अंदाज में पूछते थे, आप कब जा रहे हैं? मैंने पहली बार 2002 में राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया और 2004 में जूनियर स्तर पर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेला। तब से मैं 20 वर्षों से अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, मुझे लगा कि ओलंपिक जैसे भव्य मंच पर संन्यास लेना, जहां पूरी दुनिया एक साथ आती है, मेरे करियर को समाप्त करने का सबसे सही तरीका होगा। प्रधानमंत्री ने जवाब दिया, टीम आपको याद करेगी, और उन्होंने आपको शानदार विदाई दी है। श्रीजेश ने आगे कहा, सेमीफाइनल हारने के बाद, टीम थोड़ी निराश थी। लेकिन जब हम आखिरी मैच के लिए मैदान पर उतरे, तो मेरे साथी एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाते रहे और कहते रहे, हमें श्रीजेश भाई के लिए यह जीतना है। मैंने उस ओलंपिक पोडियम से उनका धन्यवाद किया और हमारी जीत के बाद अपने संन्यास की घोषणा की।

पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम ने कई बार शानदार हॉकी खेली; ऐसे प्रदर्शन जिसने उन्हें ओलंपिक में 52 वर्षों के बाद पहली बार ऑस्ट्रेलिया को 3-2 से हरा दिया। क्वार्टर फाइनल में उन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन किया, ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ टीम के हर एक सदस्य ने एक अविश्वसनीय प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने 40 मिनट से अधिक समय तक एक खिलाड़ी के कम होने के बावजूद बचाव किया और पेनल्टी शूटआउट के लिए मजबूर किया और श्रीजेश की वीरता की बदौलत 4-2 से जीत हासिल की। ??

क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ टीम के प्रदर्शन पर विचार करते हुए 10 गोल के साथ भारत के शीर्ष स्कोरर कप्तान हरमनप्रीत ने कहा, पहले क्वार्टर के बाद यह कठिन था क्योंकि हमने एक खिलाड़ी खो दिया था, लेकिन हमारे कोचिंग स्टाफ ने अविश्वसनीय समर्थन दिया। ओलंपिक में कुछ भी हो सकता है, इसलिए हमने हर चुनौतीपूर्ण स्थिति की कल्पना की और चाहे कुछ भी हो, अपने गेम प्लान पर डटे रहे। टीम ऊर्जा से भरी हुई थी और किसी भी कीमत पर मैच जीतने के लिए दृढ़ थी। साथ ही 52 साल बाद ऑस्ट्रेलिया को हराना अपने आप में एक उपलब्धि और एक बड़ा रिकॉर्ड था।

पेरिस में कांस्य पदक जीतने के साथ भारतीय पुरुष टीम ने म्यूनिख में 1972 के ओलंपिक के बाद पहली बार हॉकी में बैक-टू-बैक पदक जीते और अपना 13वां समग्र ओलंपिक पदक हासिल किया।

### प्रधानमंत्री ने विनेश फोगट की ऐतिहासिक उपलब्धि को सराहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करने वाली और फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला पहलवान बनने वाली पहलवान विनेश फोगट की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय राजधानी में अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हाल ही में संपन्न पेरिस ओलंपिक के भारतीय एथलीटों और पदक विजेताओं से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। पेरिस ओलंपिक से भारतीय दल के साथ बातचीत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विनेश की उपलब्धि का उल्लेख किया और कहा, विनेश कुश्ती में फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय (महिला) बनीं, जो हम सभी के लिए बहुत गर्व की बात है। विनेश की ऐतिहासिक उपलब्धि उस समय धूमिल हो गई जब उन्हें फाइनल मैच की सुबह स्वीकार्य सीमा से कुछ ग्राम अधिक वजन होने के कारण पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 50 किलोग्राम स्वर्ण पदक बाउट से अयोग्य घोषित कर दिया गया।

## दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 के पहले मैच में खेलेंगे ऋषभ पंत



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** स्टार भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के पहले मैच में खेलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह बहुप्रतीक्षित फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट शनिवार, 17 अगस्त से शुरू होने वाला है। एक रिपोर्ट के अनुसार 26 वर्षीय पंत ने पहले मैच में खेलने की पुष्टि की है जिसमें उनकी टीम - पुरानी दिल्ली 6 का मुकाबला 17 अगस्त को अरुण जेटली स्टेडियम में आयुष बदोनी की कप्तानी वाली साउथ दिल्ली सुपरस्टार से होगा। पंत के करीबी एक सूत्र के हवाले से कहा गया, ऋषभ ने डीपीएलटी20 का पहला मैच खेलने के लिए सहमति जताई है, क्योंकि वह इस पहल का हिस्सा बनना चाहते हैं, जो दिल्ली में युवाओं को एक बेहतरीन मंच प्रदान करने की संभावना है। वह अपने करियर में दिल्ली क्रिकेट द्वारा निभाई गई भूमिका को स्वीकार करते हैं। हालांकि, उनके लिए खुद का ख्याल रखना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आने वाला टेस्ट सीजन लंबा है। देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए बेहतरीन फॉर्म में रहना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वह डीपीएल के पहले मैच के बाद लाल गेंद की ट्रेनिंग में वापस आ जाएंगे और सितंबर के पहले सप्ताह में दलीप ट्रॉफी से शुरू होने वाले लंबे प्रारूप के सीजन की तैयारी शुरू कर देंगे। डीडीसीए और पुरानी दिल्ली 6 प्रबंधन ऋषभ के इस कदम की सराहना करते हैं और उनकी प्रतिबद्धताओं का भी सम्मान करते हैं। डीपीएल 2024 में कुल 40 मैच होंगी जिसमें पुरुषों के टूर्नामेंट में 33 और महिलाओं के 7 मैच शामिल हैं। पुरुषों के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने वाली छह टीमें पुरानी दिल्ली 6, सेंट्रल दिल्ली किंग्स, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, वेस्ट दिल्ली लायंस और ईस्ट दिल्ली राइडर्स हैं। सभी मैच अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे और फाइनल मुकाबला 8 सितंबर को खेला जाएगा। पंत के साथ दिल्ली कैपिटल्स के साथी इशांत शर्मा और ललित यादव होंगे। इस बीच बदोनी की साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स में शुभम दुबे और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी भी हैं जिन्होंने हाल ही में आईपीएल में खेला है। डीपीएल में खेलने के बाद पंत 5 सितंबर से शुरू होने वाली दुलीप ट्रॉफी में अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली इंडिया बी टीम में शामिल होंगे।

## रोहित और विराट दलीप ट्रॉफी में क्यों नहीं खेल रहे, बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा

### अनुभवी जोड़ी के लिए घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेना आवश्यक नहीं समझता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीसीसीआई सचिव जय शाह ने हाल ही में आगामी दलीप ट्रॉफी में वरिष्ठ भारतीय क्रिकेटरों रोहित शर्मा और विराट कोहली की संभावित भागीदारी के बारे में अटकलों को संबोधित किया। शाह ने स्पष्ट किया कि बोर्ड इस अनुभवी जोड़ी के लिए घरेलू टूर्नामेंट में भाग लेना आवश्यक नहीं समझता। उभरते खिलाड़ियों के लिए एक मंच के रूप में दलीप ट्रॉफी के महत्व को स्वीकार करते हुए शाह ने शर्मा और कोहली जैसे स्थापित खिलाड़ियों के लिए कार्यभार प्रबंधन को प्राथमिकता देने के महत्व पर जोर दिया।



शाह ने कहा, हमें रोहित और विराट जैसे खिलाड़ियों पर दलीप ट्रॉफी में खेलने का आग्रह नहीं करना चाहिए। वे चोटिल होने का जोखिम उठाएंगे। यदि आपने देखा होगा, तो ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में हर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेलता है। हमें खिलाड़ियों के साथ सम्मान से पेश आना होगा।

शाह का बयान बीसीसीआई द्वारा प्रमुख खिलाड़ियों की दीर्घकालिक फिटनेस और उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण का सुझाव देता है। दलीप ट्रॉफी में भाग लेना, मैच अभ्यास के लिए फायदेमंद होने के साथ-साथ थकान और चोट के जोखिम को बढ़ा सकता है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो पहले से ही सभी प्रारूपों में भारत की योजनाओं का अभिन्न अंग हैं।

बीसीसीआई का यह निर्णय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में व्यापक प्रवृत्ति को दर्शाता है, जहां बोर्ड अपने वरिष्ठ खिलाड़ियों के कार्यभार के प्रबंधन के बारे में तेजी से सतर्क हो रहे हैं।

### साउथ अफ्रीका-वेस्टइंडीज टेस्ट

# दक्षिण अफ्रीका 160 रन पर ढेर, शमर जोसेफ के 5 विकेट

**गुआना (एजेंसी)।** गुआना के मैदान पर विंडीज तेज गेंदबाज शमर जोसेफ ने पांच विकेट लेकर साऊथ अफ्रीका को दूसरे टेस्ट के पहले ही दिन 160 पर ढेर कर दिया। प्रोविडेंस स्टेडियम में चल रही तेज हवाओं के बीच शमर के अलावा जेडन सील्स की गेंदें दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों पर कहर बनकर टूट पड़ी। अफ्रीका के लिए ट्रिस्टन स्टंब्स, डेविड, काइल और डेन ही 20 से ज्यादा रन बना पाए। शमर जोसेफ ने महज 33 रन देकर 5 विकेट लीं।

### दक्षिण अफ्रीका - 160 (54 ओवर)

दक्षिण अफ्रीका की ओर से ऐडन मार्करम और टोनी ने ओपनिंग की। लेकिन चौथे ही ओवर में जेडन सील्स ने टोनी को बोल्ड कर दिया। 11वें ओवर में ऐडन भी 14 रन बनाकर शमर की गेंद पर बोल्ड हो गए। कप्तान बावुमा 0 पर आऊट हो गए। इस दौरान ट्रिस्टन स्टंब्स 26, डेविड 28, काइल 21 रन ही बना पाए। वियान मुल्डर 0, केशव महाराज 0, कागिसो रबाडा 0 पर आऊट हो गई। अंत में डेन पीड्ट ने 38 तो नार्दे बर्गर ने 23 रन बनाकर स्कोर 160 तक पहुंचा दिया। शमर जोसेफ ने महज 33 रन देकर 5 विकेट लीं जबकि जेडन सील्स ने 3 विकेट लीं।



### कभी सुरक्षा गार्ड था शमर जोसेफ

विंडीज तेज गेंदबाज शमर जोसेफ गुयाना के रहने वाले हैं। उन्होंने गुयाना के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला। उन्होंने जनवरी 2024 में एडिलेड ओवल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेस्टइंडीज के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। अपने पेशेवर क्रिकेट करियर से पहले, उन्होंने एक सुरक्षा गार्ड के रूप में काम किया। वह ऐसे गांव में पला पढ़ा जहां पर इंटरनेट सुविधा या टेलीफोन कनेक्शन नहीं थे। जोसेफ ने अपने टेस्ट करियर की पहली गेंद पर एक विकेट भी लिया जब उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को 12 रन पर आउट कर दिया।

### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**वेस्टइंडीज** - क्रैग ब्रैथवेट (कप्तान), मिकाइल लुइस, कीसी कार्टी, एलिक अथानाजे, केवम हॉज, जेसन होल्डर, जोशुआ दा सिल्वा (विकेटकीपर), गुडाकेश मोती, जोमेल वारिकन, शमर जोसेफ, जेडन सील्स

**दक्षिण अफ्रीका** - एडेन मार्करम, टोनी डी ज़ोरज़ी, ट्रिस्टन स्टब्स, टेम्बा बावुमा (कप्तान), डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेटकीपर), वियान मुल्डर, केशव महाराज, डेन पिड्ट, कैगिसो रबाडा, नंद्रे बर्गर

## विनेश फोगट ने ओलंपिक पदक के लिए आवेदन खारिज होने के बाद

### सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट की

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस में महिलाओं के 50 किलोग्राम फ्रीस्टाइल कुश्ती के फाइनल से अयोग्य ठहराए जाने के बाद ओलंपिक रजत पदक के लिए उनके आवेदन को खारिज किए जाने की घोषणा के बाद पूर्व भारतीय पहलवान विनेश फोगट ने सोशल मीडिया पर एक रहस्यमय पोस्ट किया।

बुधवार को कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट ने एक बयान जारी कर पुष्टि की कि विनेश फोगट द्वारा 7 अगस्त को दायर किया गया आवेदन खारिज कर दिया गया है। इस बयान के जारी होने के बाद विनेश ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जिसमें वह एक चटाई पर लेटी हुई हैं और अपने हाथों से अपनी आंखें ढंकी हुई हैं, मानो वह परेशानी की भावना व्यक्त कर रही हों।

भारतीय ओलंपिक संघ के अनुसार फैसला मूल रूप से मंगलवार, 13 अगस्त को रात 9-30 बजे के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन इसे 16 अगस्त तक के लिए टाल दिया गया। हालांकि, बुधवार को फैसला सुनाया गया। भारतीय पहलवान की याचिका खारिज होने के बाद आईओए आगे के कानूनी विकल्प तलाश रहा है। फैसले के बाद आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट में एकमात्र मध्यस्थ के फैसले पर अपना आश्चर्य और निराशा व्यक्त की, जिसमें पहलवान विनेश फोगट की यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग और अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के खिलाफ याचिका को खारिज कर दिया गया। आईओए ने अपने बयान में कहा, सीएएस के आदेश के बाद आईओए फोगाट के पूर्ण समर्थन में खड़ा है और आगे के कानूनी विकल्पों की तलाश कर रहा है। आईओए ने अपने बयान में आगे कहा कि वह यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि विनेश के मामले की सुनवाई हो। वह खेलों में न्याय और निष्पक्षता की वकालत करना जारी रखेगा, यह सुनिश्चित करते हुए कि एथलीटों और खेल जगत में हर किसी के अधिकार और सम्मान को हर समय बरकरार रखा जाए। हम अपने हितधारकों, एथलीटों और जनता के निरंतर समर्थन और समझ की सराहना करते हैं।

# एसए-20 के तीसरे सत्र के लिए एक अक्टूबर को होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**डरबन (एजेंसी)।** एसए20 लीग के तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी एक अक्टूबर को होगी जिसमें 13 खिलाड़ी चुने जाएंगे। लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने यह जानकारी दी। एसए20 का अगला सत्र 9 जनवरी से 8 फरवरी 2025 के बीच खेला जाएगा। सत्र से पहले रिटेंशन (खिलाड़ियों को बरकरार रखना) और पहले ही करार करने की विंडो खत्म होने के बाद टीमों को 13 और खिलाड़ियों को चुनने का मौका मिलेगा।

भारत के रिटायर्ड विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक हाल ही में पार्ल रॉयल्स से जुड़े हैं जो इस लीग में खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। इसके अलावा हर टीम को तीसरे सत्र के लिए नया खिलाड़ी चुनना होगा जबकि तीन टीमों को 30 दिसंबर से पहले वाइल्ड कार्ड की घोषणा करनी है।

कार्तिक के अलावा बेन स्टोक्स, केन विलियमसन, जो रूट, ट्रेंट बोल्ट, जॉनी बेयरस्टो, डेवोन कोंवे, जाक क्राउली, राशिद खान और रहमानुल्लाह गुरबाज जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे भी इसमें भाग लेंगे। स्मिथ ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'स्थानीय सितारों एडेन माक्ररम, कैगिसो रबाडा और हेनरिच क्लासेन के साथ अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों के आने से यह बेहतरीन सत्र होने वाला है। हमें टीमों द्वारा बरकरार रखे गए सभी घरेलू क्रिकेटरों पर गर्व है।

### नीलामी से पहले टीमें




**डरबन सुपर जाइंट्स** - ब्रेंडन किंग, क्विंटोन डिकॉक, नवीनुल हक, केन विलियमसन, क्रिस वोक्स, प्रेनेलान सुब्रायेन, ड्वेन प्रिटोरियस, केशव महाराज , नूर अहमद, हेनरिच क्लासेन, जोन जोन स्मट्स, वियान मूल्डर, जूनियर डाला, ब्रायन पर्संस, मैथ्यू ब्रीज्के, जैसन स्मिथ, मार्कस स्टोइनिस।

**जोबर्ग सुपर किंग्स** - फाफ डु प्लेसी, मोईन अली, जॉनी बेयरस्टो, महीष तीक्षणा, डेवोन कोंवे, गेराल्ड कोएत्जी, डेविड वीसे, लियूस डु प्लोय, लिजाड विलियम्स, नांद्रे बर्गर, डोनावोन फरेरा, इमरान ताहिर, सिबोनेलो मखांया, तबरेज शम्सी।

**एमआई केपटाउन** - राशिद खान , बेन स्टोक्स, कैगिसो रबाडा, ट्रेंट बोल्ट, अजमतुल्लाह उमरजई, डेवाल्ड ब्रेविस, रियान रिकेलटन, जॉर्ज लिंडे , नुवान तुषारा, कोनोर ईस्टरहुइजेन, डेलानो पी, रासी वान डेर डुसेन, थॉमस काबेर, क्रिस बेंजामिन।

**प्रिटोरिया कैपिटल्स**-- एनरिच नॉर्किया, जिम्मी नीशाम, विल जैक्स, रहमानुल्लाह गुरबाज, विल स्मीड, मिगेल प्रिटोरियस, रिली रोसोयू, ईथान बॉश, वेन परनेल, सेनुरान मुथुसामी, काइल वेरेने, डेरिन डुपाविलोन, स्टीव स्टोक, टियान वान वुरेन।

**पार्ल रॉयल्स** - डेविड मिलर, मुजीबुर रहमान, सैम हैन, जो रूट, दिनेश कार्तिक, क्वेना माफाका, लुआन ड्रे प्रिटोरियस, ब्योर्न फोर्टुन, लुइंग एंगिडि, मिचेल वान बूरेन, कीथ डजोन, एनकाबा पीटर, एंडिले फेलिकुवायो, कोडी युसूफ, जॉन टर्नर, डी गालियेम, जैकब बेथेल।

**सनराइजर्स ईस्टर्न केप** - एडेन माक्ररम, जाक क्राउली, रोल्ड वान डेर मर्वे, लियाम डॉसन, ओटनील बार्टमैन, मार्को जेनसन, बेयर्स स्वानपोएल, कालेब सेलेका, ट्रिस्टन स्टब्स, जोर्डन हर्मान, पैट्रिक क्रूगर, क्रेग ओवर्टन, टॉम एबेल, सिमोन हार्मर, एंडिले सिमेलेन, डेविड बेडिंघम।

